**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 24.7 | 10.5 |
| जमशेदपुर | 22.5 | 11.0 |
| डालटनगंज | 21.8 | 10.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *


- साल 2019 में पंचम झारखंड विधानसभा का चुनाव पांच चरण में हुआ था
- पंचम झारखंड विधानसभा की पहली बैठक 6 जनवरी 2020 को हुई थी. लिहाजा, वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 तक है.




www.lagatar.in

बुधवार, 03 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 256

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


## राजनीति : बढ़ती जा रही झारखंड की सियासी तपिश

# आज विधायक दल की बैठक ईडी के एक्शन पर टिकी निगाहें

**रवि भारती/प्रवीण कुमार/ विनीत आभा उपाध्याय। रांची।** झारखंड में सियासी तपिश बढ़ती ही जा रही है. अब सभी की निगाहें बुधवार को होने वाली सत्ता दल के विधायकों की बैठक और ईडी के एक्शन पर टिकी हुई हैं. बुधवार को सत्तारूढ़ दल के विधायकों की बैठक 4.30 बजे से सीएम आवास में होगी. बैठक में विधायकों से वर्तमान राजनीतिक हालत पर राय ली जाएगी. इसके बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी. इस बीच, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि राज्य की कानून व्यवस्था खराब है. इस पर उनकी नजर है.

### हेमंत ने की शिबू से मुलाकात



सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से भेंट की. सीएम लगभग 30 मिनट तक झामुमो सुप्रीमो के आवास पर रुके. जानकारी के अनुसार सीएम ने शिबू सोरेन से राज्य में जारी सियासत, ईडी प्रकरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की. साथ ही सत्तारूढ़ दल के विधायकों की होने वाली बैठक से भी झामुमो सुप्रीमो को अवगत कराया.

### सीएम ने ली कानूनी सलाह

सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कानूनी सलाह भी है. महाधिवक्ता राजीव रंजन और सीएम के सचिव विनय चौबे सीएम आवास पहुंचे थे. बताते चलें कि एक दिन पहले झामुमो विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार किया गया. गांडेय विधायक के इस्तीफा के बाद से झारखंड का सियासी पारा चढ़ता ही जा रहा है. सत्ता के गलियारों में सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा जोरों पर है. कयास यह भी लगाया जा रहा है कि झारखंड की राजनीति में बड़ा बदलाव हो सकता है.

### सीएम का ईडी को पत्र : आरोप बताएं, सहयोग के लिए तैयार



इस बीच, मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे सीएम सचिवालय का एक कर्मी पत्र लेकर ईडी के दफ्तर पहुंचा. सीएम सचिवालय से आए कर्मी ने ईडी को पत्र सौंप दिया. जानकारी के मुताबिक सीएम की तरफ से इस बार ईडी को जो पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि वह एजेंसी के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं, लेकिन पहले उन्हें यह बताया जाए कि आखिर एजेंसी उन्हें किसलिए बुला रही है. वही उन्होंने यह भी कहा है कि समन की जानकारी उनसे पहले मीडिया तक पहुंचाई जाती है, जिसकी वजह से उन्हें मीडिया ट्रायल का सामना करना पड़ रहा है. ईडी उन्हें बार-बार समन कर रही है, जबकि उन्होंने सभी मामलों में अपना पक्ष स्पष्ट रूप से पहले ही रख दिया है. इसके साथ ही उन्होंने अपने पत्र में एक बार फिर यह लिखा है कि एजेंसी का समन राजनीति से प्रेरित है और बार बार समन भेज कर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है. सीएम ने अपने पत्र में एजेंसी से यह आग्रह किया है कि ईडी की तरफ से उनके खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई न की जाए. सीएम सचिवालय से जो कर्मचारी पत्र लेकर ईडी के दफ्तर पहुंचा था, उसका नाम सूरज कुमार है.

### मेरी पत्नी के चुनाव लड़ने की खबर गलत : हेमंत

सीएम हेमंत सोरेन ने गांडेय सीट से पत्नी कल्पना सोरेन के चुनाव लड़ने के कयासों को खारिज करते हुए इसे भाजपा की दिमागी उपज करार दिया है. कहा कि इन कयासों में कोई सच्चाई नहीं है. मेरी पत्नी के निकट भविष्य में चुनाव लड़ने की संभावना पूरी तरह से भाजपा की दिमागी उपज है...उन्हें सत्ता सौंपने के कयास भाजपा द्वारा गलत विमर्श पेश करने के लिए गढ़ा गया है.



जिन्होंने कुछ गलत किया है, उन्हें परिणाम भुगतना ही होगा. राज्य की कानून-व्यवस्था पर राजभवन की नजर है. कानून व्यवस्था दुर्भाग्य से बिगड़ रही है. यह बहुत दर्दनाक है. मैं तमिलनाडु के लिए रवाना हो रहा हूं 8 जनवरी तक वापस रांची लौटूंगा.

**-सीपी राधाकृष्णन,** राज्यपाल, झारखंड

## सरकार के खिलाफ विपक्ष हमलावर

### कल्पना के विधायक बनने में है कानूनी अड़चन



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर से सीएम हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है. कहा है कि कल्पना सोरेन के विधायक बनने में कानूनी अड़चन है. वे मंगलवार को दुमका परिसदन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. कहा कि कल्पना सोरेन को हेमंत सीएम बनाना चाहते हैं, तो वह बड़ी गलती करेंगे. अगर ऐसा कोई प्रस्ताव आता है, तो भाजपा राज्यपाल से मिल कर यह मांग करेगी कि इस मसले पर कानूनी सलाह लेकर ही कोई कदम उठाया जाए. उन्होंने महाराष्ट्र हाईकोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि जिस राज्य में विस के चुनाव होने में एक साल का समय बाकी हो, और कोई भी सीट खाली होती है, तो वहां चुनाव नहीं हो सकता. सीएम को यह आभास है कि वह जेल जाने वाले हैं, इसलिए वे इस तरह के कदम उठा रहे हैं.

### कल्पना को विधायक दल का नेता बनाने वाला पत्र देने की तैयारी



गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे खुलासे पर खुलासे करते जा रहे हैं. उनके नए ट्वीट ने एक बार फिर से सियासी गलियारों में सनसनी फैला दी है. उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी परेशान,उनके सचिव चौबे जी से लेकर महाधिवक्ता मिश्रा जी गांडेय उप चुनाव कराने के लिए परेशान, विधायक दल की बैठक कल, राज्यपाल के पास अपना इस्तीफा व कल्पना सोरेन जी को विधायक दल का नेता बनाने वाला पत्र राज्यपाल महोदय को एक साथ देने की तैयारी. झारखंड के राज्यपाल से विनम्र निवेदन है कि कानूनी सलाह के बाद ही निर्णय लें.

### जब बदलाव की बात होगी, तब बात रखेंगे




कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब बदलाव की बात होगी, तब वो अपनी बात रखेंगे. कहा कि बदलाव की बात होने पर वो बताएंगे कि क्या और कैसे करना है. कहा कि नेतृत्व को जो भी फीडबैक देना होगा, वो देंगे. नेतृत्व जो निर्णय लेगा, उससे अवगत कराया जाएगा. इसके बाद गठबंधन में सारी चीजें तय होंगी. अभी ऐसी कोई जानकारी नहीं है.

### कोई भी एजेंसी लगा लो कोई फर्क नहीं पड़ेगा



कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि मोदी सरकार कोई भी एजेंसी लगा ले, झारखंड में इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा. चुनाव नजदीक आते हैं, तो ईडी, सीबीआइ और न जाने कौन-कौन सी एजेंसी को लगा कर स्थिर सरकार को डराने का काम किया जाता है. झारखंड में बहादुर लोग हैं, वे इसे फेस करना जानते हैं. यहां की सरकार स्थिर है, चिंता न करें.

### क्या कहते हैं कानून के जानकार

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 153 का हवाला देते हुए कानून के जानकारों का कहना है कि चुनाव परिणाम या सरकार के गठन की तारीख सदन के कार्यकाल के लिए मायने नहीं रखती. जिस दिन पंचम झारखंड विधानसभा की पहली बैठक हुई है, उसी तारीख से एक साल की अवधि काउंट होती है. अगर पंचम झारखंड विधानसभा की पहली बैठक 6 जनवरी 2020 को हुई है, तो उस तारीख से पहले खाली हुई विधानसभा सीट पर छह माह के भीतर चुनाव आयोग को उपचुनाव कराना होगा. विधानसभा सूत्रों से भी मिली जानकारी के मुताबिक पंचम झारखंड विधानसभा का गठन 6 जनवरी 2020 को हुआ था. तीन दिन का यह प्रथम सत्र 8 जनवरी तक चला था. जबकि गांडेय विधानसभा सीट 31 दिसंबर को खाली हुई है. ऐसे में वहां जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के मुताबिक उपचुनाव हो सकता है.

### निशिकांत दुबे और बाबूलाल का क्या है दावा

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा था कि झारखंड विधानसभा का गठन 27 दिसंबर 2019 को हुआ था. जबकि सरफराज अहमद ने 31 दिसंबर को इस्तीफा दिया था. ऐसे में एक साल से कम समय में उपचुनाव नहीं हो सकता है. इसी बात को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 2 जनवरी को दुमका में कहा कि अगर सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, तो वे बड़ी गलती करेंगे. ऐसा संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि उनके विधायक बनने में कानूनी अड़चन है और इसे रोकने के लिए भाजपा राज्यपाल से मिलकर मांग करेगी कि अगर कल्पना सोरेन के नाम का प्रस्ताव आता है तो अटार्नी जनरल या विधि विशेषज्ञ से राय लेने के बाद ही कोई कदम उठाएं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### भारत समेत 5 देश ब्रिक्स के पूर्ण सदस्य बने

**नयी दिल्ली।** भारत, रूस और चीन सहित शीर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स समूह ने वैश्विक मामलों में पश्चिमी प्रभुत्व की पृष्ठभूमि में अपनी रणनीतिक शक्ति बढ़ाने के प्रयास के तहत इसमें पांच पूर्ण सदस्यों को शामिल करने की घोषणा की है.

#### ईडी ने आप विधायक के घर फिर छापे मारे

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के लिए कर्मचारियों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के राष्ट्रीय राजधानी में स्थित करीब चार से पांच परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली.

#### धर्मनिरपेक्षता की कोई कीमत नहीं रह गई

**तिरुवनंतपुरम।** धर्मनिरपेक्षता को भारत के लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया कि अब जो लोग सत्ता में बैठे हैं उनके लिए धर्मनिरपेक्ष शब्द की कोई कीमत नहीं रह गयी है, जिसस समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है.

#### जापान के भूकंप में अब तक 48 की मौत

**वाजिमा।** पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप के झटकों से मरने वाले लोगों की संख्या 48 हो गई है और कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं. भूकंप के खतरे को देखते हुए चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा गया है.

# राज्य भर में चक्का जाम से यात्री रहे परेशान

**तरुण कमार चौबे।रांची**

हिट एंड रन कानून के विरोध में दो दिन से चल रही ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल मंगलवार देर शाम सरकार के साथ हुई बातचीत के बाद वापस हो गई है. इससे पूर्व नए परिवहन कानून को लेकर झारखंड ही नहीं देश भर में विरोध हो रहा था. वाहन चालक और ट्रांसपोर्टर हड़ताल पर चले गए थे. झारखंड में वाहनों के पहिए थम गए थे. मालवाहक वाहन चालकों की हड़ताल के कारण खाद्यान्न की ढुलाई ठप हो गयी , वहीं यात्री बसों सहित अन्य वाहनों का परिचालन भी ठप हो गया , जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा .

राजधानी रांची सहित राज्य भर के जिलों में यात्री बसों व छोटे वाहनों का परिचालन बंद होने के कारण यात्रियों को भटकना पड़ा. बस स्टैंडों पर वीरानी छायी रही है. बसें तो स्टैंड में खड़ी थीं, लेकिन चालक आराम फरमा रहे तो, स्टैंड पहुंचे यात्री परेशान हो भटकते रहे. यात्री बसों का परिचालन बंद रहने से यात्रियों ने गंतव्य तक जाने के लिए ट्रेनों का सहारा लिया, जिससे स्टेशनों पर भीड़ रही. लोहरदगा, धनबाद, चाईबासा, हजारीबाग, चतरा, लातेहार, बोकारो, कोल्हान में भी खनिजों की ढुलाई प्रभावित रही. झारखंड में भी चालकों ने प्रदर्शन किया.

### सरकार और ट्रांसपोर्टरों में सुलह, हड़ताल वापस



**10 हजार हाइवा, ट्रक व 6 हजार बसों के पहिए थमे :** राज्य में 10 हजार हाइवा और छह हजार बसों के पहिए थम गए हैं. यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस कानून में सड़क दुर्घटना में मौत होने पर चालक को 10 वर्ष की सजा का प्रावधान है, जिससे देश भर के चालक गुस्से में हैं. चालकों की हड़ताल का असर राज्य के खनन उद्योग पर भी पड़ा है. लोहरदगा मोटर वर्कर्स यूनियन के बैनर तले बॉक्साइट मजदूर व चालक सह चालक हड़ताल पर चले गए, जिससे ढुलाई प्रभावित हुई है. -शेष पेज 13 पर

### क्या कहते हैं पदधारी

- झारखंड ट्रक ऑनर्स एसो. के अध्यक्ष ललित ओझा ने कहा कि बंद समस्या का समाधान नहीं है. स्ट्राइक से बचना चाहिए. यह कानून आया नहीं है, प्रस्तावित है. हिट एंड रन का कानून पूर्व से ही चल रहा है. किसी भी स्थिति में ड्राइवर बंधुओं के साथ अन्याय होने नहीं दिया जाएगा.
- रांची बस ऑनर एसो.के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने कहा, प्रस्तावित कानून सभी चालकों पर लागू होगा. केंद्र से वार्ता चल रही हैं, ऐसे में वाहनों का परिचालन बंद नहीं करना चाहिए. विरोध बिना सोचे- समझे हो रहा है. हिट एंड रन पर सरकार का स्पष्टीकरण आ गया है.
- ड्राइवर यूनियन के अध्यक्ष राणा बजरंगी सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन द्वारा हडताल नहीं की गयी है. यह वास्तविकता है कि जब से बिल आया है, तब से भय का माहौल बन गया है. उन्होंने सभी संगठनों से आग्रह किया कि ड्राइवरों के बीच की शंका को दूर करें.

# इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार!

### सीटों का खाका तैयार, खड़गे को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, झारखंड में कांग्रेस 7, झामुमो 4 और राजद, जदयू व लेफ्ट 1-1 सीट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले एकजुट हुए इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग की संभावित तस्वीर सामने आ गई है. सूत्रों ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस 320 से 330 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं. इनमें करीब 250 सीटें ऐसे राज्यों में हैं, जहां कांग्रेस अकेले लड़ सकती है. जबकि करीब 75 सीटें उन 9 राज्यों में हैं, जहां कांग्रेस सहयोगियों के साथ गठबंधन में है. सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की गठबंधन कमेटी सीटों के संबंध में अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप सकती है. प्रदेश इकाइयों से चर्चा कर चुकी कांग्रेस की राष्ट्रीय गठबंधन कमेटी बुधवार को पार्टी अध्यक्ष खरगे को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी. इसके बाद कांग्रेस नेतृत्व सीट बंटवारे पर सहयोगी दलों से बात करेगा.

कांग्रेस जिन 9 राज्यों में सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारा करेगी उनमें दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, बंगाल, महाराष्ट्र, केरल , तमिलनाडु और जम्मू कश्मीर शामिल हैं. सूत्रों ने बताया कि पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की संभावना बेहद कम है. बता दें कि इंडिया गठबंधन की अब तक पटना, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली में चार बैठकें हो चुकी है. इस गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीटों का बंटवारा और चेहरा तय करना है. सूत्रों का कहना है कि जनवरी के आखिर तक सीट शेयरिंग पर अंतिम मुहर लग सकती है. क्षेत्रीय दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं. वहीं कांग्रेस ने अपनी तरफ से एक फॉर्मूला तैयार किया है. ये आने वाले दिनों में पता चलेगा कि इसपर आम सहमति बनती है या नहीं.

### संभावित तस्वीर

**राज्य, सीटें और पार्टी की दावेदारी**

- आंध्र प्रदेश 25 : कांग्रेस 25
- अरुणाचल प्रदेश 2 : कांग्रेस 2
- असम 14 : कांग्रेस 14
- बिहार 40 : कांग्रेस 4, लेफ्ट 2, राजद 17, जदयू 17
- छत्तीसगढ़ 11 : कांग्रेस 11
- गोवा 2 : कांग्रेस 2
- गुजरात 26 : कांग्रेस 26
- हरियाणा 10 : कांग्रेस 10
- हिमाचल प्रदेश 4 : कांग्रेस 4
- झारखंड 14 : कांग्रेस 7 , जेएमएम 4, राजद, जदयू, लेफ्ट 3
- कर्नाटक 28 : कांग्रेस 28
- केरल 20 : कांग्रेस 16, स्थानीय दल 4
- मध्य प्रदेश 29 : कांग्रेस 29
- महाराष्ट्र 48 : कांग्रेस 18, शिवसेना 15, एनसीपी 15
- मणिपुर 2: कांग्रेस 2
- मेघालय 2 : कांग्रेस 2
- मिजोरम 1 : कांग्रेस 1
- नागालैंड 1: कांग्रेस 1
- ओडिशा 21 : कांग्रेस 21
- पंजाब 13 : कांग्रेस 13
- राजस्थान 25 : कांग्रेस 25
- सिक्किम 1 : कांग्रेस 1
- तमिलनाडु 39 : कांग्रेस 9, डीएमके 24, लेफ्ट 4, स्थानीय दल 2
- तेलंगाना 17 : कांग्रेस 17
- त्रिपुरा 2 : कांग्रेस 2
- यूपी 80 : कांग्रेस 10, सपा 65, स्थानीय दल 5
- उत्तराखंड 5 : कांग्रेस 5
- पश्चिम बंगाल 42 : कांग्रेस 4, टीएमसी 38
- जम्मू कश्मीर 5 : कांग्रेस 2, एनसी 2, पीडीपी 1
- लद्दाख 1 : कांग्रेस 1
- दिल्ली 7 : कांग्रेस 3, आप 4
- चंडीगढ़ 1 : कांग्रेस 1
- अंडमान 1, दादरा नगर हवेली 1, दमन दीव 1, लक्षद्वीप 1 , पुडुचेरी 1 ( कुल 5 ) : कांग्रेस 4, एनसीपी 1

# जदयू में एकजुटता सबसे बड़ी चुनौती

### जीत की जुगत में जुटे नीतीश कुमार, सांसदों को सता रहा है टिकट कटने का भय

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

**प्रसंगवश**

जदयू के तीसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती पार्टी में एकजुटता को बरकरार रखना है. हालांकि जदयू के कई सांसद अपनी सीट के छीन जाने से भयाक्रांत हो भाजपा के इर्द- गिर्द मंडराने लगे हैं. राजद के प्रभाव वाले कई संसदीय क्षेत्र हैं, जहां से जदयू के एमपी हैं. बीते चुनाव में दूसरे स्थान पर रहने वाला राजद इस बार किसी भी सूरत में सीट शेयरिंग में उन क्षेत्रों को नहीं छोड़ना चाहेगा. भला कांग्रेस कब चुप रहने वाली है. वह भी दावा ठोकेगी ही.



तीसरी बार जदयू के अध्यक्ष पद पर नीतीश कुमार के आसीन होने पर राजनीतिक गलियारों में अलग-अलग तरह से व्याख्या की जा रही है. ऐसा माना जा रहा है, नीतीश की बड़ी चुनौती दूसरे प्रदेशों में नहीं, बल्कि सबसे अधिक बिहार में है. एक समय जदयू बिहार की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी. लेकिन, आज तीसरे नंबर की पार्टी है. जदयू का वोट बैंक लगातार सिकुड़ता जा रहा है. 2010 विधानसभा चुनाव में जदयू की 115 और 2015 में 71 सीटें थीं, जो 2020 में घट कर मात्र 43 रह गयीं और वह प्रदेश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गयी. ऐसे में नीतीश के अध्यक्ष बन जाने से पार्टी को कितना लाभ हुआ, इसका विश्लेषण लोकसभा चुनाव 2024 और 2025 में होनेवाले विधानसभा चुनाव में मिली सीटों के आधार पर ही होगा. वर्तमान स्थिति में लोकसभा की 40 सीटों में भाजपा 17, जदयू 16, लोजपा 6 और कांग्रेस 1 सीट पर काबिज है. ऐसी स्थिति में राजद अपनी ताकत बनानी चाहेगा. स्वभाविक है कि जदयू के कुछ सिटिंग मेंबरों का पत्ता साफ होगा. केंद्र की इच्छा के अनुरूप नीतीश कुमार भी लोकसभा व विधान सभा का चुनाव एक साथ करने के पक्ष में राय दे चुके हैं. इसलिए नीतीश कुमार की पहली चुनौती महागठबंधन के घटक दलों के बीच होनेवाली सीट शेयरिंग में जदयू को अधिकतम सीटें दिलवाना और उन सीटों पर जीत सुनिश्चित करवाना होगा. हालांकि जदयू को पुनः पहले की स्थिति में लाना इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि नीतीश कुमार के बेस वोट बैंक रहे पिछड़ा और अतिपिछड़ा में भी भाजपा कमोबेश सेंधमारी कर चुकी है. कुर्मी और कुशवाहा नीतीश कुमार के बड़े वोट बैंक रहे हैं, लेकिन वर्तमान समय में कुर्मी तो नीतीश कुमार के साथ है, लेकिन 60 प्रतिशत से अधिक कुशवाहा उपेंद्र कुशवाहा व सम्राट चौधरी के साथ अब शिफ्ट हो चुका है. दूसरी तरफ, आरसीपी सिंह के भाजपा में शामिल होने से नालंदा के कुर्मी वोटरों पर भी अंततः प्रभाव पड़ सकता है. -शेष पेज 13 पर

### झारखंड में होमगार्ड में बहाली कराने वाला सिंडिकेट सक्रिय, रांची-धनबाद में मामले सामने आए

# फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र बनाकर होमगार्ड में हो रही बहाली

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड में होमगार्ड में बहाली कराने वाले सिंडिकेट सक्रिय हैं. झारखंड का स्थानीय निवासी नहीं होने के बावजूद फर्जी कागजात के आधार पर आवासीय प्रमाण पत्र बनाकर लोगों को होमगार्ड में बहाल कराया जा रहा है. रांची और धनबाद जिला के होमगार्ड बहाली में ऐसा ही मामला देखने को मिला है. गौरतलब है कि धनबाद जिला में होमगार्ड बहाली के लिए वर्ष 2017 में विज्ञापन निकला था. इस बहाली में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर सरकार ने धनबाद बहाली को रद्द कर दिया था. इसके अलावा रांची जिला में होमगार्ड बहाली के लिए वर्ष 2016 में विज्ञापन निकला था. इस बहाली में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर पूर्व डीजी एमबी राव ने बहाली को रद्द करने की अनुशंसा गृह विभाग से की थी. इस पर गृह विभाग ने समीक्षा करते हुए नगड़ी व इटकी प्रखंड की मेधा सूची को रद्द करते हुए नये सिरे से मेधा सूची प्रकाशित करने का आदेश दिया था. एक बार से गड़बड़ी एवं अनियमिता का मामला सामने आया. इस बार होमगार्ड विभाग द्वारा तीन मार्च से रांची जिला के नवचयनित अभ्यर्थी को बुनियादी प्रशिक्षण में भेजने का आदेश दिया गया है. बुनियादी प्रशिक्षण में भेजने के लिए शहरी अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है.

#### फर्जी कागजात के आधार पर भरा था फॉर्म

अभ्यर्थियों की जो सूची प्रकाशित की गयी है, उसमें वैसे लोगों का नाम अंकित है जो कि झारखंड के रहने वाले नहीं है. इन लोगों ने फर्जी कागजात के आधार पर स्थानीय प्रमाण पत्र बना कर होमगार्ड का फॉर्म भरा था. रांची जिला के बुनियादी प्रशिक्षण में भेजे जाने वाली सूची में ऐसे अभ्यर्थी का नाम है, जिसका धनबाद जिला के मेधा सूची में भी नाम प्रकाशित हुआ था. कुछ ऐसे अभ्यर्थियों का नाम बुनियादी प्रशिक्षण में दर्ज है, जिन्होंने अपना स्थायी पता बिहार का दर्शाया है.

#### दो रोल नंबर का स्थायी व वर्तमान पता समान

नवनीत शर्मा, पिता– राम कुमार शर्मा का नाम धनबाद एवं रांची जिला की मेधा सूची में प्रकाशित हुआ था. इसने रांची जिला की मेधा सूची (आवासीय प्रमाण पत्र) में स्थाई एवं वर्तमान पता– इंद्रपुरी रोड नं–1 हेहल सुखदेव बताया है. जबकि धनबाद जिला के मेधा सूची (आवासीय प्रमाण पत्र) में स्थाई एवं वर्तमान पता – हाउसिंग कॉलोनी, धनबाद बताया है. रांची जिला के शहरी सूची में नवनीत शर्मा का रोल नंबर 745 है. वहीं धनबाद जिला के मेधा सुची में इसका रोल नंबर 1122 था. रवि रंजन कुमार (रोल नंबर 633) पिता राम एकबाल शर्मा, वर्तमान पता –अपर बाजार, पोस्ट– जीपीओ, थाना– कोतवाली, जिला–रांची, स्थायी पता– गांव– सुपटा, थाना– मऊ , पोस्ट– टेकारी, थाना–गया, बिहार है. वहीं आलोक कुमार (रोल नं. 634), पिता –सुनील शर्मा, स्थायी पता– अपर बाजार, पोस्ट– जीपीओ, थाना–कोतवाली, जिला रांची, वर्तमान पता – गांव– सुपटा ,थाना– मऊ , पोस्ट– टेकारी ,थाना– गया, बिहार है. रोल नंबर 633 और 634 के दोनों पते से स्पष्ट हो रहा है कि दोनों बिहार के रहने वाले हैं.

### सेपक टकरा प्रतियोगिता के निर्णायक बने झारखंड के अमरेंद्र

**रांची।** सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखंड के पदाधिकारी और नेशनल तकनीकी पदाधिकारी अमरेंद्र द्विवेदी पटना में आयोजित स्कूली सेपक टकरा गेम्स के तकनीकी पदाधिकारी बनाए गए. प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 7 जनवरी तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स में होगा.


CLASSIFIED





### कोयला और लौह अयस्क से 53.4 फीसदी झारखंड करता है योगदान

# झारखंड के 29 खनिजों से देश को 196.95 फीसदी का योगदान

**रवि भारती। रांची**

झारखंड अपने खनिजों से देश को 196.95 फीसदी का योगदान देता है. झारखंड में कुल 29 तरह के खनिज पाए जाते हैं. कोयला और आयरन ओर में देश को झारखंड 53.4 फीसदी का योगदान देता है. कोयला में 27.37 और आयरन ओर में 25.70 फीसदी का योगदान हो गया है. इसके अलावा कोबाल्ट में 20.4, एपेटाइट में 27.07,तांबा में 18.48 और ब्लैक ग्रेनाइट में 19.36 फीसदी का योगदान झारखंड देता है.

#### सबसे कम योगदान गोल्ड ओर और बारयेट्स में

सबसे कम योगदान गोल्ड ओर और बारयेट्स से है. गोल्ड ओर में झारखंड का योगदान 0.09 फीसदी और बारयेट्स में 0.04 फीसदी है. इसके अलावा एस्बेस्ट्स में 0.69,बेनटोनाइट में 0.17,गारनेट में 0.19,मैग्नेटाइट में 0.10, डोलोमाइट में 0.53, लाइम स्टोन में 0.34,क्रोमाइट में 0.35,आचरे में 0.14 और माइका में 0.30 फीसदी का योगदान झारखंड देता है.




#### किस खनिज का देश में कितना है योगदान

| खनिज का नाम | योगदान का प्रतिशत |
|---|---|
| कोयला | 27.37 |
| आयरन ओर | 25.70 |
| कोबाल्ट | 20.4 |
| एपेटाइट | 27.07 |
| सिल्वर ओर | 5.10 |
| कॉपर | 18.48 |
| कायनाइट | 5.84 |
| ग्रेफाइट | 7.38 |
| एस्बेस्टस | 0.69 |
| फायरक्ले | 9.33 |
| क्वाट्ज | 4.47 |
| बेनटोनाइट | 0.17 |
| बॉक्साइट | 4.20 |
| चाइना क्ले | 7.33 |
| फेजलस्पार | 1.23 |
| गारनेट | 0.19 |
| मैग्नेटाइट | 0.10 |
| बारयेट्स | 0.04 |
| शॉर्पस्टोन | 1.25 |
| डोलोमाइट | 0.53 |
| लाइमस्टोन | 0.34 |
| क्रोमाइट | 0.35 |
| मैंगनीज | 3.18 |
| निकेल | 4.76 |
| गोल्ड ओर | 0.09 |
| आचरे | 0.14 |
| वर्मीकुलाइट | 1.23 |
| माइका | 0.30 |
| ब्लैक ग्रेनाइट | 19.36 |

#### डीएमएफटी फंड के तहत झारखंड को मिले 11861 करोड़

झारखंड को साल 2023 में डीएफएफटी फंड के तहत 11861 करोड़ रुपए राजस्व की प्रप्ति हुई है. इस राशि में से 9327 करोड़ रुपए की योजनाओं की मंजूरी दी गई है. अब तक इस राशि से 5875 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं.

### 1000 करोड़ अवैध खनन मामले में दाहू यादव के बेटे ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर

**संवाददाता। रांची**

साहिबगंज जिला में हुए 1000 करोड़ के अवैध खान मामले में दाहू यादव के बेटे ने ईडी कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर कर दिया. राहुल यादव ने हाईकोर्ट के आदेश पर ईडी कोर्ट में सरेंडर किया. इसके बाद कोर्ट ने उसे पांच जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया. हाईकोर्ट में उसने नन बेलेबल वारंट को चुनौती दी थी. हाईकोर्ट ने दाहू के बेटे को निर्देश दिया था कि वह 2 जनवरी 2024 को ईडी की विशेष अदालत में सुबह 11:00 बजे उपस्थित हो और अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखे. राहुल यादव को अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था. लेकिन वो ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ था. इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च 2023 को नन बेलेबल वारंट जारी किया था.

### पूर्व संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन पर प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

**संवाददाता। रांची**

झारखंड भाजपा के पूर्व संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह के निधन पर शोक जताया है. स्वर्गीय सिंह भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संगठक भी रहे। इसके अलावा काशी और ब्रज प्रांत के भी संगठन महामंत्री रहे. स्वर्गीय सिंह का जन्म उत्तरप्रदेश के जौनपुर के अमावा खुर्द गांव में हुआ था. गोरखपुर में पढ़ाई के दौरान वे आरएसएस से जुड़े. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वर्गीय सिंह की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. शोक व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, नीलकंठ सिंह मुंडा, अपर्णा सेन गुप्ता, राज पालिवाल, विनोद शर्मा, प्रणव वर्मा, सुनील सिंह, जेपी पटेल, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, मुनेश्वर साहू, नवीन जायसवाल आदि शामिल हैं.

### अप्रैल में 8.2 लाख परिवारों को मिला था रोजगार, दिसंबर में घट कर हो गया आधा

# उपायुक्तों को मिली मनरेगा की जिम्मेवारी, घट रहे रोजगार

**प्रवीण कुमार। रांची**

राज्य सरकार का ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर है. पिछले चार सालों में झारखंड के ग्रामीण परिवारों की रीढ़ के रूप में मनरेगा योजना सामने आयी है. योजना के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में किसी भी ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों (सार्वजनिक कार्य-संबंधित अकुशल मजदूर) को न्यूनतम मजदूरी पर 100 दिन का रोजगार मिलता है. हर साल लाखों योजनाएं राज्य में पूरी की जाती हैं, इसके बाद भी मनरेगा कभी भी ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का रोजगार देने के करीब नहीं पहुंच पाया. चालू वित्त वर्ष में 60591 परिवारों को ही दिसंबर माह तक 100 दिन रोजगार मिल सका है.

इस साल जुलाई माह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना परिषद की बैठक में मनरेगा के तहत जिला कार्यक्रम समन्वयक की जिम्मेवारी जिलों के उपायुक्तों को देने के प्रस्ताव पर सहमति जतायी थी. इससे पूर्व उप विकास आयुक्तों के पास मनरेगा की जिम्मेवारी हुआ करती थी. उपायुक्तों को कार्यक्रम समन्वयक बनाये जाने के बाद से ही से दिनो-दिन मनरेगा से रोजगार सृजन के मामले कम होते जा रहे हैं. मनरेगा योजना में ग्रमीणों को काम नहीं मिल रहा है. चालू वित्त वर्ष में अप्रैल माह में 1 करोड़ 25 लाख 15 हजार 193 मानव दिवस रोजगार सृजन हुए, जिसमें 8 लाख 20 हजार 192 परिवारों को रोजगार मिल सका. जो दिसंबर माह में घट कर 39 लाख 59 हजार 915 हो गया. इसमें मात्र 4 लाख 09 हजार 629 परिवारों को ही रोजगार मिल सका.

#### 2023-24 में मनरेगा में घटता रहा रोजगार

| माह | परिवारों को मिला रोजगार | मानव दिवस रोजगार सृजन |
|---|---|---|
| अप्रैल | 8,20,193 | 1,25,15,193 |
| मई | 862514 | 1,27,94,974 |
| जून | 943577 | 1,37,41,124 |
| जुलाई | 845435 | 1,15,69,660 |
| अगस्त | 735760 | 94,57,279 |
| सितंबर | 672732 | 83,00133 |
| अक्टूबर | 679005 | 83,99,385 |
| नवंबर | 576260 | 67,24,638 |
| दिसंबर | 409629 | 39,59,915 |



**5790697**
राज्य में कुल जॉब कार्ड

**35,08067**
एक्टिव

**43,03352**
एक्टिव मनरेगा वर्कर

#### मनरेगा योजना की विशेषता

मनरेगा योजना के अंतर्गत टिकाउ संपत्तियां (जैसे सड़कें, नहर, तालाब, कुएं) बनानी है. इसके तहत आवेदक को उसके निवास स्थान के 5 किमी के दायरे में रोजगार प्रदान किया जाता है, जिसके लिए न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाता है. रोजगार की अवधि सामान्यतया कम से कम 14 दिन होती है और सप्ताह में 6 दिन से अधिक नहीं होती. यदि आवेदक को आवेदन करने के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता है, तो आवेदक बेरोजगारी भत्ता का हकदार है, जो पहले तीस दिनों के लिए मजदूरी दर की एक चौथाई और शेष अवधि के लिए मजदूरी दर की आधी होती है. यदि आवेदक पंद्रह दिनों के भीतर काम पर नहीं आता है या वित्तीय वर्ष में उसे कम से कम सौ दिनों का काम मिलता है, तो उसे बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जाता. मनरेगा के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता में केंद्र व राज्य सरकारों का हिस्सा क्रमश: 75:25 का अनुपात होता है. राज्य सरकार ने मनरेगा के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत को हर माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस आयोजित करने के निर्देश भी दिया गया है.














































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in बुधवार, 03 जनवरी 2024 ● पौष कृष्णपक्ष 08 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 256 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# कतरास में तेज आवाज के साथ भू-धंसान, 5 घर जमींदोज

संवाददाता। धनबाद

जिले के कतरास थाना क्षेत्र स्थित लकडका 9 नंबर इलाके में दूसरे दिन भी तेज आवाज के साथ भू-धंसान हुआ. जिसमें पांच घर जमींदोज हो गये. दो घरों के सारे सामान जमीन में समा गये. जबकि समय रहते एक घर के लोगों ने सारे सामान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उनको कम नुकसान हुआ. जमींदोज स्थल में दबे सामानों को भी निकालने का प्रयास किया जा रहा है. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी. इधर बीसीसीएल ने जमींदोज स्थली की भरायी कार्य शुरू कर दी है. बता दें कि घटना में मुन्ना पासी, प्राइवेट शिक्षक राजेश पासी, मांझी पासी, राजेश भारती और रमाकांत भारती के घर जमींदोज हुए हैं.



### एक दिन पहले भी 3 घर और एक गोदाम हुए थे जमींदोज

बता दें कि लकडका 9 नंबर इलाके में सोमवार को भी भू-धंसान के बाद तीन घर और एक गोदाम जमींदोज हो गये थे. करीब 12 बकरियों की भी मौत हो गयी. घटनास्थल पर करीब 40 फीट चौड़ा 15 फीट गहरा गोफ बन गया था. ग्रामीणों ने बताया था कि सुबह अचानक जमीन के अंदर से जोरदार आवाज सुनाई दी और देखते ही देखते घर की जमीन गर्म होने लगी. अनहोनी की आशंका से सभी लोग आनन-फानन में घरों से बाहर निकल गये. कुछ ही देर बाद एक-एक कर तीन घर जमींदोज हो गये. आवासों में रखे सारा सामान भी जमीन के नीचे समा गये.



मची अफरा-तफरी

## जेल में लगे सभी 172 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की होगी पड़ताल

# जेल के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगालेगी सीआईडी

➲ नामजद आरोपियों के खिलाफ इन कैमरों से तलाशे जाएंगे साक्ष्य

संवाददाता। धनबाद

धनबाद जेल में बंद यूपी के कुख्यात शूटर अमन सिंह की हत्या के मामले को लेकर जिला पुलिस, सीआइडी और एटीएस की टीमें जांच पड़ताल कर रही हैं. झारखंड में जेल के अंदर गोली मार कर हत्या करने की पहली वारदात में जांच कर रही तीनों टीम का मकसद अमन के कातिलों को सजा तक पहुंचाना है. क्योंकि इस वारदात के बाद धनबाद में अपराधियों के बढ़े मनोबल काअंदाजा सरकार तक हो गया. इस कारण कानून का इकबाल बुलंद करने के लिए जांच टीमें अपनी कोशिशों को मजबूती दे रही हैं. ऐसे में जहां पुलिस के पास सबसे बड़े सबूत के तौर पर सीसीटीवी फुटेज ही हैं.अब सीआइडी की टीम ने धनबाद जेल में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालने की कवायद में जुट गई है.

बताते चलें कि तीन दिसंबर 2023 को जेल में बंद अमन सिंह को अस्पताल वार्ड में गोलियों से छलनी कर दिया गया था. सिर में चार और पेट में चार गोलियां दागी गई थी. इस सनसनी खेज वारदात की खबर धनबाद का पूरा महकमा सन्न रह गया. छानबीन में चौंकाने वाली कई और बातों से पुलिस का सामना हुआ. पता चला कि यूपी से ही शूटर आया था, जो नाम बदल कर पूरी योजना के साथ धनबाद जेल गया. योजना के मुताबिक ही उसके जेल पहुंचने के बाद दो पिस्टल जेल के अंदर पहुंचा और फिर योजना को पूरा करते हुए अमन को मौत के घाट उतार दिया गया. इस वारदात में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ नामजद एफआइआर किया. इनमें यूपी से आकर बाइक चोरी में जेल जाने वाले शूटर रितेश यादव, विकास बजरंगी और सतीश गांधी शामिल हैं. तीनों के खिलाफ वारदात में शामिल होने के साक्ष्य पुलिस को जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों से मिल चुके हैं. हालांकि पुलिस ने इस वारदात में पूरे जेल परिसर में लगे सभी कैमरों को नहीं खंगाला है, बल्कि वार्ड नंबर तीन, वार्ड नंबर पांच, अस्पताल वार्ड समेत कुछ अन्य क्षेत्र में लगे कैमरों की पड़ताल की गई है.

इस पूरे प्रकरण में फिलहाल तक ये नहीं पता चल पाया है कि वारदात में प्रयुक्त दोनों पिस्टल जेल के अंदर कैसे पहुंचे, हालांकि विकास बजरंगी और सतीश गांधी ने रिमांड पर लेने के बाद कबूल कर लिया है कि उन्हें हथियार के बारे में आशीष उर्फ छोटू ने फेसबुक मैसेंजर से फोन कर बताया था कि राशन वाले गोदाम में एक झोले में पिस्टल रखा है. इसके बाद बजरंगी ने राशन गोदाम से लाकर दोनों पिस्टल रितेश को दिया था. वारदात के बाद फिर वापस लेकर जेल से बाहर फेंकने की कोशिश की थी, लेकिन दोनों पिस्टल बरामद हो गए थे. वारदात के बाद सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज ने खुद धनबाद आकर मामले की पड़ताल की थी. अब सीआइडी पूरे जेल के हर कोने में लगे कैमरों के फुटेज को खंगालने की कवायद कर रही है. ताकि वारदात से जुड़े हर पहलू का साक्ष्य उपलब्ध हो सके.

## प्रिंस खान की गिरफ्तारी की कवायद तेज



अमन सिंह हत्याकांड



धनबाद पुलिस के लिए सिर दर्द बन चुके प्रिंस खान को दुबई से धनबाद लाने की कवायद में गति आई है. राज्य के गृह विभाग की ओर से विदेश मंत्रालय को लगातार कई पत्र भेजे गए हैं. दिल्ली के प्रत्यार्पण कोर्ट में भी अर्जी दाखिल की गई है. बताया जा रहा है कि दुबई सरकार को प्रिंस और उसके पूरे गिरोह के कारगुजारी के बारे में बताया जा चुका है. कई सौ पन्नों में प्रिंस और उसके गिरोह का इतिहास लिखकर अंग्रेजी और अरबी भाषा में भेजा गया है. बता दें कि जुलाई 2023 में ही प्रिंस के खिलाफ इंटरपोल की मदद से रेड कार्नर नोटिस भी जारी किया गया था और उसका पासपोर्ट भी रद्द किया जा चुका है. ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इन सख्तियों के बाद जल्द ही प्रिंस धनबाद पुलिस की गिरफ्त में होगा.

## सीट खाली करने के लिए हुई 200 करोड़ की डील : बाबूलाल



**बेंगाबाद।** गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा का सीट खाली करने के लिए बड़ी डील हुई है. अचानक से सरफराज अहमद का इस्तीफा देना कई सवालों को जन्म देता है. उन्होंने कहा कि चर्चा है कि सीट खाली करने के बाद अहमद गिरिडीह नहीं लौटे, दिल्ली चले गए. कहा कि चर्चा यह भी है कि डील की 200 करोड़ की रकम दुबई और इंग्लैंड ने मंगायी जा रही है. हालांकि इस बारे में उन्हें पुख्ता जानकारी नहीं है.

**राज्यपाल से करेंगे शिकायत:** मरांडी ने कहा कि भाजपा का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उनसे सीएम हेमंत सोरेन द्वारा अपनी पत्नी का नाम इस पद के लिए प्रस्तावित किए जाने के मामले में अटॉर्नी जनरल और कानूनी विशेषज्ञों से सुझाव लेने का आग्रह करेगा. कथित तौर पर भूमि घोटाले और धन शोधन में शामिल सोरेन द्वारा अपनी पत्नी कल्पना को सीएम बनाने का कोई प्रयास लोकतंत्र का मजाक उड़ाना होगा. उन्होंने दावा किया कि ओडिशा की मूल निवासी होने के कारण कल्पना सोरेन झारखंड में आरक्षित सीट से विधायक तक नहीं बन सकतीं, राज्य की सीएम बनना तो दूर की बात है.

# राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर मई से होगा शुरू, 65 फीसदी काम पूरा

रवि भारती। रांची

राजधानी वासियों को वर्ष 2024 में बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर का भी तोहफा मिल जाएगा. नगर विकास विभाग के निर्देश पर जुडको द्वारा एजेंसी केएमवी से तेजी से कम कार्य जा रहा है. मई 2022 में ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण की आधारशिला रखी गई थी. मई 2024 में इसका काम पूरा हो जाएगा. यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा.

अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है. सबसे खास बात यह है की जो यहां पत्थर की गेवियन वाल बन रही है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है. इसकी जोड़ाई में कहीं भी किसी तरह के सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है.

**112 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण :** कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपए की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है. प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा. निर्माणाधीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज ( 22 मीटर लम्बा ) , 11 लार्ज टेलर ( 18 मीटर ) और 27 स्माल ( 16 मीटर ) वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा. इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जाएंगे. लेबल तीन के प्लेटफार्म पर सिर्फ 64 स्माल वाहन खड़े होंगे.

## शहर को मिलेगी जाम और प्रदूषण से मुक्ति

▪ चालकों को नहीं होगी नो इंट्री की झंझट



### सामानों को रखने के लिए दो लेवल का वेयर हाउस

बाहर से आने वाले वाहनों के माल को रखने के लिए दो लेबल के वेयर हाउस भी बन चुके हैं. लेबल एक वेयर हाउस 6176 वर्ग मीटर तथा वेयर हाउस दो 3900 वर्ग मीटर का बन गया है. बाहर से आने वाले वाहनों के माल इसी वेयर हाउस में खाली कर ट्रक चालक मुक्त हो जाएंगे, अब ट्रांसपोर्टर छोटे वाहनों से इसे जगह तक पहुंचाएंगे. इससे शहर में बड़े वाहन नहीं घुसेंगे, जाम भी नहीं लगेगा, धुएं से से मुक्ति मिलेगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा. ट्रांसपोर्ट नगर आने के लिए वाहनों को नो इंट्री का झंझट भी नहीं झेलना पड़ेगा, क्योकि रिंग रोड नो इंट्री से मुक्त है.

### ड्राइवर-खलासी के लिए भी सुविधा



जी प्लस 3 एकीकृत भवन में ट्रांसपोर्टरों एवं अन्य के लिए 16 ऑफिस का प्रावधान किया गया है. ड्राइवर और खलासी के आराम करने के लिए 180 बेड की डोरमेट्री और 150 लोगों के बैठने के लिए फूड कोर्ट भी रहेगा . प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, दो वे ब्रिज, सर्विस स्टेशन, प्रवेश द्वार, सीसीटीवी, वाई फाई, लैंड स्केपिंग और मनोरंजन के लिए स्थान उपलब्ध रहेगा.

## आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आज

**धनबाद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ) धनबाद में बुधवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी संस्थान के प्लेसमेंट इंचार्ज राकेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि स्पेक्ट्रम फैसिलिटी सॉल्यूशन पुणे द्वारा सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड अनंतपुर के लिए इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है. प्लेसमेंट ड्राइव की शुरुआत सुबह 11 बजे हो जाएगी. प्लेसमेंट ड्राइव में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सभी व्यवसाय के उतीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं.

## हादसे के शिकार युवकों के परिजनों से मिले मुंडा

संवाददाता। आदित्यपुर



साल के पहले दिन आदित्यपुर बाबा कुटी के सड़क हादसे में हुई छह युवकों के मौत की हृदय विदारक घटना के पीड़ित परिवारों से मिलने मंगलवार की शाम केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बाबा कुटी आश्रम पहुंचे. उन्होंने घटना के एक एक पहलू की जानकारी ली और इसे अनहोनी घटना बताया. उन्होंने कहा कि वैसे होनी को कोई टाल नहीं सकता है. उन्होंने मृतक युवकों के परिजनों को सरकारी सहायता समेत सभी प्रकार के मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया. उन्होंने घटना के घायल युवकों की अस्पताल में चल रहे इलाज का बिल भी माफ कराने का आश्वासन दिया. मौके पर केंद्रीय मंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय महतो, पूर्व मेयर विनोद श्रीवास्तव, उप मेयर अमित सिंह उर्फ बॉबी सिंह, पूर्व प्रत्याशी गणेश महाली, सुनील श्रीवास्तव, सतीश शर्मा, भोगेन्द्र झा, मनोज तिवारी, पंकज सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, ब्रह्मानंद झा, ललन शुक्ला, राकेश सिंह, राकेश मिश्रा, अमरनाथ ठाकुर, छोटू कुमार, रविशंकर सिंह, गजेन्द्र झा, कृष्ण गोपाल पिंटू आदि मौजूद थे.

### खास बातें

- मुआवजे का दिया आश्वासन, अस्पताल का बिल कराएंगे माफ
- मुंडा बोले- अनहोनी को कोई नहीं टाल नहीं सकता है

## सड़क निर्माण में तेजी लाएं अभियंता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में बाईपास सड़क बननी है. उन सड़कों के निर्माण में देरी पर पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने नाराजगी जताई है. मंगलवार को समीक्षा बैठक में सचिव ने प्रदेशभर में बन रही सड़कों की स्थिति का जायजा लिया. कई बाईपास सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, इस संबंध में सचिव ने इंजीनियरों को एक टास्क सौपा. उन्होंने बनने वाली बाईपास सड़कों का निरीक्षण करने का आदेश दिया. वहीं स्थल निरीक्षण रिपोर्ट सौपने को कहा.

## कोल्हान मजदूर यूनियन ने नया खोला कार्यालय

# असंगठित मजदूरों की लड़ाई लड़ेगी यूनियन: अरविंद सिंह



नये यूनियन कार्यालय का उद्घाटन करते पूर्व विधायक अरविंद सिंह

संवाददाता। आदित्यपुर

असंगठित मजदूरों की हक की लड़ाई कोल्हान मजदूर यूनियन (केएमयू) लड़ेगी. इस बात को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को कोल्हान मजदूर यूनियन ने अपना कार्यालय होली डे इन प्लाजा भवन में खोला.

जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक और यूनियन के संयोजक अरविंद कुमार सिंह ने किया. मौके पर यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि असंगठित मजदूरों के अधिकार और शोषण के विरुद्ध लड़ाई लड़ने उन्होंने कार्यालय खोला है. आज औद्योगिक क्षेत्र की सारी यूनियनें समाप्त हो चुकी है, ऐसे में असंगठित हो या संगठित सभी मजदूर असहाय महसूस कर रहे हैं. पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि आज लोग या तो खामोश हैं, या तो कंफ्यूज हैं या अज्ञानी बनकर बैठे हैं. स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. आज कारखाना में 8 घंटे की ड्यूटी 12 घंटे कर दी गई है. कारखानों से एसिड्युक्त पानी बहाया जा रहा है. हवा में विषैले धुंए छोड़े जा रहे हैं. औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें नालियां क्षतिग्रस्त है. आज ब्लैक मनी उद्योगों में निवेश हो रहे हैं. हर जगह वेकैंसी है लेकिन लोगों को रखा नहीं जा रहा है, सभी जगह ठेके पर काम चल रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं जियाडा को पुनः आयडा वाला अधिकार मिले. यहां ट्रांसपोर्ट नगर बने. यहां मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. हमारी मांग ग्रेटर जमशेदपुर की है. इसकी लड़ाई हमलोग लड़ेंगे. मौके पर यूनियन के पदाधिकारी जगदीश नारायण चौबे, शंकर सिंह, भगवान सिंह, बबुआ झा आदि मौजूद थे.

### खास बातें

- जमशेदपुर में यूनियनें हो चुकी हैं समाप्त, मजदूर असहाय
- जियाडा को फिर मिले आयडा वाला पुराना अधिकार

**लापरवाही** रेलवे स्टेशन के सामने 2014 में किया गया था सौंदर्यीकरण, फूल सूख गये, गमले भी चुरा ले गये लोग

# धनबाद में एक करोड़ की बगिया बन गयी क्रिकेट का मैदान

रंजीत कुमार। धनबाद

- पहाड़ से निकली 4000 ट्रैक्टर राख को फेंकने में लगे थे तीन महीने
- **पानी नहीं देने से सूख गए बगिया में लगे 5000 फलदार और पुष्प के पौधे**
- बगिया के चारों ओर लगी लोहे की ट्री गार्ड को काट कर ले गए चोर



रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के कारण बगिया बन गया क्रिकेट का मैदान

भारतीय रेलवे में 74 रेल मंडलों में सबसे अधिक कमाई कर नंबर वन का खिताब हासिल करनेवाले धनबाद रेल मंडल के अधिकारी इतने लापरवाह हैं कि मंडल मुख्यालय के निकट धनबाद स्टेशन के सामने एक करोड़ की बगिया को युवाओं ने क्रिकेट का मैदान बना दिया.

जहां मैदान के आसपास के इलाके के रहनेवाले दर्जनों युवा सुबह से शाम तक क्रिकेट खेलते हैं. जिन्हें रोकने और हटाने वाला कोई नहीं है. ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नहीं है. इसके बावजूद युवा रोजाना रेलवे स्टेशन परिसर में आते हैं और खेल कर चले जाते हैं. जानकारी के अनुसार आजादी के बाद धनबाद स्टेशन की उत्तर दिशा में एक भवन बना था. जहां टिकट घर, पूछताछ कार्यालय, रिटायरिंग रूम, भोजनालय व वीआईपी रूम की व्यवस्था है. रोजाना श्रमिक चौक व स्टेशन रोड जाम होने से यात्रियों की सुविधा के लिए वर्ष 2013 में दक्षिण छोर में रेलवे अधिकारियों ने एक और स्टेशन भवन बनाने की योजना बनायी. ताकि झरिया, बैंकमोड़, कतरास, केंदुआडीह, पुराना बाजार समेत दक्षिण दिशा से दर्जनों इलाकों से आनेवाले यात्रियों को राहत मिल सके. फिर छाईगद्दा के पास राख की पहाड़ को काट कर मैदान का रूप दिया गया. लेकिन लापरवाही से पार्क बर्बाद हो गया.

### गार्ड और माली की तैनाती नहीं होने से वीरान

4000 ट्रैक्टर राख को सुदूर इलाकों में तीन महीने में डंप किया गया. उसके बाद वर्ष 2014 में चार करोड़ की लागत से स्टेशन भवन और सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ खर्च कर बगिया बनायी गयी. जहां 5000 पुष्प और फलदार पौधे लगाए गए. पौधों की रक्षा के लिए लोहे की चहारदीवारी की गई. ट्री गार्ड भी लगाए गए, लेकिन माली और सुरक्षा गार्ड की तैनाती नहीं की गई. पौधों को समय पर पानी नहीं मिलने से धीरे-धीरे सभी पौधे सूख गए. लोहे-बांस के ट्री गार्ड भी चोरे काट कर ले गए. रेलवे अधिकारियों की लापरवाही के कारण बगिया उजड़ कर वीरान हो गयी. उसे दोबारा बगिया का रूप नहीं दिया गया.

### 480 करोड़ में वर्ल्ड क्लास स्टेशन बनाने की तैयारी

अब रेल अधिकारी 480 करोड़ रुपए खर्च कर धनबाद स्टेशन को वर्ल्ड क्लास का स्टेशन बनाने जा रहे है. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. बाकायदा इसका नक्शा भी तैयार कर लिया गया है. जोनल मुख्यालय हाजीपुर से टेंडर निकलते ही एयरपोर्ट की तर्ज पर विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने का काम शुरू हो जाएगा. जिसमें आलीशान भवन के साथ-साथ सभी प्लेटफॉर्म एसक्लेटर, स्टेशन के मुख्य गेट तक पहुंचने के लिए अलग-अलग गाड़ियों के अलग लेन होंगे, 500 सीसीटीवी कैमरा, लगेज स्कैनर, सुरक्षा बलों के हाथों में एक्सप्लोसिव डिटेक्टर, स्नीफर डॉग, उत्तर व दक्षिण में अंडर ग्राउंड रोड व फाइव लेन भी बनेंगे. इसके अलावा लाइटें भी लगेंगी.

## सदर अस्पताल कोडरमा

**विभाग** **डॉक्टर का नाम**

- **स्किन :** डॉ. समीक्षा माथुर
- **आई :** डॉ. सुनील कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. रविकांत कुमार सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार राज
- **पेडीएट्रिक :** डॉ. मणिकांत कुमार
- **डेंटल :** डॉ. नीलमणि कुमार
- **गायनी :** डॉ. वर्षा कुमारी
- **ऑर्थो :** डॉ. धनंजय कुमार
- **अल्ट्रासाउंड :** डॉ. कुमारी सीमा
- **इएनटी :** डॉ. मनोज कुमार

## कोडरमा का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 12 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 24 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** आसमान साफ रहेगा
- **हवा की रफ्तार :** 10 किमी प्रति घंटे

## ब्रीफ खबरें

### जिप सदस्य ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग की

**मरकच्चो।** प्रखंड के दक्षिणी भाग की जिला परिषद सदस्य रीता देवी ने उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग की है. ज्ञापन में बताया है कि प्रखंड मुख्यालय के स्टेडियम को आधा अधूरा बना कर छोड़ दिया गया है. इस स्टेडियम में ही सरकार द्वारा आयोजित सभी खेल प्रतियोगिता होती है. उन्होंने कहा कि स्टेडियम आधा अधूरा बनने से छात्रों और खिलाड़ियों को खेलकूद में काफी कठिनाई होती है. स्टेडियम के खुला होने की वजह से असमाजिक तत्वों भीतर घुस कर कांच तोड़ देते हैं. इससे लोगों को परेशानी होती है. जिप सदस्य ने उप विकास आयुक्त से स्टेडियम के जीर्णोद्धार की मांग की है.

### जन एकेडमी कोचिंग संस्थान का उद्घाटन

**कोडरमा।** सदर प्रखंड के ईदगाह चौक छतरबर में विजन एकेडमी कोचिंग संस्थान का उद्घाटन मुखिया शाहीन परवीन, कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फैयाज कैसर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया. कार्यक्रम का संचालन मो. खुर्शीद ने किया. अतिथियों ने कहा कि इस तरह के कोचिंग संस्थान खुलने से क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा मिलता है. संस्थान के संचालक ने बताया कि इस कोचिंग में वर्ग पांच से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को अनुभवी शिक्षकों द्वारा परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी. मौके पर मो. आसिफ, मो. रिजवान, तनवीर आलम, मो. यूसुफ, मो. आरिफ, मो. सद्दाम, मो. वाजिद, मो. जसीम, मो. गुलजार, तबारक हुसैन, अरशद मोहम्मद, वली शहाबुद्दीन, डॉ. परवेज इंजीनियर, शाहबाज, असदक कासमी सहित कई लोग मौजूद थे.

### माले ने किया संकल्प सभा का आयोजन

**रामगढ़।** भाकपा मामले कार्यकर्ताओं ने गिद्दी के चुंबा स्थित अंबेडकर भवन में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का आयोजन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटेलाल दास व संचालन सकलदेव राम ने किया. इस दौरान दिवंगत धर्मनाथ राम, रामप्रसाद राम, जगरनाथ राम, मोती राम, यमुना राम सहित अन्य दिवंगत साथियों को दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी. इससे पूर्व भाकपा माले के लिला सचिव भुवनेश्वर बेदिया ने दिवंगत साथियों चित्रों पर माल्यार्पण किया. वहीं, सोहराय किस्कू ने पार्टी का झंडा फहराया. इसके बाद भाजपा हटाओ देश बचाओ, सिरका लोकल सेल में स्थानीय मजदूरों को रोजगार दो और शहीद साथी अमर रहें आदि नारे लगाए. इसके साथ गरीब, मजदूर व किसानों के हक-अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील की.

### प्रथम सप्ताह से जदयू के राष्ट्रीय नेता आएंगे रामगढ़

**रामगढ़।** जदयू के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने लोकसभा चुनावी अभियान का आगाज 21 जनवरी को रामगढ़ में 'नीतीश जोहार यात्रा' से करेंगे. उनके कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनवरी के प्रथम सप्ताह से पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का झारखंड आना शुरू हो जाएगा. जदयू के प्रदेश प्रभारी झारखंड में कैंप कर सकते हैं.

---

रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव ने किया बस व ट्रक चालकों की तीन दिवसीय हड़ताल का समर्थन

# हिट एंड रन काला कानून वापस ले केंद्र : अरुण सिन्हा

**संवाददाता। रामगढ़**



रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों द्वारा किये जा रहे तीन दिवसीय आंदोलन का समर्थन किया है.

उन्होंने कहा कि नये हिट एंड रन कानून के तहत यदि किसी वाहन चालक द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है, तो इसके लिए चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है, जो अनुचित है.

उन्होंने कहा कि वाहन चालक और मालिक पहले से डीजल और पेट्रोल के दाम में बेतहाशा वृद्धि से परेशान हैं. अब इस कानून के आने से उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है. यह भी कहा कि कोई भी वाहन चालक नहीं चाहता है कि वाहन चलाते समय उसके वाहन से एक चिंटी की भी मौत हो. दुर्भाग्यवश इस तरह की घटनाएं होती हैं. अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि जब कहीं दुर्घटना होती है, तब लोग घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की बजाय वाहन चालक को पीटने लगते हैं. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का हिट एंड रन कानून आमलोगों की मुश्किलों को बढ़ाने वाला कार्य है. केंद्र सरकार शीघ्र इस कानून को वापस ले, नहीं तो व्यापक पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा.

**दी चेतावनी**

- कानून को वापस नहीं लेने पर होगा व्यापक आंदोलन
- हिट एंड रन कानून से आमलोगों की बढ़ेंगी मुश्किलें

अरुण सिन्हा ने आगे कहा कि एक वाहन चालक को काफी परेशानियों के बाद महीने में 10-12 हजार रुपये की आमदनी हो पाती है. ऐसे में केंद्र सरकार के नए कानून के अनुसार, वाहन चालक 7 लाख का जुर्माना कहां से भर पाएंगे. यह भी कहा कि केंद्र सरकार के इस काले कानून के कारण नववर्ष के पहले दिन लोगों को पिकनिक मनाने और अपने सगे-संबंधियों के पास आने-जाने में काफी परेशानी हुई.

बता दें कि केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को पूरे जिले में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप रही. वाहन चालकों ने चक्का जाम कर केंद्र सरकार के कानून का पुरजोर विरोध किया.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- कन्याकुमारी किस राज्य में है – **तमिलनाडु में**
- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है – **मांडला में**
- कार या बस में ब्रेक लगाने के लिए कौन उत्तरदायी है – **घर्षण**
- किस प्रक्रिया से लालटेन या लैम्प की बत्त से तेल ऊपर चढ़ता है – **केशिकत्व से**
- किस महासागर में द्वीपों की संख्या सर्वाधिक है – **प्रशांत महासागर में**
- किस वृक्ष से तारपीन का तेल प्राप्त किया जाता है – **चीड़ से**
- किसने दिल्ली चलो का नारा दिया – **सुभाषचंद्र बोस ने**
- किसे भविष्य का ईंधन कहा जाता है **हाइड्रोजन को**
- कौनसा पुरस्कार एशियाई नोबेल पुरस्कार के नाम से जाना जाता है – **रैमन मैग्सेसे पुरस्कार**
- कौनसा रोग पागल कुत्ते के काटने से होता है – **रेबीज (हाइड्रोफोबिया)**

---

साल के पहले दिन पतरातू डैम घूम कर सहेली के साथ लौट रही थी लड़की

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता। रामगढ़**



पतरातू थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ पांच युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म की बात सामने आई है. रेप पीड़िता की सहेली ने पतरातू थाना में इस संबंध में लिखित आवेदन दिया है. थाना में दिए आवेदन में लिखा है कि मैं और मेरी सहेली दोनों एक जनवरी को नया साल के अवसर पर बीते सोमवार को पतरातू डैम घूमने गई थीं.

शाम को घर लौटने के क्रम में खैरा मांझी चौक के पास टेंपो से उतर कर पैदल अपने घर जा रही थी कि पीछे से दो लड़के पीछा करते आ गए. जैसे ही ऑर्किड स्कूल पास गई, वहां पहले से मौजूद दो अन्य लड़के खड़े दिखे. फिर एक लड़का अपाचे मोटरसाइकिल से आया. चारों लड़के हम दोनों को पकड़ने लगे. जबरन कपड़ा खोलकर फेंक दिया. किसी तरह वह वहां से भाग निकली पर उसकी सहेली उनलोगों के चंगुल में फंसी रही. इसके बाद आरोपियों ने उसकी सहेली के साथ शारीरिक संबंध बनाया. इसमें चार अन्य लड़के भी सहयोग कर रहे थे. विरोध करने पर दो लड़के ने गला दबाकर जान मारने की कोशिश भी की. इस दौरान नाबालिग लड़की द्वारा हो-हल्ला करने पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई.

ग्रामीणों ने एक आरोपी नितेश चौबे को पकड़ लिया, जबकि चार अन्य युवक अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकले.बताया जा रहा है कि सभी आरोपी पतरातू थाना क्षेत्र के खटाल इलाके के रहने वाले हैं. ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लड़के को पुलिस को सौंप दिया गया है. पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. वहीं, शेष फरार आरोपियों की भी खोजबीन की जा रही है. समाज के लोगों ने पुलिस से सभी बलात्कारियों को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा दिलाने की मांग की है. पतरातू पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है.

**घिनौनी करतूत**

- पांच दरिंदों ने मिल कर बनाया हवस का शिकार
- ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा

**ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा:** इस मामले को लेकर पतरातू के एक गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को पतरातू थाना पहुंचकर थाने में जमकर बवाल किया. ग्रामीणों और पीड़िता के परिजनों ने फरार चार युवकों की गिरफ्तारी को लेकर थाना में जमकर हंगामा किया गया. पुलिस ने लिखित आवेदन के आधार पर पतरातू थाना में पॉक्सो ऐक्ट, रेप समेत एसटी-एससी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.

> इस मामले में एक आरोपी नितेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया गया है और पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है. वहीं, फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है. जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.
>
> – डॉ. बीरेंद्र चौधरी, पतरातू एसडीपीओ.

## पिकनिक कर लौट रहे दो गुटों में पथराव, मामला दर्ज

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र के कोलघट्टी में बीती रात्रि दो गुटों में पथराव का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि दोनों गुट पिकनिक मना कर लौट रहे थे. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात पर काबू पाया. हालांकि, सभी लोग पहले ही फरार हो गए थे. घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है. वहीं, सीसीटीवी कैमरा और टेक्निकल सेल की मदद से आरोपियों की पहचान कर ली गई है.

मामले को लेकर लोहसिंघना थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है. पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि बीती रात्रि कोलघट्टी चौक पर पिकनिक से लौट कर आ रहे दो गुटों में इधर-उधर पथराव करने लगा. इसमें चौक स्थित जिम सेंटर का शीशा, दुकानों में लगा फ्लेक्स बोर्ड, कार का शीशा टूटने की शिकायत की गई है. इस संबंध में सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने बताया कि पिकनिक मना कर कुछ युवक लौट रहे थे. इसी क्रम में डीजे पर धार्मिक गाना बजाने पर दूसरे पक्ष द्वारा इधर-उधर पथराव किया जाने लगा. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

---

# किसानों को कर रहे सशक्त : अन्नपूर्णा

**संवाददाता। जयनगर**



प्रखंड मुख्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अध्यक्षता बीडीओ गौतम कुमार ने की. कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यअतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आने वाले समय में भारत विकसित देश में अग्रणी होगा.

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों को आवास, शौचालय, रसोई संचालन के लिए उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया. नल-जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाया जा रहा है. साथ ही पीडीएस में पांच वर्षों के लिए निःशुल्क अनाज की व्यवस्था की गई. वहीं, मोदी सरकार मोटे अनाज को बढ़ावा दे रही है. किसानों को सशक्त बनाने के लिए सोलर पंप व किसान निधि योजना की व्यवस्था की है. केंद्रीय राज्य मंत्री ने आगे कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है. उन्होंने यह भी कहा कि भगवान बिरसा की जयंती पर पीएम मोदी ने इस यात्रा की शुरूआत की थी. 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है.

**केंद्रीय राज्य मंत्री ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना:** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वंय कई आरोपों से घिरे हैं. सरकार चार साल की उपलब्धि गिना रही है, मगर इस राज्य में बालू तक का दाम बढ़ गया है. चालकों के लिए लाये गए नया कानून पर उन्होंने कहा कियदि कोई संशोधन की आवश्यकता होगी, तो सरकार करेगी. कार्यक्रम को जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने भी संबोधित किया.

### भाजमो जिलाध्यक्ष ने की एसपी से शिष्टाचार भेंट



**हजारीबाग।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक कुमार पांडेय ने मंगलवार को जिले के नये एसपी अरविंद कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान अभिषेक पांडे ने पुलिस अधीक्षक को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया. इसके बाद जिले के विभिन्न समस्याओं यथा नशा, ट्रैफिक समस्या, लॉटरी जैसी विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया. वहीं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने भाजमो जिलाध्यक्ष की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद कहा कि ऐसे मामले हमारे संज्ञान में आए हैं. समस्याओं पर उचित कदम उठाया जाएगा.

## हड़ताल का चरही कोयलांचल में व्यापक असर, यात्री परेशान



**संवाददाता। चरही**

केंद्र सरकार द्वारा पारित हिट एंड रन के नए कानून के विरोध में वाहन चालकों के तीन दिवसीय हड़ताल का चरही कोयलांचल क्षेत्र में व्यापक असर रहा. सीसीएल के कोलियरियों से लोड होकर मंडी जाने वाले अधिकतर ट्रक एवं पवार प्लांट जाने वाली हाइवा आदि वाहन परियोजना के अंदर लोड होकर खड़ी रही. वहीं चरही- घटो मार्ग में भी सवारी वाहनों और ऑटो का परिचालन बंद रहा. वहीं, एनएच 33 चरही में भी रांची, रामगढ़, हजारीबाग के लिए सवारी व भारी वाहनों नहीं चले. ऐसे में सीसीएल के कर्मियों और संवेदक के दैनिक मजदूरों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.

---

# दुर्गा सिंह घटवार का जन्मोत्सव मना

**संवाददाता। मरकच्चो**




**102वां जन्मदिवस**

- युवाओं ने केक काट कर की लंबी आयु की कामना
- वृद्धजनों को कंबल व बच्चों को पाठ्य साम्रगी बांटी

घटवार-घटवाल आदिवासी महासभा युवा मोर्चा द्वारा कमेटी के संस्थापक दुर्गा सिंह घटवार के 102वें जन्मदिवस पर प्रखंड के ढोढाकोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर घटवार युवा मोर्चा जिला कमेटी की ओर से वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया गया. साथ ही साथ छात्र-छात्राओं के बीच किताब, कॉपी, कलम आदि बांटे गए.

इसके पूर्व उपस्थित लोगों ने केक काट कर दुर्गा सिंह घटवार की लंबी आयु की कामना की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता ढोढाकोला पंचायत की मुखिया सीता देवी व संचालन प्रखंड सचिव रौशन सिंह घटवार ने किया. जन्म महोत्सव कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश की महिला नेत्री सोनिया देवी, बिहार के सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष किशुन सिंह, जिला सचिव भागीरथ सिंह घटवार, प्रखंड अध्यक्ष सह उप मुखिया रामू सिंह, संतोष सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय राय, महेश सिंह, गणेश सिंह संगठन मंत्री राजेश सिंह, मीडिया प्रभारी शंभू सिंह, बहादुर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, बसंती देवी, महादेव सिंह, गुड़िया देवी, कुंती देवी, ललिता देवी, सहदेव सिंह, शिबू कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, देवंती देवी, सोमरी देवी, मंगरी देवी, आशा देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थीं.

### क्षेत्र भ्रमण में युवा नेता ने सुनी लोगों की समस्या

**जयनगर।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार ने जयनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समस्या का समाधान का भरोसा दिलाया. क्षेत्र भ्रमण के दौरान युवा नेता ने केंद्र सरकार के द्वारा चालकों के लिए लाए हिट एंड रन कानून को देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि केंद्र के द्वारा लाये गए काला कानून क विरोध में चालकों का जमकर समर्थन करेंगे. गौतम कुमार ने आगे कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार ने तीन काला कानून कृषि अधिनियम को विरोध के बाद वापस लिया, उसी प्रकार इस काले कानून को भी वापस लेना पड़ेगा. भ्रमण के दौरान पूर्व मुखिया हिंद किशोर राम, राम नारायण गिरी, झुनू खान, इंद्रदेव पासवान, मनोज पासवान, मुकेश यादव, मुकेश पासवान आदि मौजूद थे.

# एंटी सबोटाज चैक प्रतियोगिता शुरू

**संवाददाता। दारू**



**22वीं प्रतियोगिता**

- बीएसएफ मेरू कैंप में चार भागों में टीमें ले रहीं भाग
- राष्ट्रीय पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेंगे सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी

सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय के निर्देश पर मेरू प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक की अध्यक्षता में 22वीं अंतर सीमांत एंटी सबोटाज चैक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया. यह प्रतियोगिता 6 जनवरी तक चलेगी. इसका मुख्य उद्देश्य सीमा सुरक्षा बल की प्रचुर टुकड़ियों और उनके हुनर को बढ़ाना है. साथ ही अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट में सीमा सुरक्षा बल का प्रतिनिधित्व करने वाली एंटी सबोटाज चैक टीम को तैयार करना है.

अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतिवर्ष अलग-अलग राज्यों द्वारा आयोजित की जाती है. इसी को ध्यान में रखते हुए बीएसएफ मुख्यालय द्वारा इस संस्थान को यह प्रतियोगिता कराने की जिम्मेवारी प्रतिवर्ष दी जाती है. यह प्रतियोगिता वर्ष 2000 में शुरू हुई और अभी तक कुल 21 प्रतियोगिताओं का आयोजन इस संस्थान द्वारा सफलतापूर्वक किया जा चुका है. वहीं, पांच दिवसीय प्रतियोगिता में सीमा सुरक्षा बल की सभी सीमांतों की टीमें भाग लेंगी. यह प्रतियोगिता चार भागों में आयोजित की जाएगी. इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले प्रतिभागियों को नामित कर आगामी अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए सीमा सुरक्षा बल की एक टीम का गठन किया जाएगा.

---

बिगहा में 70 लाख की लागत से बन रहा भव्य शिव मंदिर, रुद्र यज्ञ की रूपरेखा पर की चर्चा

# धर्म से ही उत्थान का मार्ग प्रशस्त : छत्रधारी चंद्रवंशी

**संवाददाता। चौपारण**



बिगहा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य जारी है. 70 लाख की लागत से बन रहे शिव मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद महाशिवरात्रि के अवसर पर रुद्र यज्ञ समारोह होना है. इसे लेकर रविवार को चंद्रवंशी समाज ने वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन कर मंदिर निर्माण और यज्ञ के आयोजन की पूर्ण रुपरेखा की चर्चा की. अध्यक्षता कर रहे छत्रधारी चंद्रवंशी ने बताया कि धर्म ही विकास का मर्म है और धर्म से ही उत्थान का मार्ग प्रशस्त होता है.

उन्होंने कहा कि बिगहा का यह शिव मंदिर ऐतिहासिक होगा. मंदिर निर्माण में लगभग 70 लाख रुपये की लागत आ रही है. वहीं, यज्ञ का आयोजन भी ऐतिहासिक होगा. वहीं, योग गुरु ब्रह्मचारी शंकर ने कहा कि चंद्रवंश का स्वर्णिम इतिहास रहा है. हजारों साल का आधिपत्य रहा है. परंतु धर्म से विमुख होने पर चंद्रवंश का नाश हो गया और शापित जीवन बीता रहें हैं. केवल धर्म के मार्ग से ही अपनी स्वर्णिम गाथा को वापस किया जा सकता है. समाजसेवी संजय चंद्रवंशी ने कहा कि 1999 में हुए विराट महायज्ञ की इस बार पुनरावृत्ति होगी. धर्म से जुड़कर समाज का भला होगा. उन्होंने यह भी कहा कि समाज जितना धार्मिक होगा, उतना ही अधिक शिक्षा, नैतिकता और ज्ञान का संचार होगा. इससे विकास का मार्ग प्रशस्त होगा.

इस दौरान बताया गया कि मंदिर सामूहिक सहयोग का परिचायक है और इसके निर्माण में हर चंद्रवंशी परिवार का सहयोग मिला है. आयोजन में हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे. वनभोज में अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी, संयुक्त सचिव महेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, प्रेम चंद्रवंशी, रामाधार चंद्रवंशी, रामविलास चंद्रवंशी, अनुप चंद्रवंशी, छोटु चंद्रवंशी, चंदन चंद्रवंशी, लव कुमार चंद्रवंशी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

**मिलन समारोह**

- चंद्रवंशी समाज ने वनभोज कार्यक्रम में लिया निर्णय
- महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में रुद्र यज्ञ

# नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों ने किया चक्का जाम



**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड के महुदी बारा में हिट एंड रन पर नए सख्त कानून के विरोध में ट्रक चालक व मालिकों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया. कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून को लेकर ही सभी ट्रक चालक आक्रोशित दिखे. ट्रक चालकों ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस कानून का कड़ा विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की. कहा कि जब तक यह कानून वापस नहीं लिया जाएगा, हड़ताल जारी रहेगा. यह भी कहा कि रोज कमाने-खाने वाले चालक किसी तरह से अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. ऐसे में लाखों रुपए कहां से दे पाएंगे. इससे अच्छा है कि हड़ताल कर भूखे मर जाएं. मौके पर महुदी बारा ट्रक ऐसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे.

### जिले में अपराध के बढ़ते ग्राफ में कमी लाने के साथ ही कम्यूनिटी पुलिसिंग पर भी करना होगा काम

# हजारीबाग के नये एसपी के समक्ष कई बड़ी चुनौतियां व जिम्मेदारी

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

नये साल की शुरुआत के साथ निर्वतमान एसपी मनोज रतन चोथे को जिले से विदाई दी गई. वहीं, नये पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह ने कमान संभाल ली है. इसके साथ ही नये एसपी के सामने कई बड़ी चुनौतियां और जिम्मेदारियां भी सामने हैं. आम जनमानस का मानना है कि सबसे पहले जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ में कमी लानी होगी. साथ ही जनता की सुरक्षा को लेकर विश्वास बनाना होगा.

हालांकि, जनता को भी पुलिस को सहयोग करना होगा. बिना जनसहयोग के कुछ भी संभव नहीं है. पूर्व में बतौर डीएसपी जिले को करीब



से देख चुके नए एसपी अरविंद कुमार सिंह के समक्ष अपराध का ग्राफ गिराना बड़ी चुनौती है. आए दिन जिस तरह से चोरी, छिनतई, लूट, हत्या आदि के मामले सामने आते रहे हैं, इस पर अंकुश लगाना होगा. साथ ही नशे के अवैध कारोबार, खासकर ड्रग्स पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती

**जीते भरोसा**

- आम जनता के बीच सुधारनी होगी पुलिस की छवि
- नशे के अवैध कारोबार की भी तोड़नी होगी कमर

होगी. वहीं, कोयले के काले कारोबार को भी नियंत्रित करना होगा. साथ ही कम्युनिटी पुलिसिंग को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाना होगा. थानेदारों की कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव लाना भी नए एसपी के समक्ष एक बड़ी जिम्मेदारी होगी. जिले के कई ऐसे थाने हैं, जहां जमीन से जुड़े अपराध के मामले ज्यादा आते रहे हैं. ऐसे मामलों में पुलिस पर कई तरह के आरोप-प्रत्यारोप भी लगते रहे हैं. ऐसे में आम जनमानस के बीच पुलिस की छवि सुधारनी होगी.

नये एसपी अरविंद कुमार सिंह ने अपने प्राथमिक वक्तव्यों से आम आदमी को न्याय का भरोसा दिया है. यह सुखद पहलु है. लेकिन आने वाले समय में उनका यह भरोसा धरातल पर कितना कामयाब होता दिखेगा, यह देखने वाली बात होगी. जब तक आम आदमी अपनी पीड़ा के निबटारे के लिए पुलिस थानों में खुद को सहज और सरल नहीं पाएगा, तब तक पुलिस और जनता के बीच की खाई नहीं पाटी जा सकती है.

## बरवाडीह परियोजना प्रमुख ने की नए एसपी से मुलाकात

- परियोजना से संबंधित कई विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा



**हजारीबाग।** जिले के नये एसपी अरविंद कुमार सिंह से बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के प्रमुख नीरज जलोटा ने मंगलवार को औपचारिक भेंट की. इस दौरान उन्होंने परियोजना से संबंधित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की. कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से एनटीपीसी अपने क्रियाकलापों को सुचारू रूप से जारी रखेगा. परियोजना प्रमुख ने आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक सशक्तीकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी नये एसपी को जानकारी दी. इसके बाद नीरज जलोटा ने निवर्तमान एसपी मनोज रतन चोथे से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें पदोन्नति और डीआइजी स्पेशल सेल झारखंड पुलिस के पद पर पोस्टिंग पर बधाई दी. इस दौरान पकरी बरवाडीह परियोजना के अपर महाप्रबंधक (एचआर) अमित कुमार अस्थाना और वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) मोहित कोतवाल भी मौजूद रहे.

## प्रॉपर्टी बाजार

**लोकेशकन : हजारीबाग-सिमरिया रोड**

- स्थान : कटकमदाग प्रखंड का बेंदी
- जमीन का दर : ढाई लाख रुपए डिसमिल
- बस स्टैंड से दूरी : आठ किलोमीटर
- रेलवे स्टेशन से दूरी : पांच किलोमीटर
- आवागमन का साधन : कार, ऑटो, बस, बाइक
- आसपास के स्कूल : सरकारी स्कूल, मुनअम पब्लिक स्कूल
- पास का सब्जी बाजार : बेंदी और सुल्ताना

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम : पूनम नर्सिंग होम नवाबगंज हजारीबाग नवाबगंज**

- कुल बेड : 15
- आईसीयू : नहीं
- एंबुलेंस : हां
- साफ-सफाई : बेहतर
- पार्किंग सुविधा : हां
- चिकित्सक : सर्जन डॉ उत्कृष्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शिखा खंडेलवाल, डॉ पूजा प्रिया और एनेस्थेसिया डॉ प्रकाश
- विशेषज्ञ : सर्जन, एनस्थेसिया और स्त्री रोग विशेषज्ञ
- सुविधाएं : सोमवार से रविवार 24 घंटे इलाज, ऑपरेशन थिएटर, मेडिकल दुकान, लेबर रूम, जांच घर की व्यवस्था

## घूमें-फिरें

**स्थल का नाम : शिव शक्ति धाम ठाकुर दहा बाबा**

- शहर से कितनी दूर : हजारीबाग से 23 किमी और दारू से तीन किमी
- शहर में कहां है : हजारीबाग के दारू प्रखंड में
- कैसे पहुंचेंगे: (कार से, ऑटो से, बाइक से, बस से )
- पहुंचने का रूट क्या है : हजारीबाग से विष्णुगढ़ मार्ग एनएच-100 के किनारे दारू पंचायत
- क्या-क्या है खास : जंगल की मनोरम वादियां, शिव मंदिर और पिकनिक स्पॉट



## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : क्लब मटन**

- किस स्थान पर है : हजारीबाग के सर्किट हाउस के पास
- नाश्ते में क्या : ब्रेड, अंडा, रोटी, सब्जी, भुजिया
- दिन के भोजन में क्या : दाल, चावल, रोटी, स्पेशल सब्जी, तड़का, चिकन और मटन
- रात के भोजन में क्या : तंदूरी रोटी, तवा रोटी, आलू पराठा, नान, पनीर सब्जी, पालक पनीर, मछली
- खास क्या है : मटन हांडी
- वेज-नॉनवेज : दोनों
- चाइनीज आइटम : नहीं
- होम डिलिवरी : है
- संचालक धीरज सिंह कहते हैं कि साफ-सफाई के साथ ग्राहकों को पसंदीदा और स्वादिष्ट भोजन कराना पहली प्राथमिकता है.

## रिम्स ओपीडी

**सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक**

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन :** डॉ. बिंदे कुमार
- **सर्जरी :** डॉ. विनय प्रताप
- **न्यूरो सर्जरी :** डॉ. सीबी सहाय
- **ऑर्थोपेडिक :** डॉ. जीके गुप्ता
- **कार्डियोलॉजी :** डॉ. पीके श्रीवास्तव
- **टीबी एवं चेस्ट :** डॉ. ब्रजेश मिश्रा
- **नेत्र :** डॉ. दीपक लकड़ा
- **ऑब्स गायनी :** डॉ. अतीमा भारती
- **ईएनटी :** डॉ. जेडएम खान
- **सीटीवीएस :** डॉ. राकेश कुमार
- **सायकेट्री :** डॉ. अजय बाखला
- **पीडियाट्रिक सर्जरी :** डॉ. अभिषेक कुमार सिंह
- **न्यूरोलॉजी :** डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **शिशु रोग :** डॉ. अजय कुमार
- **इएनटी :** डॉ. पीके सिंह
- **डेंटल विभाग :** डॉ सुदीप
- **ट्रामा सेंटर :** सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
- **सर्जन :** डॉ. संजीव कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**

- **हड्डी रोग :** डॉ. मयंक कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक

- **ऑर्थो :** डॉ. बालकृष्ण
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 23 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 12 डिग्री सेल्सियस
- **बादल की स्थिति :** आसमान साफ रहेगा
- **हवा की रफ्तार :** 7 किमी प्रति घंटे

### बस व ट्रक चालकों ने किया नये हिट एंड रन कानून का कड़ा विरोध

# हड़ताल से यात्री रहे परेशान

**संवाददाता। हजारीबाग**

देशभर में नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही. हजारीबाग में भी हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला. बस स्टैंड पर सभी गाड़ियां खड़ी रहीं. वहीं सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा. यहां तक कि ट्रक चालकों ने भी अपनी गाड़ियों को सड़क के किनारे ही खड़ा कर दिया है. बस स्टैंड पर बस-ट्रक चालकों ने सरकार के हिट एंड रन कानून का विरोध करते हुए नारे भी लगाए.

वहीं, एनएच-100 पर एक भी ट्रक और बस नहीं दिखी. प्राइवेट बस स्टैंड के पास बस चालकों ने कुछ देर के लिए ऑटो और अन्य गाड़ियों को भी रोकने का काम किया. हालांकि, बाद में उन गाड़ियों को छोड़ दिया गया. यह स्पष्ट किया गया कि सिर्फ बस नहीं चलने दी जाएगी. वहीं सूचना मिली कि कुछ ऑटो चालक रामगढ़ तक ऑटो चला रहे हैं. उन्हें चेतावनी दी गई कि बस व ट्रक चालकों के आंदोलन का समर्थन करें. किसी भी यात्री को ले जाने की आवश्यकता नहीं है. बस चालकों की हड़ताल से सबसे अधिक परेशानी यात्रियों को हो रही है. हजारीबाग के एक यात्री राजेश को रांची जाना था, लेकिन वह नहीं जा पाए.

दूसरी ओर कई ऐसे मरीज भी हैं जिन्हें अपने इलाज के लिए रांची जाना था, पर नहीं जा सके. वहीं, ट्रक चालकों की हड़ताल का असर आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है. हड़ताल की वजह से खाद्यान्न, दवाइयां और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की किल्लत हो सकती है. गौरतलब है कि भारतीय न्याय संहिता में संशोधन कर हिट एवं रन के मामलों के लिए बनाए गए सख्त कानून का चालक विरोध कर रहे हैं. इस संशोधन का ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने भी विरोध किया है.



हजारीबाग में बस अड्डा में प्रदर्शन करते बस चालक.

**संशोधित कानून के नियम**

हिट एंड रन कानून में संशोधन के बाद सेक्शन 104 (2) के तहत हिट एंड रन की घटना में गलत ड्राइविंग या लापरवाही के चलते किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है और चालक पुलिस को बिना सूचना दिए घटनास्थल से भाग जाता है, तो उसे 10 साल तक की सजा हो सकती है. इसके अलावा 7 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लग सकता है.

**विरोध प्रदर्शन**

- बस अड्डा में पसरा रहा सन्नाटा, खड़ी रहीं गाड़ियां
- बस ड्राइवर एसो. ने दिया एक सप्ताह का समय

**आखिर क्यों मचा है इतना हंगामा?**

केंद्र सरकार सख्त नियमों के तहत सड़क हादसों को रोकना चाहती है. हालांकि, सड़क जाम कर रहे बस व ट्रक चालकों का कहना है कि 'हिट एंड रन' के प्रावधान में बदलाव विदेशी तर्ज पर किया गया है. इसे लाने से पहले विदेशों की तरह अच्छी सड़कें, यातायात नियम और परिवहन व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए. चालकों का कहना है कि नए नियम में 7 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है, चालक इतने पैसे कहां से लाएंगे.

**आजतक बस परिचालन बंद :** चालकों ने बताया कि तीन जनवरी तक बसों का परिचालन नहीं होगा. इसके बाद बस ड्राइवर एसोसिएशन सरकार को एक सप्ताह का समय देगा. अगर सरकार कानून को निरस्त नहीं करेगी, तो बस चालक अनिश्चितकालीन बंदी में चले जाएंगे. इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार की होगी. बस चालकों का कहना है कि अगर सड़क दुर्घटना होती है और उस वक्त गाड़ी रोक दिया जाए, तो जान पर भी खतरा मंडरा सकता है. कभी-कभी चक्का फट जाने से भी दुर्घटना होती है. इसमें ड्राइवर की किसी भी तरह की गलती नहीं होती है. धक्का मार कर भाग जाना मानवता के खिलाफ है, लेकिन बस में दर्जनों यात्री भी होते हैं. यदि समय पर बस हटाया नहीं गया, तो उन यात्रियों पर भी खतरा बन जाता है. कोई भी बस चालक जान-बूझ कर किसी को नहीं मारता है. इन सब बातों को सरकार को समझना चाहिए.



## हिट एंड रन कानून के विरोध में ऑटो चालकों का चक्का जाम

- हजारीबाग-रांची मुख्य मार्ग के बीचों-बीच लगाया ऑटो
- रांची रोड स्टेशन उतरे सैकड़ों यात्रियों को हुई परेशानी

**रामगढ़।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून का देशभर में विरोध हो रहा है. जिले में भी वाहन चालकों में इस नये कानून को लेकर आक्रोश है. इसे लेकर ऑटो चालकों ने मंगलवार को हजारीबाग-रांची मुख्य मार्ग के बीचों-बीच ऑटो लगाकर चक्का जाम कर दिया. ऐसे में गोमोह-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन से रांची रोड रेलवे स्टेशन पर उतरे सैकड़ों यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी हो गई.

इनमें से ज्यादातर यात्रियों का रांची जाना था, लेकिन किसी को बस-ऑटो नहीं मिल रहा था. ऐसे में इन यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

## चालकों ने रैली निकाल कर किया चक्का जाम

**बड़कागांव।** केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ झारखंड ड्राइवर महासंघ के बैनर तले चालकों ने प्रखंड में विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान नए कानून को वापस लेने की मांग की गई. बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल से रैली निकाल कर चालकों का दल बड़कागांव मुख्य चौक पहुंचा और सड़क जाम कर आंदोलन किया गया. विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता युवा नेता सोनू इराकी और संचालन निरंजन कुमार व कपिल कुमार ने किया. संघ के सदस्यों ने कहा कि हिट एंड रन का नया कानून चालकों के खिलाफ है, सरकार को इसे वापस लेना चाहिए. बुधवार सुबह 9 बजे से भी चक्का जाम किया जाएगा. प्रदर्शन में अजय कुमार, दयानंद कुमार, रोहन कुमार, भुवनेश्वर साव, मो. आरिफ, राजू कुमार, मो. जानिद, गणेश कुमार, सुधीर कुमार, संजय गिरी, उदय सिंह, सुधीर कुमार, उमेश कुमार सहित दर्जनों चालक शामिल थे.

## हजारीबाग रेलवे स्टेशन में तीन गुना बढ़े यात्री

**हजारीबाग।** देश भर में बस व ट्रक चालक हड़ताल पर चले गए हैं. ऐसे में सबसे अधिक परेशानी आम जनता को हो रही है. हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में बंदी का असर देखने को मिला. आम दिनों की अपेक्षा रेलवे स्टेशन पर तीन गुना भीड़ दिखी. इनमें रांची और कोडरमा जाने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा थी. स्टेशन पर मौजूद यात्री राजेश कुमार ने बताया कि सुबह 3 घंटे तक बस स्टैंड पर बस का इंतजार करते रहे, लेकिन एक भी गाड़ी नहीं आई. ऐसे में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. बाद में पता चला कि हजारीबाग से शाम से 6 बजे के आसपास इंटरसिटी ट्रेन है. जिससे रांची जाया जा सकता है. दूसरी ओर महिला यात्री रीता सिंह ने भी बताया कि आज पहली बार ऐसा प्रतीत हुआ कि रेलवे स्टेशन आम लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है. आमतौर पर लोग बस से रांची जाना पसंद करते हैं. लेकिन आज जब बस चालक हड़ताल पर चले गए, तो ट्रेन काम आ गया.

## बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूल बंद करने की मांग

**चौपारण।** बढ़ती ठंड को देखते हुए झारखंड सरकार से स्कूलों को बंद करने की मांग की गई है. बरही विधायक उमाशंकर अकेला के स्वास्थ्य प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत ने कहा कि नववर्ष के प्रथम सप्ताह में भीषण शीतलहर चलती है. इसे देखते हुए झारखंड के सभी सरकारी और निजी प्राथमिक विद्यालयों को बंद किया जाए. वर्ग एक से लेकर पांच तक का शैक्षणिक कार्य बंद रखने का आदेश दिया जाए. उन्होंने आंगनबाड़ी को भी बंद रखने की मांग की है. कहा कि बच्चों की सेहत का ध्यान में रखते हुए कक्षाएं बंद रहे और खाद्यान्न संबंधी व्यवस्थाएं घर पर ही की जाए.

## ब्रीफ खबरें

### तीन दिनों से लापता युवती का शव कुआं से बरामद

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र के जोको में एक कुआं से 17 वर्षीय युवती का शव मिला है. मृतका की पहचान गांव के सुखदेव साव की पुत्री मनीषा कुमारी के रूप में हुई है. मृतका के पिता ने केरेडारी थाना में आवेदन देकर बताया है कि बीते 31 दिसंबर से मेरी बेटी अचानक लापता हो गई थी. जांच में पेटो गांव के युवक सुधीर कुमार से मोबाइल पर बातचीत का आधार मिला. उक्त युवक से पूछताछ करने पर उसने मनीषा को अपने दोस्त के यहां रखने और शादी करने की बात स्वीकार की थी.

## अनियंत्रित ट्रैक्टर के धक्के से एक बच्चे की मौत, तीन गंभीर

**संवाददाता। बड़कागांव**

प्रखंड अंतर्गत सिकरी में मंगलवार सुबह करीब सवा नौ बजे बजे घर के पास बैठे दो बच्चों समेत एक युवक व महिला ने ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर जमनीडीह की ओर से आ रही थी, जिसे एक नाबालिग चला रहा था. इस बीच ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क किनारे बैठे युवक और घर के पास खड़े बच्चों व महिला को धक्का मार दिया. घायलों में सयूब अंसारी के पुत्र रेहान राजा (4) की अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई. हजारीबाग सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया. वहीं, अन्य घायलों की पहचान रामवृक्ष राम के पुत्र निरंजन राम (32), अफजल मियां की पत्नी नसीबन खातून व मो. नूर के पुत्र असद राजा (4) के रूप में हुई है. तीनों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है. घायलों के कमर, सिर व पौ में गंभीर चोट आई है.

## 'काला कानून वापस ले सरकार'

**संवाददाता। झुमरी तिलैया**

तिलैया थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के पास सैकड़ों चालकों ने हिट एंड रन कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए इस इस कानून के खिलाफ ऑल इंडिया ड्राइवर एसोसिएशन के आह्वान पर पूरे भारत में तीन दिवसीय चक्का जाम किया जा रहा है. ड्राइवरों का कहना है कि वे लोग 9-10 हजार रुपये प्रति महीना कमाने वाले हैं और कोई भी ड्राइवर नहीं चाहता है कि दुर्घटना हो.




लेकिन, अगर कभी गलती से दुर्घटना हो जाती है, तो पहले पब्लिक मारपीट करने लगती है. ऊपर से केंद्र सरकार ड्राइवर विरोधी काला कानून लाई है. हम लोग 10 साल सजा भी काटेंगे और सात लाख रुपए तक जुर्माना भी देंगे. लेकिन, ये पैसे कहां से लाएंगे. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि यह काला कानून है जिसे वापस लिया जाना चाहिए, नहीं तो अनिश्चित काल के लिए चक्का जाम किया जाएगा. वहीं हड़ताल से यात्री परेशान दिखे.

**तैयारी** | अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूजित अक्षत व पत्रक वितरण अभियान प्रारंभ

# आपके घर भी निमंत्रण देने आएंगे बजरंगी और स्वयंसेवक

**संवाददाता। हजारीबाग**

अयोध्या में रामलला का मंदिर बने और हर सनातनी का इसमें सहयोग हो, इस भाव से घर-घर जाकर स्वयंसेवकों ने विभिन्न माध्यमों से संपर्क कर निधि एकत्रित किया था. अब जब आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होना है, तो स्वयंसेवक और विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य घर-घर निमंत्रण पत्र और अक्षत लेकर जाएंगे. यह कार्य एक जनवरी को ही जिले में भव्य कलश पूजन और अक्षत वितरण कार्य के साथ प्रारंभ हो गया है.

शहर क्षेत्र में यह अभियान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने



प्रारंभ किया है. वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी भ्रमण कर पूजित अक्षत और पत्रक वितरण का कार्य होगा. शहरी क्षेत्र के शिवाजी व्यवसायिक शाखा के स्वयंसेवक, शाखा कार्यवाह अलख, मुख्य शिक्षक योगेन्द्र, कैलाश प्रसाद, किशोर सिन्हा, राजीव कुमार, अनमोल कुमार, पवन कुमार के साथ-साथ प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल ने अपने टोली के साथ अक्षत और पत्रक का वितरण किया. बता दें कि यह अभियान 15 जनवरी तक चलेगा.

**ग्राम स्तर पर बनायी गई टोली, हर कोई बन रहा सहयोगी :** हर घर अक्षत और पत्रक पहुंचाने के लिए संघ परिवार के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग, राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के साथ-साथ आम लोग भी बड़ी संख्या में सहभागी बन रहे हैं. बकायदा संघ की ओर से ग्राम स्तर पर टोली, शहरी क्षेत्र में शाखा और मोहल्ला स्तर पर समिति बनाई गई है. शहरी क्षेत्र में यह कार्य नगर संघ चालक मनोज गोयल और नगर कार्यवाह के नेतृत्व में किया जा रहा है. इनमें प्रमुख रुप से नगर कार्यवाह मनीष कुमार, नवीन सिंह, मटवारी से संजय श्रीवास्तव, शैलेंद्र गुप्ता, शिवपुरी ज्ञानचंद प्रसाद मेहता, रामाशीष प्रसाद, अजीत गुप्ता व मिथलेश कुमार, कुम्हारटोली में बद्री राम, मनीष कुमार, विकास कुमार व अनिल कुमार पांडेय शामिल हैं. इसी तरह रामनगर कदमा में अनिल पांडेय, डॉ. सुबोध सिंह शिवगीत व मनोज सिन्हा, शिवदयाल नगर में अनिल कुमार, नूरा में सुशील यादव व संदीप कुमार, बड़ा बाजार में सत्येंद्र कुमार मेहता, डॉ. संतोष पांडेय व सुरेश मेहता, यशवंत नगर में अनमोल कुमार सहित अन्य सहभागिता निभा रहे हैं.

**धार्मिक कार्य**

- एक जनवरी से ही शुरु कर कर दिया गया है अभियान
- शहरी क्षेत्र में शाखा व मुहल्ला स्तर पर समिति का गठन

## 23 जनवरी को अयोध्या रवाना होंगे श्रीरामभक्त

**हजारीबाग।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए हजारीबाग से भी अयोध्या जाने की तैयारी चल रही है. मंगलवार को बड़ा अखाड़ा प्रांगण में बैठक कर निर्णय लिया गया. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया के आह्वान पर हजारीबाग से राम भक्त 23 जनवरी को अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे. इस यात्रा में बस से आना-जाना भोजन समेत अन्य व्यवस्था हजारीबाग विभाग करेगी. ठाकुरबाड़ी के महंत विद्यानंद महाराज ने कहा कि यह बेहद गर्व की बात है कि 22 जनवरी को भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है.


**F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल**
में आपका स्वागत और अभिनंदन!

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आवश्यकता के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत में होटल और रूम में ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।



FLIGHT TICKETS
CRUISE BOOKING
HOTEL BOOKING
TRAIN TICKET
TAXI SERVICE
CURRENCY EXCHANGE
HOLIDAY PACKAGES
GROUP BOOKINGS
E VISA SERVICE
INTERNATIONALTOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, 3 घायल

संवाददाता। पलामू

जिले के पांकी-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर बानदूबार गांव में सोमवार रात दो बाइक की टक्कर में दुकानदार की मौत हो गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को रांची रिम्स रेफर किया गया है. अरुण पांकी थाना क्षेत्र के बूढाबार के निवासी थे. वे सोमवार रात बर्तन दुकानदार बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे. इस बीच उनकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई. दूसरी बाइक पर सवार सुडी के नवल किशोर शर्मा, विवेक कुमार और बबलू कुमार जख्मी हो गए. घायलों को एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए विवेक कुमार को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.



पांकी के थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि घटना सोमवार की है. घायलों को पहले पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. वहां अरुण सोनी को मृत पाया गया जबकि अन्य जख्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए एमआरएमसीएच रेफर किया गया. घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है. इसके अलावा जिले के लेस्लीगंज के जैतुखाड़ के मुन्ना सिंह का पुत्र रंजन कुमार सड़क हादसे में जख्मी हो गया. वह मोटरसाइकिल से था और मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा ओवरब्रिज पर एक ट्रक की पीछे से अंदर घुस गया था. आनन-फानन में उसे एमआरएमसीएच, मेदिनीनगर ले जाया गया. उसकी स्थिति गंभीर को देखकर रात में ही रांची रिम्स रेफर कर दिया गया. सूचना मिलने पर मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना घायल को अस्पताल पहुंचाया.

**खास बातें**

- सोमवार देर रात बानदूबार गांव में हुआ हादसा
- घायल विवेक कुमार को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है

## आओ जानें

### किस राज्य में हुई एसिड अटैक की कितनी घटनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 10 | महाराष्ट्र | : 5 |
| अरुणाचल प्रदेश | : 00 | पंजाब | : 3 |
| असम | : 5 | राजस्थान | : 2 |
| बिहार | : 1 | तमिलनाडु | : 2 |
| गुजरात | : 11 | उत्तरप्रदेश | : 7 |
| झारखंड | : 2 | पश्चिम बंगाल | : 11 |
| कर्नाटक | : 3 | | |
| केरला | : 4 | | |
| मध्यप्रदेश | : 1 | | |



## ब्रीफ खबरें

### बाइक सवार कंटेनर से टकराया, युवक घायल

**गढ़वा।** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के मझिगावां बजरंग बली मंदिर के समीप सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया. रोहिला ग्राम निवासी 19 साल के बाइक सवार रवि कुमार धान लदा कंटेनर ट्रक से टकरा गया. हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. रवि कुमार के सिर और चेहरे में गंभीर चोट है. बिशुनपुरा पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई. बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुशवाहा ने बताया कि दुर्घटना मामले में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. कंटेनर का ड्राइवर और खलासी मौके से फरार हो गया.

### जेल में बंद कैदी की इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल में बंद कैदी 40 वर्षीय तासियस कुजुर की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई. तासियस गुमला जिले का रहने वाला था. वह पूर्व में हत्या के मामले में गुमला जेल में बंद था. कोविड काल के दौरान उसे गुमला जेल से घाघीडीह सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था. बीते एक हफ्ते से तबीयत खराब होने पर जेल के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था. मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे एमजीएम रेफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई. इधर, देर शाम मेडिकल बोर्ड का गठन कर तासियस के शव का पोस्टमार्टम कराया गया.

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**जरीडीह (बोकारो)।** बोकारो जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र के टांड़मोहनपुर रोलिंग मिल के समीप मंगलवार दोपहर बाद हुई सड़क दुर्घटना में एक 40 वर्षीय युवती की मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो से जैनामोड़ की ओर आ रही स्कूटी पर सवार बांसगोड़ा निवासी रानी लकरा (पिता आलोक जॉन साउर) को पानी सप्लाई करने वाले लाल रंग के एक टेंपो ने अपनी चपेट में ले लिया. दुर्घटना के बाद चालक टेंपो लेकर भाग गया. स्थानीय लोगों एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से घायल युवती को रेफरल अस्पताल जैनामोड़ पहुंचाया गया. जहां चिकित्सकों ने घायल युवती को मृत घोषित कर दिया.

### छत से गिर कर ढाई साल का मासूम घायल

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद के महुआर में मंगलवार की दोपहर छत से गिर कर ढाई साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बच्चा प्रियांशु कुमार के सिर पर गंभीर चोट पहुंची है. परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए बेंगाबाद स्थित एक निजी क्लीनिक लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया. बताया गया कि प्रियांशु अपने घर के छत पर खेल रहा था. बच्चे की मां बगल में किसी काम में व्यस्त थी. इसी क्रम में वह छत से नीचे गिर गया.

### तालाब में डूबे शख्स की तलाश जारी

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के कदलेटी तालाब में धर्मनाथ सिंह (45) नाम का शख्स डूब गया. घटना एक जनवरी की तकरीबन ढाई बजे की है. मंगलवार की सुबह से ही उसकी तलाश तालाब में की जा रही है. घटना की सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो व थाना प्रभारी आशुतोष कुमार मौके पर पहुंचे. उन्होंने घटना की जानकारी ली. सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि युवक की तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम से बात की गई है.

### संदिग्ध अवस्था में युवती का शव बरामद

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के बांधपाड़ा स्थित लॉज के कमरे से मंगलवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक आदिवासी युवती कुमुदिनी हांसदा का शव बरामद किया गया. सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस शव को कब्जे में लेकर तमाम बिंदुओं पर अनुसंधान में जुटी हुई है. युवती काठीकुंड थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा गांव की रहने वाली थी. बताया जाता है कि पहले कुमुदिनी इसी लॉज में रहती थी. लेकिन कुछ महीने पूर्व उसने यह लॉज खाली कर दिया था. इसके बाद भी उसका इस लॉज में आना जाना लगा रहता था. चुकी लॉज में उसके रिश्ते के चचेरे भाई और बहन रहते हैं.

## खूंटी में 13 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा उग्रवादी

# सिरिल सोय पुलिस पार्टी पर हमला करने का था आरोपी

- आत्मरक्षा के लिए पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक उग्रवादी मारा गया था

संवाददाता। खूंटी

हत्या, पुलिस पर हमला और उग्रवादी घटनाओं में संलिप्त 13 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी सिरिल सोय ग्राम गम्हरिया थाना मुरहू को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. उसके खिलाफ तोरपा थाने में दो मामले दर्ज हैं. उस पर हत्या, पुलिस पर हमला, उग्रवादी घटना, आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए सहित कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज हैं. पुलिस के मुताबिक नौ अगस्त, 2009 की शाम को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के उग्रवादियों ने कमड़ा मोड़ के पास चल रही फुटबॉल प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद तपकरा निवासी मो. निजाम खान को गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था.

घायल अवस्था में निजाम खान घटनास्थल के आसपास गश्त कर रही पुलिस पार्टी के पास पहुंचे. तभी उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर भी हमला कर दिया. आत्मरक्षा के लिए पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक उग्रवादी मारा गया था. इस घटना में भी सिरिल सोय शामिल था. बताया गया कि मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत जामदा बाजार में लकड़ी की खरीद-बिक्री करने वाले व्यापारी से पीएलएफआई उग्रवादियों द्वारा रंगदारी की मांग की गई थी. सभी उग्रवादी लेवी लेने के लिए गनालोया के साबर महतो को खोज रहे थे. इसी दौरान अनिल महतो से उन्होंने साबर महतो के बारे में पूछताछ की. अनिल महतो ने जब कहा कि वह साबर महतो को नहीं पहचानता, तो उग्रवादियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी.

बताया गया कि मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुंडा कुंजला के निकोलस सुरीन और उसके पड़ोसी श्रीराम सिंह हमेरोम से पीएलएफआई ने लेवी की मांग की थी और घर में जाकर जान मारने की नीयत से उस पर हमला किया था. सिरिल सोय को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुरहू के थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक मो इकबाल हुसैन, एसआई दिगंबर पांडेय, एसआई लक्ष्मण चौधरी, एएसआई सुदर्शन महतो तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

### हार्डकोर माओवादी के घर चिपकाया इश्तिहार



**गुमला।** गुमला और घाघरा थाना की पुलिस ने मंगलवार को गुमला थाना क्षेत्र के ऊपर कुल्ही गांव में हार्डकोर माओवादी रंथू उरांव के घर में इश्तिहार चिपकाया है और उसके परिजनों से हार्डकोर माओवादी रंथू को सरेंडर कराने का दबाव बनाया. गुमला और घाघरा थाना की पुलिस ने मंगलवार को गुमला थाना क्षेत्र के ऊपर कुल्ही गांव में हार्डकोर माओवादी रंथू उरांव के घर में इश्तिहार चिपकाया है और उसके परिजनों से हार्डकोर माओवादी रंथू को सरेंडर कराने का दबाव बनाया. हार्डकोर माओवादी रंथू उरांव 5 लाख का इनामी है. एसआई राहुल सिंह ने बताया कि रंथू उरांव 81/22 कांड का अभियुक्त है. जिसमें जोकरी जंगल से विस्फोटक बरामद का मामला है. इस घटना में अभियुक्त हार्ड कोर उग्रवादी रंथू लंबे समय से फरार चल रहा है. गुमला व घाघरा पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया है. एसआई राहुल सिंह ने बताया कि रंथू उरांव 81/22 कांड का अभियुक्त है. जिसमें जोकरी जंगल से विस्फोटक बरामद का मामला है. इस घटना में अभियुक्त हार्ड कोर उग्रवादी रंथू लंबे समय से फरार चल रहा है. गुमला व घाघरा पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया है.

### हत्या मामले में फरार चल रहा आरोपी पकड़ाया

**खूंटी।** जिला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नये साल के पहले दिन ही सोमवार को 15 वर्षों से फरार हत्या और आर्म्स एक्ट के आरोपित तुलसीदास भेंगरा उर्फ संतोष ग्राम आनंदपुर थाना तपकरा को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने गुप्त सूचना पर रांची जिले में वर्ष 2009 में हुई हत्या तथा 2013 में आर्म्स एक्ट के फरार वांछित स्थाई वारंटी तुलसीदास भेंगरा को उसके गांव से ही गिरफ्तार किया. तुलसीदास के खिलाफ बेड़ो थाना और जगन्नाथपुर थाना रांची में हत्या, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है. तुलसीदास भेंगरा को गिरफ्तार करने वाली टीम में तपकरा के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बलराम कुमार सिंह, एएसआई रमजानुल हक और आरक्षी सर्वजीत कुमार शामिल थे.

# पियून की नौकरी दिलाने के नाम पर 80 हजार की ठगी

संवाददाता। गुमला

गुमला पुलिस लाइन में कार्यरत महिला कांस्टेबल किरण कुमारी का पति रमेश कुमार द्वारा डीसी आफिस में पियून का नौकरी दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपये ठगी करने का एक मामला प्रकाश में आया है. चैनपुर थाना क्षेत्र के सकरा अंबेराटोली निवासी निवासी अजय साय ने मंगलवार को मजदूर नेता जुम्मन खान को आवेदन देकर इस बात का खुलासा किया है. आवेदन में अजय साय ने कहा कि रमेश कुमार बुड़मू थाना क्षेत्र के मुडूपिरी गांव का रहने वाला है. उसकी पत्नी किरण कुमारी गुमला पुलिस लाइन में ड्यूटी करती है. रमेश कुमार ने डीसी आफिस में पीयून का नौकरी दिलाने की बात कही तो मैं उसके झांसे में आ गया और जमीन बंधक कर 80 हजार रुपये दिया और 8 अप्रैल 22 को शास्त्री नगर में शांति देवी के घर में रमेश कुमार को 80 हजार रुपये नगद दिया. डेढ़ वर्ष से अधिक हो जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिला तो फिर पैसा भी वापस नहीं कर रहा है. भुक्त भोगी मजदूर अजय साय ने मजदूर नेता जुम्मन खान से अर्जी करते हुए रुपये वापस दिलाने का अनुरोध किया है. जुम्मन खान ने कहा कि आवेदक का अर्जी बुधवार को एसपी और डीसी कार्यालय में अग्रसारित किया जाएगा और धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की जाएगी.

## रास्ते से हटाने की नीयत से लोहे की रॉड से सिर पर किया वार

# खेत में पड़ा मिला वृद्ध का शव, हड़कंप

संवाददाता। लातेहार

जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित गोवा ग्राम निवासी बिनेश्वर सिंह का शव उनके घर से 300 मीटर की दूरी पर खेत में मिला. बिनेश्वर सिंह के सिर पर चोट के निशान हैं. किसी ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार किया है. आशंका जतायी जा रही है कि बिनेश्वर सिंह की बहु ने रास्ते से हटाने की नियत से वृद्ध की हत्या की गयी है. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है. ग्रामीणों ने बताया कि बिनेश्वर सुबह शौच के लिए खेत गया था.

इसी दौरान पहले से घात लगाये लोगों ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार कर दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. ग्रामीणों जब सुबह उठे तो बिनेश्वर का शव लहूलुहान हालत में खेत में पड़ा देखा. जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. बताया जाता है कि बिनेश्वर सिंह के बेटे की एक साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी. गांव में चर्चा है कि बेटे की मौत के बाद उसकी पत्नी का गांव के ही एक व्यक्ति के साथ अफेयर चल रहा था. बिनेश्वर को पता चलने पर उसने इसका विरोध करता था. इसलिए बहु ने ही रास्ते से हटाने की नियत से ससुर की हत्या करवा दी.



# तिसरी में 2 खटाल संचालकों के बीच मारपीट, चार घायल



संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)

तिसरी प्रखंड मुख्यालय के भंडारी रोड स्थित दो खटाल संचालकों के बीच सोमवार की शाम को किसी बात को लेकर लेकर जमकर मारपीट हो गई. जिसमें एक पक्ष के मुलिया देवी, मोही यादव और उनकी 12 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी घायल हो गए. ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी ले जाया गया, चिकित्सकों ने उनका इलाज किया. वहीं, गंभीर रूप से घायल मुलिया देवी को गिरिडीह रेफर कर दिया. मोही यादव ने बताया कि वे लोग अपने खटाल में थे, तभी दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडे के साथ गाली- गलौज करते हुए आए और मारपीट करने लगे. उन लोगों ने खटाल में तोड़-फोड़ भी की. मारपीट में दूसरे पक्ष के कारू यादव के घायल होने की सूचना है. तिसरी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की.

### रीमिक्स फॉल में डूबने से युवक की मौत

**खूंटी।** जिले के मारंगहादा थाना क्षेत्र में स्थित पिकनिक स्पॉट रीमिक्स फॉल में मंगलवार सुबह डूबने से लगभग 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई. मारंगहादा थाना की पुलिस ने सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे सुरक्षित शीतगृह में रख दिया. संभावना व्यक्त की जा रही है कि मृत युवक आसपास ग्रामीण क्षेत्र का ही निवासी होगा, जिसकी पहचान के लिए पुलिस प्रयासरत है. घटना के संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक एक जनवरी को ही रीमिक्स फॉल आया था. सूत्रों के अनुसार नशे की अवस्था में युवक रात में रीमिक्स फॉल के समीप ही सोया हुआ था. संभावना व्यक्त की जा रही है कि मंगलवार सुबह शायद नहाने के लिए वह पानी में उतरा होगा, जहां गहरे पानी में वह डूब गया. सूत्रों के अनुसार उसे पानी में डूबते हुए कुछ बच्चों ने देख लिया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी.

# जेवर दुकान से लगभग 12.50 लाख रुपये की संपत्ति की चोरी

संवाददाता। कांडी (गढ़वा)

थाना क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने प्रेम प्रकाश जेवर घर नामक दुकान में सोमवार देर रात लाखों की संपत्ति की चोरी हो गई. घटना की सूचना उक्त दुकान के दुकानदार प्रेम प्रकाश ने मंगलवार को थाना को लिखित आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की गुहार लगायी है. चोरों ने दुकान के पीछे के दीवार को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और घटना को अंजाम दिया. आवेदन में घटना की उल्लेख करते हुए बताया गया है कि सोमवार की शाम तकरीबन 04 बजे तक दुकान खुला था. इसके बाद दुकान को बंद करके मैं घर चला गया. दुकान से घर की दूरी लगभग आधा किमी है. मंगलवार को पौने बारह बजे दुकान खोलने के बाद दुकानदार ने देखा तो तिजोरी काटा हुआ था. समान गायब पाया, दुकान में सामान बिखरा हुआ था. जिसमें सोना का नया आभूषण लगभग 80 ग्राम, सोना का पुराना आभूषण लगभग 20 ग्राम, चांदी का नया सामग्री व आभूषण लगभग 5 किलोग्राम, चांदी का पुराना आभूषण लगभग डेढ़ किलोग्राम व तिजोरी में रखा 80 हजार रुपया नगद की चोरी हुई. इस प्रकार दुकानदार को लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए की संपत्ति की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी हुई. मुख्य बाजार स्थित मेन रोड इस तरह की चोरी से कांडी के दुकानदार व ग्रामीणों ने पुलिस से चोरों को जल्द गिरफ्तार करने और घटना का उद्भेदन करने की मांग की है. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा ने बताया कि पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया है. मामला दर्ज कर जांच शुरू करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.




### महिला की फावड़ा से मारकर हत्या की

**साहिबगंज।** मंडरो मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोहबरा के सड़क टोला गांव में 1 जनवरी की रात लगभग 8 बजे एक आदिवासी महिला की फावड़ा से मारकर हत्या कर दी गयी. सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने महिला तालामय हांसदा उर्फ सोलमा हांसदा (50) का शव उसके घर से खाट पर पड़ी अवस्था में बरामद किया. महिला के सिर की बायीं तरफ जख्म के निशान थे. वहीं उसका पूरा चेहरा लहूलुहान था. उसकी आंखों के नीचे भी खरोंच के निशान थे. इधर, मृतक के परिजनों में मंडरो रानीडीह निवासी सूरज हांसदा ने बताया कि मृतका उसकी सास की दीदी है. खाना खा कर सोई थी. बाद में मौत की खबर सुन वहां पहुंचे तो देखा उसका सिर फटा था. जिससे खून बह रहा था. उसकी सास ने बताया कि नए साल को लेकर गांव में डीजे बज रहा था. गांव के सभी लोग डीजे देखने चले गए. इसी बीच उसकी हत्या कर दी.

## विरोध | युवाओं ने कहा-जिनका प्रदर्शन अच्छा, उनका चयन नहीं किया गया

# होमगार्ड बहाली में धांधली का लगाया आरोप

संवाददाता। बोकारो

बोकारो जिले में होमगार्ड बहाली में हुई गड़बड़ी के आरोप में मंगलवार को अभ्यर्थियों ने एसपी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर विरोध जताया. युवाओं ने बताया कि होमगार्ड बहाली में जिन अभ्यर्थियों का सभी परीक्षा में एक्सीलेंस प्रदर्शन था, उसका चयन न करके ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनका प्रदर्शन बेहतर नहीं था.

इस दौरान प्रदर्शन कर रहे युवाओं ने बोकारो डीडीसी कीर्तिश्री जी. की गाड़ी को रोकने की कोशिश की. इस पर प्रदर्शनकारियों के साथ पुलिस की हल्की नोंक-झोंक भी हुई. पुलिस के द्वारा हटाने के बाद डीडीसी की गाड़ी आगे बढ़ी. अभ्यर्थियों ने बताया कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे, ताकि होमगार्ड बहाली के नाम पर धांधली का पर्दाफाश किया जा सके. कुछ अभ्यर्थियों ने बताया कि बहाली के दौरान जो युवा वीडियो बना रहा था, वैसे लड़कों का मैरिट लिस्ट में नाम चयन हो गया है, लेकिन जो हर स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन किए, उनका नाम लिस्ट में कहीं भी नहीं है. सभी युवाओं ने कहा कि इस लिस्ट को स्थानीय प्रशासन रद्द कर नया लिस्ट जारी करे, नहीं तो इस मुद्दे पर आंदोलन तेज होगा.



### युवक ने नशे की हालत में लगायी फांसी

**लातेहार।** 1 जनवरी को नशे की हालत में एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. घटना सदर थाना क्षेत्र के मोंगर गांव की है. युवक की पहचान सुरेश सिंह (46) पिता स्व. नागेश्वर सिंह के रूप में की गयी है. मृतक की पत्नी गौरी देवी ने बताया कि सुरेश सिंह एक जनवरी की शाम शराब की नशे की हालत में घर आया और खाना मांगा. खाना परोसने से पहले ही वह अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया. घर वालों ने सोचा की शायद शराब के नशे में है और कमरे में जाकर सो गया होगा. कई बार उसे खाना खाने के लिए दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया गया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला. थोड़ी देर बाद लोगों ने घर के छत में चढ़कर देखा तो पाया कि वह फांसी के फंदे में झूल रहा है. इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी.

# कार ने मारी ई-रिक्शा को टक्कर एक की मौत, चार रिम्स रेफर



संवाददाता। कोडरमा

सदर थाना क्षेत्र के होली फैमिली हॉस्पिटल के समीप कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. जिसमें ई-रिक्शा पर सवार एक यात्री की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा तिलैया से सवारी लेकर कोडरमा की ओर आ रही थी, इसी क्रम में कार ने जोरदार टक्कर मार दी. जिसमें ई-रिक्शा पर सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद सदर थाना पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया. जहां चिकित्सकों ने जलवाबाद निवासी 55 वर्षीय इम्तियाज अहमद को मृत घोषित कर दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल पुरनानगर निवासी सुमित कुमार पांडेय, अमित कुमार पांडेय व सुजीत कुमार के अलावा ई रिक्शा चालक शमशेर आलम को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** नेत्र रोग से बचें. किसी से ऋण लेने से पहले सोच विचार कर लें. सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें.

**वृषभ** दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रयास से आय बनी रहेगी.

**मिथुन** पराक्रम से कार्य सिद्धि होगी. सारी स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. निर्णय सोच कर लें, शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** छोटी और सुलभ यात्रा का योग है. मानसिक उलझन दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे. विवेक का प्रयोग करें. लाभ में वृद्धि होगी. शिव पूजन करें.

**सिंह** आपके व्यवहार से सामाजिक सरोकार बढ़ेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. लगन और मेहनत से धनार्जन होगा. समय उत्तम है. इसका लाभ लें. गाय को भोजन दें.

**कन्या** कार्य करने पर आय होगी, पर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. कार्य होगा, जिससे आय में निश्चितता रहेगी. किसी नये कार्य का जोखिम न लें. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**तुला** खर्च अधिक होगा, जिससे मन खिन्न होगा. पर थोड़े प्रयास से रुके कार्य बनेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**वृश्चिक** आय का अच्छा स्रोत मिलेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी. अन्न दान करें.

**मकर** कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहा-सुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कुछ कार्य नहीं होने से चिंता तथा तनाव रहेंगे. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें. तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे. शनि को खुश करें.

**मीन** जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे. शिव मंदिर में अन्न दान करें.

**अमानवीय हरकत :** जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में में एक बार फिर शर्मसार हुई मानवता, मिली लावारिस नवजात

# बेटी पैदा होने पर निर्ममतापूर्वक झाड़ियों में फेंक भाग निकले मां-बाप

संवाददाता | जमशेदपुर

जमशेदपुर में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है. यहां बेटी को जन्म देने के बाद उसके मां और बाप उसे मरने के लिए झाड़ियों में फेककर फरार हो गए. घटना सिदगोड़ा थाना क्षेत्र की है, जहां लिट्टी चौक के पास झाड़ियों से आती किलकारी को स्थानीय लोगों ने सुना और पास ही मौजूद पीसीआर के माध्यम से रेस्क्यू कर एमजीएम अस्पताल पहुंचे. अस्पताल में जांच के बाद उसे स्वस्थ बताया गया. बताया जाता है कि बच्ची कुछ घंटे पहले ही पैदा हुई, जिसके बाद उसे झाड़ियों में फेंक दिया गया. नवजात को अस्पताल पहुंचाने वाले युवक ने बताया कि वह रास्ते से गुजर रहा था, तभी बच्ची के रोने की आवाज सुनी. आवाज सुनकर वह झाड़ियों की ओर गया तो पाया कि एक बच्ची कपड़े में लिपटी हुई है. उसने तत्काल पास मौजूद पीसीआर वाहन को इसकी सूचना दी. मामले की जानकारी सीडब्ल्यूसी को भी दे दी गई है.



अस्पताल में मौजूद नवजात.

**पूर्व में भी विभिन्न क्षेत्रों में मिल चुके हैं नवजात, नहीं होती कार्रवाई**

पूर्व में भी कई बार नवजात के मिलने की सूचना पुलिस को प्राप्त हो चुकी है, पर मामले में पुलिस सिर्फ प्राथमिकी ही दर्ज करती है. बीते दिनों ही गोलमुरी थाना क्षेत्र के केबुल कंपनी के पास एक नवजात का शव पाया गया था. उसका सिर जानवर खा चुके थे. इसके पूर्व स्वर्णरेखा नदी के किनारे कुत्ते के मुंह में एक नवजात को देखा गया था.

7.37 करोड़ की लागत की सात योजनाओं को मैनेज करने का आरोप, चल रही जांच

# एक करोड़ की लागत से हो रहे नाला निर्माण पर रोक

संवाददाता | साहिबगंज

शहर के बीचों बीच साहिबगंज महाविद्यालय के सामने नगर परिषद साहिबगंज क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड में 99,76,179 लाख रुपए की लागत से चल रहा कंस्ट्रक्शन ऑफ आरसीसी ड्रेनेज विद कवर के निर्माण कार्य पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गयी है. नगर परिषद के विशेष कार्यपालक पदाधिकारी सोमी खंडाईत ने इस पर रोक लगायी है. इस संदर्भ में नगर परिषद के विशेष कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रेस को बताया कि मामले में हुई टेंडर को लेकर शिकायतों के बाबत जांच चल रही है. अब जांच प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही निर्माण कार्य कराया जाएगा.



नाली निर्माण में जुटे मजदूर.

**क्या है पूरा मामला :** नगर परिषद साहिबगंज में टेंडर मैनेज करने का आरोप लगाया गया था. दरअसल 7.37 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले दो अलग-अलग एनआईटी के माध्यम से नगर परिषद की ओर से कुल 7 योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर टेंडर निकाला गया था. पहले एनआईटी के माध्यम से 3 योजनाओं की निविदा 24 जून को निकाली गई थी. इन तीनों योजनाओं के लिए 2 जून तक ऑनलाइन टेंडर जमा करने की तिथि निर्धारित की गई थी, जबकि सार्वजनिक रूप से निविदा खोलने और इसे ऑनलाइन करने की तिथि 3 जून तय की गई थी. वहीं 4 योजनाओं के लिए 25 जून को निविदा निकाली गई थी. भरे हुए टेंडर विपत्र को ऑनलाइन 3 जून तक जमा करने की समय सीमा निर्धारित की गई थी. जबकि टेंडर खोलने और इसे ऑनलाइन करने की तिथि 5 जून निर्धारित की गई थी. निर्धारित तिथि को दोनों एनआईटी के माध्यम से जमा लिए गए टेंडरों को न तो खोला गया था और न ही ऑनलाइन किया गया. इस बीच लंबे घालमेल के बाद 27 जून को टेंडर तय करते हुए इसे ऑनलाइन किया गया था. आरोप था कि उक्त योजनाओं में टेंडर तय करने के लिए अंदर अंदर सांठगांठ चलती रही. इसी कारण किसी के टेंडर को नहीं खोला गया है.

आखिरकार तीन ठेकेदारों के नाम 7 योजनाओं को क्रियान्वयन करने की जिम्मेदारी तय की गई. हालांकि इसके पूर्व भी इनमें से कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए टेंडर निकाली गई थी, लेकिन इसी प्रकार के लगे गड़बड़झाला और सांठगांठ के आरोप के बाद कतिपय कारणों से टेंडर को कैंसिल कर दिया गया था. मामले को लेकर हबीबपुर निवासी शाहबाज राज ने जिले के उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य के मुख्यमंत्री, राज्यपाल एवं राज्य सरकार के सचिव समेत अन्य कई पदाधिकारियों से इसकी शिकायत की थी. इसके अलोक में जांच टीम गठित की गई थी. जांच टीम द्वारा अपनी जांच की प्रक्रिया पूर्ण होने के पहले ही इस योजना को शुरू कर दिया गया था. योजना को रात के अंधेरे में जैसे तैसे करने का आरोप लगाया गया था. मामले को लेकर पूर्व के शिकायतकर्ता शाहबाज राज ने एक बार से पदाधिकारी से गुहार लगाते हुए जब तक जांच प्रक्रिया पूर्ण नहीं होती इस पर रोक लगाने की मांग की थी. इसके आलोक में जिले के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गयी है.

# टाटा स्टील से मांगा 10 वर्षों के सीएसआर एक्टिविटी का ब्योरा

संवाददाता | आदित्यपुर

आदित्यपुर के प्रबुद्ध नागरिक और आरटीआई कार्यकर्ता प्रो. एसके महतो ने अब टाटा स्टील लिमिटेड कंपनी से 10 वर्षों में सीएसआर एक्टिविटी पर बाह्य एनजीओ और स्वयं द्वारा निबंधित एनजीओ के माध्यम से कराए गए करोड़ों रुपए खर्च का ब्योरा मांगा है. प्रो. महतो ने कुछ आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए कहा है कि टाटा स्टील कंपनी के वित्तीय वर्ष 2014-17 के बीच सीएसआर एक्टिविटी में किए गए खर्च में गड़बड़ी की आशंका है. उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री सह अध्यक्ष राज्य कारपोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी झारखंड के साथ मंत्री कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार और सचिव, कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय, भारत सरकार को इस संबंध में पत्र भेजा है. पत्र में इन सारी बातों की जानकारी मांगी गई है.



प्रो एसके महतो.

पत्र में उन्होंने कहा है कि टाटा स्टील लिमिटेड कंपनी की स्थापना 25 अगस्त 1907 को हुई है. केंद्र सरकार ने विचारोपरांत भारत में प्रथम बार कम्पनी एक्ट 2013 के सेक्शन 135 को 1.4.2014 को वैधानिक रूप स्वरूप देते हुए लागू किया है. यह एक्ट टाटा स्टील कम्पनी पर भी उसी वर्ष उसी तिथि से लागू है. लेकिन टाटा स्टील लिमिटेड कंपनी ने इस अधिनियम को कब से लागू किया और इसपर विगत 10 वर्षों में कंपनी ने कम्पनी एक्ट 2013 के सेक्शन 135 के शिड्यूल (vii) के प्रोविजन के अन्तर्गत कितने खर्च किस-किस एक्टिविटी पर किए हैं. संभव है इसकी जानकारी सरकार को भी न हो.

**6 वर्षों लाभांश पर खर्च का ब्योरा नहीं मिला**

उसके बाद के अर्थात 6 वर्षों (वर्ष 2017- 2023 तक) का सीएसआर एक्टिविटी पर इस कम्पनी के अपने लाभांश पर 2% राशि खर्च का ब्योरा प्राप्त नहीं हो सका है. लेकिन विडंबना यह है कि इस कंपनी ने अपनी ही कम्पनी द्वारा अपनी ही कम्पनी के नाम पर एवं माध्यम से निबंधित एनजीओ जो शायद सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 और इंडियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत निबंधित दर्शाया गया है, के माध्यम से सीएसआर कार्य को करवाया है. पूरे लाभांश की 2% राशि 115 .80 करोड़ रुपये से बहुत ज्यादा राशि 193 .61 करोड़ खर्च दर्शाया गया है. जो सही प्रतीत नहीं होता है. वहीं सीएसआर के कार्य कहीं भी धरातल पर दिख नहीं रहे हैं.

## झारखंड हॉकी टीम का चयन ट्रायल 5 को

**रांची ।** 21 से 27 जनवरी 2024 तक चेन्नई में आयोजित छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 के लिए हॉकी झारखंड के बालक व बालिका टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का खुला चयन ट्रायल 5 जनवरी को आयोजित होगा. चयन ट्रायल सुबह 9 बजे से बरियातू गर्ल्स स्कूल स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा. इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं, जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2005 को या उसके बाद की हो. चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ आधार कार्ड,जन्म प्रमाण पत्र और स्कूल बोनोफाइड प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है.

## पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात को



**रांची ।** शिव मंडल पहाड़ी बाबा का 26वां वार्षिकोत्सव सात जनवरी को धूमधाम से मनायेगा. उदय चौधरी ने बताया कि दैनिक पूजन-आरती के बाद सुबह साढ़े सात बजे हनुमान ध्वज पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद नौ बजे से रुद्राभिषेक किया जायेगा. आचार्य श्यामसुंदर भारद्वाज अन्य सहयोगी ब्रह्मणों के साथ अनुष्ठान संपन्न करायेंगे. इसमें बतौर मुख्य यजमान प्रेमशंकर चौधरी सपत्नीक हिस्सा लेंगे. उन्होंने बताया कि दिन के एक बजे पहाड़ी बाबा का पुष्प शृंगार किया जायेगा. श्रद्धालु बाबा को 56 भोग लगायेंगे। इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो शाम छह बजे तक चलेगा। इस बीच भक्तों के बीच भंडारा का प्रसाद भी बांटा जायेगा। आनंद गिरी , प्रदीप मोदी , जितेन्द्र कुमार , मनोज साहु , दिनेश चौधरी , मनोज राजगढ़िया , रविंद्र चौधरी , इंद्रदेव प्रसाद चौधरी , राकेश कुमार , सुनील अग्रलवाल , राजू साहु , रेखा साहु , अनुपमा चौधरी , प्रेमलत्ता लाखोटिया आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।

# इस माह चालू होंगे दो नए सब स्टेशन



संवाददाता | धनबाद

नए वर्ष के पहले महीने बिजली विभाग द्वारा कुछ नए तोहफे की उम्मीद है. महीनों से प्रतीक्षारत जिले में बिजली विभाग के दो नये सब स्टेशन इस माह शुरू हो जाएंगे . इनमें एक धनबाद अंचल के सुगियाडीह एवं निरसा के गोपालगंज में स्थित है. दोनों सब स्टेशन के चालू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी. धनबाद अंचल के अंतर्गत कार्मिक नगर सुगियाडीह सबस्टेशन बनकर तैयार हो गया है. इससे कार्मिक नगर, सुगियाडीह, रघुवर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में रह रहे 20 हजार लोगों को पर्याप्त वोल्टेज के साथ अच्छी बिजली मिलेगी. अभी इस क्षेत्र में गोविंदपुर के कांड्रा से बिजली आ रही है. लंबी दूरी होने के कारण लो वोल्टेज एवं तार टूटने पर अधिक देर तक बिजली संकट का सामना करना पड़ता है.

यह सबस्टेशन 10 एमवीए का बनाया गया है. दो पांच-पांच एमवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा है. इसके चालू होने के बाद गोविंदपुर कांड्रा ग्रिड का लोड कम हो जाएगा. इससे दूसरे क्षेत्र में भी रह रहे लोगों को लाभ मिलेगा. अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि सब स्टेशन से तीन-चार फीडर निकाला जाएगा. छोटा फीडर होने से किसी प्रकार की खराबी होने पर जल्द बना दिया जाता है. इससे लोगों को अधिक देर तक बिजली संकट का सामना करना नहीं पड़ता है. उन्होंने बताया कि इस महीने सब स्टेशन चालू कर दिया जाएगा. कुल चार फीडर निकाले जाएंगे. सबस्टेशन चालू होने से स्थानीय लोगों को लो वोल्टेज एवं किसी प्रकार की खराबी आने पर अधिक देर तक बिजली संकट का सामना नहीं करना होगा.

# मैथन में ग्रामीणों ने समाप्त की सड़क जाम





संवाददाता | मैथन

मैथन नेशनल हाईवे दो की चौड़ीकरण के निर्माण में लगी स्काईलार्क कंपनी द्वारा मृतक सनातन टुडू के परिजनों को साढ़े पांच लाख रुपये नगद, कंपनी में नियोजन एवं एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय से दो लाख रुपये की सहायता राशि देने की सहमति के बाद मैथन एनएच दो की सड़क जाम 8 घंटे बाद मंगलवार के शाम चार बजे समाप्त हुई. बता दें कि सोमवार की रात करीब नौ बजे मैथन ओपी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर स्थित साई पेट्रोल पंप के समीप सड़क दुर्घटना में कालीमाटी गांव लोरिया टोला निवासी सीएचसी संचालक सनातन टुडू (40) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।

सनातन टुडू बाइक से अपने घर जा रहा था, इस दौरान साई पेट्रोल पंप के समीप खड़े स्काईलार्क कम्पनी के पानी छिड़कने वाले टैंकर से टकरा गया था, जिसमें सनातन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में ही नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था। मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव ने ग्रामीणों को किसी तरह समझा-बूझाकर रात में सड़क जाम हटाया, लेकिन ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ फिर से नेशनल हाईवे को जाम कर दिया था। इसके बाद सूचना पाकर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, झामुमो नेता अशोक मंडल सहित कई नेता मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद मुआवजे को लेकर मैथन ओपी में पूरे दिन स्काईलार्क कंपनी और नेताओं के बीच वार्ता होती रही। कई बार गतिरोध के बाद आखिरकार शाम साढ़े चार बजे सहमति बनी और सड़क जाम समाप्त हुई। सहमति के तहत स्काईलार्क कंपनी साढ़े 5 लाख रुपये नगद मुआवजे के रूप में भुगतान करेगी, जिसमें 50 हजार रुपये कम्पनी ने तत्काल दाह संस्कार के लिए भुगतान किया। वार्ता में विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, इंस्पेक्टर नयनसुख दादेल, सीओ कृष्णा मराण्डी, मैथन ओपी प्रभारी विकास कुमार यादव, झामुमो नेता अशोक मंडल, जिप सदस्य गुलाम कुरैशी, रामनाथ सोरेन, भाजपा के जयशंकर सिंह सहित कई स्थानीय नेता मौजूद थे।

# ढाई करोड़ के घोटाले में पांच के विरुद्ध चार्जशीट

संवाददाता | धनबाद

स्टेट बैंक आफ इंडिया शिकारीपाड़ा दुमका ब्रांच में हुए फर्जी अकाउंट के जरिए 2.54 करोड रुपए के घोटाले में धनबाद सीबीआइ ने मंगलवार को बैंक मैनेजर समेत पांच के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दायर की है. सीबीआइ ने मनोज कुमार (ब्रांच मैनेजर शिकारीपाड़ा दुमका ब्रांच ), बलराम बार सेक्रेटरी मालपुर पीपुल रूलर डेवलपमेंट सोसाइटी मरघट साउथ 24 परगना पश्चिम बंगाल, धीरज मंडल, मोहम्मद शहीदुल्लाह मौला सचिव मेसर्स उसथी नेटिव लैंड डेवलपमेंट पं. बंगाल, दिनेश दास प्रोपराइटर मेसर्स फेयर फाइनेंस पश्चिम बंगाल के विरुद्ध एक मत होकर आपराधिक षड्यंत्र के तहत जालसाजी कर स्टेट बैंक आफ इंडिया को दो करोड़



54 लाख 3761 रुपये का चूना लगाने का आरोप पत्र दायर किया है. सीबीआइ ने 27 जनवरी 23 को शिकारीपाड़ा ब्रांच के मैनेजर मनोज कुमार के विरुद्ध एसबीआई के रीजनल मैनेजर नितेश आनंद की शिकायत पर प्राथमिक दर्ज की थी. आरोप पत्र में सीबीआई ने दावा किया है कि आरोपियों ने आपसी षड्यंत्र के तहत फर्जी तरीके से कुल 440 सेविंग, करेंट, केसीसी व पेंशन अकाउंट खोलें, जिसमें पांच लाख रुपए की लिमिट से अधिक रुपया क्रेडिट व डेबिट किया गया.

# ईसीएल के जीएम के विरुद्ध चार्जशीट

संवाददाता | धनबाद

आय से अधिक संपत्ति रखने के एक मामले में सीबीआइ की भ्रष्टाचार निरोधी शाखा ने मुगमा एरिया ईसीएल के जीएम अभिजीत दास के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाते हुए चार्जशीट दायर की है. सीबीआई ने अभिजीत दास को 20 फरवरी 2021 को 19,500 रिश्वत लेते पकड़ा था. उसी वक्त सीबीआई को यह जानकारी मिली थी कि जीएम ने आय से अधिक बेनामी संपत्ति अर्जित कर रखी है.

अदालत को सौंपे चार्जशीट में सीबीआइ ने दावा किया है कि दास ने चेक पीरियड एक जनवरी 2009 से 20 फरवरी 2021 तक के दौरान 38.20 प्रतिशत से ज्यादा



आय से अधिक बेनामी संपत्ति अपने और अपने परिवार के नाम से जमा कर रखी है. सीबीआई के मुताबिक इस दौरान जीएम दास की कुल आमदनी दो करोड़ 39 लाख 24 हजार 88 रुपया थी, जबकि खर्च एक करोड़ 74 लाख 70 हजार 70 रुपए थी. जांच एजेंसी का आरोप है कि अभिजीत दास ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कुल 91 लाख 39 हजार रुपये की संपत्ति अर्जित की.

**राम मंदिर** पूजित अक्षत-कलश के साथ झारखंड के सभी जिलों में चलाया गया अभियान

# घर-घर होंगे धार्मिक अनुष्ठान, मंदिरों में दीपोत्सव : देशपांडे

संवाददाता | रांची

झारखंड में घर-घर जाकर अयोध्याजी से आये पूजित अक्षत को देकर निमंत्रण का अभियान मंगलवार को दूसरे दिन में झारखंड प्रांत के सभी जिलों के हजारों गांवों तथा नगरीय क्षेत्रों में चलाया गया. अभियान को गति प्रदान करने के लिए विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे का प्रवास झारखण्ड प्रदेश के रांची में हुआ. उन्होंने रांची के हटिया क्षेत्र में स्वयं घूमकर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक/आध्यात्मिक अनुष्ठान करने एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद के आरती अपने-अपने निकटतम मंदिर के कार्यक्रम में ही करने का आग्रह किया. साथ ही अपने क्षेत्र को अयोध्या मानकर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम करने का आग्रह किया.



अक्षत-कलश के साथ हटिया क्षेत्र में पहुंचे विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री

विनायक राव ने बताया कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के 10 करोड़ परिवारों को कार्यकर्ता निमंत्रण देंगे तथा 5 लाख से अधिक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आरती एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा. उन्होंने कहा प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में लगभग 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे. विदेश में रह रहे हिंदू समाज में भी काफी उत्साह है. अमेरिका के सात सौ मंदिर सहित अनेक देशों में स्थित सैकड़ों मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा. उन्होंने समस्त सनातन हिंदू समाज से आग्रह किया 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने निकटतम मंदिर में परिवार के साथ 3 घंटा के लिए अनुष्ठान में अवश्य शामिल हो. घर की सभी महिलाएं अपने-अपने घरों से आरती की थाली सजा कर लाएं एवं आरती में सम्मिलित हो तथा रात्रि में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम करें.

उन्होंने हटिया क्षेत्र में अद्वैत स्वरूप आश्रम तुपुदाना के स्वामी अमर जी महाराज व महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अमृत पुरस्कार प्राप्त महावीर नायक को निमंत्रण देते हुए अयोध्या आने का आग्रह किया. महावीर नायक ने निमंत्रण देने के लिए आए हुए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने मोहल्ले के अनेकों घरों में घूमकर लोगों को निमंत्रण दिया.

इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, बजरंग दल विभाग संयोजक प्रिंस अजमानी, बजरंग दल मिलन केंद्र महानगर प्रमुख मुकेश गिरी, सामाजिक समरसता महानगर सहप्रमुख सहायक तिर्की, नगर संपर्क प्रमुख संजय मिश्रा, नगर सहकार्यवाह रविकांत अकेला, कालेश्वर नायक, शिवचरण नायक, रामकुमार नायक आदि उपस्थित थे.

# महावीर मंडल को सौंपा गया अक्षत-कलश

संवाददाता | रांची

श्री महावीर मंडल रांची की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को धूमधाम से मनाने पर विचार किया गया. बैठक में श्री अयोध्या धाम से आया पूजित अक्षत कलश श्री महावीर मंडल रांची को सौंपा गया. बैठक में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित, राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, हिन्दू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह एवं श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति के महामंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर उपाध्यक्ष गोपाल पारीक एवं कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू उपस्थित थे.बैठक का संचालन श्री महावीर मंडल राँची के मंत्री सह विश्व हिन्दू परिषद के महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अर्जुन राम ने किया.



बैठक में निर्णय लिया गया कि श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा 22 जनवरी 2024 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर श्री महावीर मंडल के सभी प्रमुख अखाड़ो एवं मंदिरो में महावीरी पताका लगाया जाएगा एवं दीपोत्सव मनाया जाएगा. साथ ही अक्षत-कलश को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा. बैठक में प्रतापनगर कार्यक्रम संयोजक राजेश अग्रवाल, उपेन्द्र रजक, राम मनोज साहू , साहिल कुमार , सुमित साहू , जैमिश तिग्गा, दुर्गा साहू , संजीव सोनी , अमित सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये.

नए साल में झारखंड का सियासी पारा चढ़ गया है. प्रदेश की राजनीति एक बार फिर 360 डिग्री पर घूमने वाली है. इसकी वजह गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा है. इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं. सत्तारूढ़ दल की बैठक तीन जनवरी को बुलाई गई है. वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि सरफराज अहमद का इस्तीफा राज्यहित में ही होगा. दूसरी ओर इस बात की चर्चा है कि ईडी की किसी भी संभावित कार्रवाई के लिए सीएम तैयार हैं. साथ ही सरकार वैकल्पिक रास्ता भी तलाश रही है. राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि कल्पना सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई जा सकती है. उन्हें गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ाया जा सकता है. ईडी अब तक हेमंत सोरेन को सात समन भेज चुकी है, पूर्व में भेजे गए समन को सीएम ने दुर्भावना से प्रेरित बताया था. सीएम ने ईडी पर केंद्र के इशारे पर काम करने व लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया था. मंगलवार को 'शुभम संदेश' ने राज्य क राजनीतिक स्थिति पर आम लोगों और बुद्धिजीवियों से बात कर उनके विचार जाने.



- क्या झारखंड में भी 'राबड़ी मॉडल' लागू करने की है तैयारी?
- जनता बोली - समझ से परे है दाव-पेंच, सियासत चरम पर...

## गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक के इस्तीफा के बाद...

# सरकार पर कयास

### किरीबुरु

## कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री बन जाएं तो इसमें चौंकने वाली कोई बात नहीं : वीरेन्द्र



बुद्धिजीवी सह सेल के ठेकेदार वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि झारखंड का दुर्भाग्य है कि यहां खनिज व वन संपदा का अकूत भंडार होने के बावजूद बीते 23 वर्षों में भी राज्य विकास की पग पर आगे नहीं बढ़ सका. यहां हमेशा से बेहतर नेतृत्व क्षमता वाले राजनेता का अभाव रहा है. भ्रष्टाचार तो सरकार के बडे.नेता-मंत्री से लेकर विभागीय चपरासी तक के खूनों में हिमोग्लोबिन की तरह समा गया है. भ्रष्टाचार से एकत्रित किये जा रहे पैसों की लोभ की वजह से कोई सत्ता को त्यागना नहीं चाहता है. जितनी भी क्षेत्रीय पार्टियां हैं, वह परिवारवाद में घिरी है. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बना दें तो इसमें चौंकने वाली कोई बात नहीं है. इससे पहले लालू यादव ने बिहार में राबड़ी देवी को, मुलायम सिंह यादव ने अखिलेश यादव को कुर्सी सौंप चुके हैं. बड़ा सवाल यह है कि आप ऐसे अनैतिक कार्य ही क्यों करते हो जिससे जेल जाने की नौबत आ रही है. ऐसी समस्या खड़ी भी हो गई है तो क्या झामुमो अथवा यूपीए में और बडे.कद्दावर नेता नहीं हैं, जिन्हें वह मुख्यमंत्री बना सकते हैं? किसी भी टीम के एक खिलाड़ी को कप्तान बनाया जाता है. टीम से बाहर के बिना अनुभव वाले व्यक्ति को कप्तान बनाया जाये तो सवाल उठेगा ही.

### बहरागोड़ा

## ईडी और सरकार से ऊपर है न्यायपालिका : चपक्केस्वर पाल



बुद्धिजीवी वर्ग से आने वाले चपक्केस्वर पाल का कहना है कि न्यायपालिका ईडी और सरकार से ऊपर है. अत: देश के किसी भी व्यक्ति के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने के लिए हमारे देश की कानून व्यवस्था का संचालन करने वाली न्यायपालिका सर्वोपरि है. वहीं, बात रही सरकार में मुख्यमंत्री के चयन की तो विधायक दल के नेता द्वारा चयनित उम्मीदवार का ही करना चाहिए. इस चयन प्रक्रिया में सभी विधायकों को मुख्यमंत्री पद के अनुभवी व्यक्ति का चयन करना चाहिए.

## चुने गए प्रतिनिधि का इस्तीफा देना उचित नहीं है: अशोक नंदी



बुद्धिजीवी अशोक नंदी का कहना है कि जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि का तय समय सीमा से पहले इस्तीफा देना उचित नहीं है क्योंकि पुन: चुनाव होने पर राज्य का आर्थिक नुकसान होता है. इसलिए चुनाव आयोग को देश की चुनाव व्यवस्था की प्रणाली में परिवर्तन करना चाहिए. साथ ही चयनित व्यक्ति द्वारा तय समय सीमा से पूर्व अपने पद से त्यागपत्र देने पर उस व्यक्ति के ऊपर आर्थिक दंड लगाना चाहिए.

## सीएम को अब तक कितने समन, और कब-कब

**पहला समन** — **8** अगस्त को भेजा गया था, 14 अगस्त को हाजिर होने का था निर्देश

**दूसरा समन** — **19** अगस्त को भेजा गया था, 24 अगस्त को हाजिर होने का था निर्देश

**तीसरा समन** — **1** सितंबर को भेजा गया था, 9 सितंबर को हाजिर होने का था निर्देश

**चौथा समन** — **17** 17 सितंबर को भेजा गया था, 23 सितंबर को हाजिर होने का था निर्देश

**पांचवां समन** — **26** सितंबर को भेजा गया था, 4 अक्टूबर को हाजिर होने का था निर्देश

**छठा समन** — **11** दिसंबर को भेजा गया है, 12 दिसंबर को हाजिर होने का है निर्देश

**सातवां समन** — **29** दिसंबर पत्र के माध्यम से दिया आखिरी मौका, पूछताछ की जगह सीएम को तय करने का आग्रह

## राज्य हित में फैसला लेगा महागठबंधन : आलमगीर

संवाददाता | पाकुड़



झारखंड में बदलते राजनीतिक घटनाक्रम के बीच सत्ता पक्ष ने बुधवार को रांची में विधायक दल की बैठक बुलाई है. बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को रांची रवाना होने से पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने पाकुड़ सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की. मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि महागठबंधन राज्य हित में फैसला लेगा. झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे भी मीडिया से ही इसकी जानकारी मिली है. कल की बैठक के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा. जनता ने महागठबंधन को 5 साल के लिए जनादेश दिया है, सरकार उसे पूरा करेगी. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीति में वैकल्पिक व्यवस्था रखनी पड़ती है. स्थिति के अनुरूप उस पर काम होता है. बदले माहौल में अब तक उनकी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात नहीं हुई है. ऐसे में बुधवार की विधायक दल की बैठक के बाद ही कुछ कह पाएंगे. नये हिट एंड रन कानून पर मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए असपताल पहुंचना जरूरी है, ताकि उसकी जान बचाई जा सके. केंद्र सरकार को कानून में थोड़ा लचीलापन लाना चाहिए.

## झारखंड में बढ़ता ईडी का शिकंजा

साल 2022, मई माह की छह तारीख, वह तारीख थी जिस दिन ईडी ने मधु कोड़ा प्रकरण के बाद झारखंड में एक बड़ी दबिश दी थी. छह मई 2022 को ईडी की टीम ने एक साथ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके करीबियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. छह मई से ईडी की कार्रवाई का सिलसिला जो शुरू हुआ, वह अभी भी जारी है. 2023में इसी कड़ी में झारखंड के एक और आईएएस अधिकारी सलाखों के पीछे पहुंच गये है, जमीन घोटाले में रांची के पूर्व डीसी आईएएस अधिकारी छवि रंजन गिरफ्तार हो चुके हैं.मनरेगा घोटाला, अवैध खनन और जमीन घोटाला यह तीन ऐसे बड़े घोटाले हैं, जिससे पिछले एक साल से ज्यादा समय से झारखंड देशभर में सुर्खियों में है. छह मई 2022 को प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में मनरेगा घोटाले से जुड़े केस में जांच शुरू की थी और अब यह सिलसिला अवैध खनन और जमीन घोटाले तक जा पहुंचा है. पिछले एक साल के दौरान ईडी की जांच की जद में राज्य के मुख्यमंत्री, आईएएस अधिकारी, इंजीनियर, कारोबारी, बड़े राजनेता और जमीन दलाल तक आ गए हैं. आंकड़ों की अगर बात करें तो पिछले एक साल में ईडी ने 102 ठिकानों पर अब तक छापेमारी कर कार्रवाई की है. साथ ही पिछले इस दौरान करोड़ों की संपत्ति भी ईडी जब्त कर चुकी है, जबकि लगभग 40 से ज्यादा बेहद प्रभावशाली व्यक्तियों से एजेंसी पूछताछ भी कर चुकी है.

## आंकड़ों में जानें ईडी ने कब किस मामले में की कार्रवाई

- **छह मई को 2022 :** पूजा सिंघल और उनके करीबियों के यहां छापेमारी. पूजा सिंघल के सीए की आवास से 19 .31 करोड़ नगद बरामद
- सात मई को सीए सुमन गिरफ्तार
- 11 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया.
- **24 मई 2022 :** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रिश्तेदार निशित केसरी और कारोबारी विशाल चौधरी के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी.
- **आठ जुलाई 2022 :** मुख्यमंत्री के करीबी नेता पंकज मिश्रा और उनके 14 करीबियों के 20 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी. इस दौरान अवैध खनन से जुड़े सबूत हाथ लगे और तीन करोड़ रुपये नगद भी बरामद हुए.
- **15 जुलाई 2022 :** पंकज मिश्रा और उनके सहयोगी के बैंक के अकाउंट में रखे लगभग 12 करोड़ फ्रिज कर दिए गए.
- **19 जुलाई 2022 :** पंकज मिश्रा को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया.
- **24 अगस्त 2022 :** सत्ता के बेहद करीबी और पावर ब्रोकर कहे जाने वाले प्रेम प्रकाश के घर और दफ्तर में ईडी की छापेमारी.
- **25 अगस्त 2022 :** प्रेम प्रकाश को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया.
- **22 फरवरी 2023 :** मनरेगा घोटाले में ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी.
- 23 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया गया.
- आठ दिन बाद उनके भाई को भी गिरफ्तार कर लिया गया.
- **26 अप्रैल 2023 :** आईएएस अधिकारी छवि रंजन और उनके करीबियों के यहां छापेमारी की गई. जमीन घोटाले का जिन्न बाहर निकला और कुल सात लोग गिरफ्तार कर लिए गए. जिनमें अंचल कर्मी, जमीन दलाल और भू-माफिया शामिल थे.
- **चार मई 2023 :** जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व डीसी और तत्कालीन समाज कल्याण विभाग के सचिव निरंजन को गिरफ्तार कर लिया गया.






### गिरिडीह

## ओछी राजनीति कर रहे हैं हेमंत सोरेन : शक्तिशरण प्रसाद



बुद्धिजीवी श्यक्तिशरण प्रसाद उर्फ बिट्टू ने कहा कि राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ओछी राजनीति कर रहे हैं. ईडी की होने वाली कार्रवाई से वे पूरी तरह डर गए हैं. सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा से उपचुनाव लड़ सकती हैं. इसकी जेएमएम ने पूरी तैयारी कर ली है. इस विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ेगा.

## वर्तमान हमेशा भूतकाल का दर्पण होता है : टुपलाल मंडल



बुद्धिजीवी टुपलाल मंडल ने कहा कि राजनीति में वर्तमान हमेशा भूतकाल का दर्पण होता है. झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने इस्तीफा देकर गांडेय विधानसभा की सीट सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के लिए खाली कर दी है. ईडी में पेशी के बाद सीएम हेमंत सोरेन मुसीबत में आते हैं तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सीएम बनेंगी. इसी निमित गांडेय विधानसभा सीट को खाली करवाया गया है.

## झामुमो विधायक ने जनता को धोखा दिया है : मनोज कुमार



शिक्षक मनोज कुमार ने कहा कि झामुमो विधायक डॉ. सरफराज अहमद ने निजी लाभ के लिए गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता को धोखा दिया है. विधायक डॉ. सरफराज अहमद को इस्तीफा देने से पहले इस्तीफे का कारण स्पष्ट करना चाहिए था लेकिन अबतक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. उनके इस्तीफा देने के बाद से गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता भी असमंजस की स्थिति में है.

## विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के कई मायने हैं : छोटेलाल



समाजसेवी छोटेलाल वर्मा ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद से राज्य की राजनीति गर्मा गई है. उनके इस्तीफे के कई मायने हैं. उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन का गिरिडीह के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव लड़ना तय माना जा रहा है.

### रांची

## यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सियासी चाल है, जिसमें विपक्ष फंसकर रह जाएगा : सुरेंद्र सोरेन



झारखंड की सियासत पर नजर रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार व रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन इस मुद्दे पर कहते हैं कि डॉक्टर सरफराज अहमद का इस्तीफा अनायास नहीं है. यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सियासी चाल है, जिसमें विपक्ष फंसकर रह जाएगा. सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन न केवल मुख्यमंत्री हैं बल्कि वे अपनी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भी हैं. उनकी पकड़ झामुमो पर भी काफी मजबूत है. ऐसे में अगर आने वाले समय में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन सरफराज अहमद द्वारा खाली की गई सीट से विधानसभा का उपचुनाव लड़ जाएं, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए. वो कहते हैं कि अगर हेमंत सोरेन के लिए विपरीत परिस्थितियां पैदा हुईं, तो वे कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप सकते हैं.

## दोबारा चुनाव करवाने में काफी खर्च होता है : काली प्रसाद सिंह



काली प्रसाद सिंह ने कहा कि इस तरह से अचानक इस्तीफा देना एक इलेक्शन की ओर भेजना होता है. चुनाव कराने में सरकारी धन खर्च होता है. इस प्रकार के काम से मतदाताओं की उम्मीदों को ठेस पहुंचती है. उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है. अखबार और टीवी चैनलों के माध्यम से जो खबरें आ रही हैं, मैं भी उसे ही देख रहा हूं.

## सरफराज अहमद का इस्तीफा देना केवल राजनीतिक स्टंट : डॉ. त्रिभुवन



डॉ. त्रिभुवन साही ने कहा कि सरफराज अहमद का इस्तीफा देना केवल राजनीतिक स्टंट है. इस्तीफे वाली खबर समझ से परे है. झारखंड में जो हो रहा है वो अच्छी राजनीति नहीं है. जनता विधायक-सांसद को बहुत ही उम्मीदों से विजयी बनाती है, कई प्रकार के विकास का उम्मीद करते हैं.

### धनबाद

## वर्तमान के लिए यह काल्पनिक बातें हैं : डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह



बीबीएमकेयू के प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अभी पूरी तरह से यह बात सामने नहीं आई है कि ईडी के द्वारा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. ऐसे में यह वर्तमान के लिए काल्पनिक सवाल है. एक सवाल यह भी बनता है कि केंद्र सरकार अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को विद्वेष की राजनीति के तहत किनारे लगा रही है. जहां तक गांडेय सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे की बात है तो हो सकता है कि झामुमो के थिंक टैंक उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी कर रहें हो. यह उनकी क्षमता का बेहतर उपयोग करने का एक तरीका हो सकता है, हो सकता है उन्हें राज्यसभा भेजा जाए.

## राजनीतिक व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाएं हो रही प्रभावित : डॉ. अजीत



बीबीएमकेयू के प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि वर्तमान में राज्य में जिस तरह की स्थिति है, उससे पूरी राजनीतिक व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं. इससे अविश्वास का माहौल पैदा होता है. राज्य के विकास के लिए पॉलीटिकल स्टेबिलिटी काफी जरूरी है. सरकार चाहे किसी भी राजनीतिक दल की हो पॉलीटिकल स्टेबिलिटी काफी आवश्यक है. इसलिए चुनावी वर्ष होने के कारण वर्तमान राजनीतिक हालात राज्य के साथ, आम लोगों को भी प्रभावित करेंगे, जो कि राज्य के विकास के लिए अच्छी बात नहीं है.

## सरकार बचाने के लिए सीट खाली कराना, ठीक नहीं : डॉ. मुकुंद रविदास



बीबीएमकेयू के प्रोफेसर डॉ. मुकुंद रविदास ने कहा कि किसी सीट को खाली करा कर, उस पर नए व्यक्ति को चुनाव लड़ा कर सरकार बचाने का प्रयास किया जाना अच्छी परंपरा नहीं है. वर्तमान राजनीतिक हालात को देखते हुए सरकार को वर्तमान विधायकों की टीम में से ही किसी व्यक्ति का चयन मुख्यमंत्री पद के लिए करना चाहिए. ऐसे में झामुमो का यह कदम आर्थिक मोर्चे के साथ राजनीतिक मोर्चे पर भी हालात कठिन बना रहा है. गांडेय सीट रिक्त कर चुनाव कराने की पहल अच्छी नहीं है. इससे परिवारवाद को बढ़ावा मिल रहा है. वर्तमान में सरकार को युवाओं के लिए रोजगार, विद्यार्थियों के लिए अच्छी शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करना चाहिए.

## ऐसे हालात आने नहीं चाहिए, यह राज्य के लिए भी ठीक नहीं : संजीव



समाजसेवी सह बुद्धिजीवी संजीव वियोत्रा ने कहा कि पहली बात - ऐसे हालात आने नहीं चाहिए, क्योंकि यह राज्य व समाज किसी के लिए भी ठीक नहीं है. जहां तक वर्तमान हालात की बात है तो राजनीति है तो सभी पॉलीटिकल पार्टी कहीं ना कहीं अपना दांव चलेगी. कोई सरकार गिराने के तरफ रहेगा तो कोई सरकार बचाने के पक्ष में. एक आम जनता समाजसेवी व शिक्षाविद होने के नाते मेरा मत केवल यह है कि अच्छा निर्णय लेने वाली जनप्रिय सरकार हो, जिससे कि राज्य व जनता को इसका लाभ मिलता रहे.

### जमशेदपुर

## यह साफ है कि झारखंड सरकार कुछ ना कुछ खिचड़ी पका रही है : समीर



मानगो के समीर महतो कहते हैं कि गांडेय विधायक ने जिस तरह पद से इस्तीफा दिया है, उससे यह साफ है कि झारखंड सरकार कुछ ना कुछ खिचड़ी पका रही है. वरना विधायक तो जनता के दबाव देने के बावजूद पद से हटने का नाम नहीं लेते. इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि सीएम हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को सीएम के पद पर काबिज करना चाहते हैं. इसका सीधा असर हम जैसी आम जनता पर पड़ेगा. बड़े-बड़े नेता तो राजनति खेल जाते हैं, पर आम जनता को इसका भुगतान करना पड़ता है. हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद से ही सिर्फ झारखंड को लूटने का काम किया गया है. सरकार लोगों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है, पर उन्हें अपनी सीट बचाने की चिंता जरूर सताती है.

## झामुमो के रणनीतिकारों ने सोच-समझकर गांडेय सीट का चयन किया है : अजय कोड़ा



सोनारी निवासी अजय कोड़ा ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र गिरिडीह जिले में आता है. यहां जीत और हार की बागडोर आदिवासी व मुस्लिम मतदाता के हाथ में है. ऐसे में यह सीट कल्पना सोरेन के लिए एकदम अनुकूल है. झामुमो का शीर्ष नेतृत्व सीट चयन को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता, क्योंकि पूर्व में सीएम के पद पर रहते हुए शिबू सोरेन तमाड़ विधानसभा सीट से चुनाव हार चुके हैं. ऐसे में झामुमो के रणनीतिकारों ने काफी सोच-समझकर गांडेय सीट का चयन किया है. हालांकि वर्ष 2014 में मोदी लहर में यहां भाजपा के जेपी वर्मा ने जीत हासिल की थी. सामान्य तौर पर यह सीट झामुमो और कांग्रेस के कब्जे में रही है. इस त्याग के बदले सरफराज अहमद को राज्यसभा भेजने की चर्चा जोरों पर है. अगर सरफराज अहमद को अपने इस्तीफे के बदले राज्यसभा में जगह मिल जाए तो ये उनके लिए महंगा सौदा नहीं है.

## सत्ता पर बने रहने के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने दांव खेला है : लक्ष्मण



जुगसलाई के समाजसेवी लक्ष्मण कहते हैं कि सत्ता पर बने रहने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह दाव खेला है. उनपर ईडी की तलवार भी लटक रही है. ऐसे में उन्होंने अपनी पत्नी का सहारा लिया है और उन्हें मुख्यमंत्री बनाने में लग गए हैं. हालांकि जेएमएम विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद राजनितिक गलियारों में कई तरह के भ्रम भी फैल रहे हैं. अब देखना ये है कि सरकार अपना फैसला सुनाकर किस तरह की हलचल पैदा करना चाहती है.

### चाईबासा

## इस्तीफा राजनीतिक करवट का संकेत



झारखंड पुनरुत्थान अभियान के संयोजक सन्नी सिंकु ने कहा कि नव वर्ष यानी 2024 की पहली तारीख को ही झामुमो विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा नए साल में नई राजनीतिक करवट का संकेत दे रहा है. राजनीतिक गलियारे में सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इस्तीफा पांच जनवरी के पहले ही तय माना जा रहा है क्योंकि ईडी द्वारा हेमंत सोरेन को सातवां समन जारी किया जा चुका है. प्रवर्तन निदेशालय का सातवां समन और विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे को ही कल्पना सोरेन की ताजपोसी की तैयारी समझा जा रहा है. कयास लगाया जा रहा है कि बिल्कुल ही स्पष्ट रणनीति के तहत झामुमो के विधायकों से पूर्व में ही हस्ताक्षर सहित सहमति ले ली गई है. यह तो महागठबंधन सरकार की रणनीति का हिस्सा लगता है लेकिन झारखंड में विपक्ष की यानी भाजपा की बात की जाये तो भाजपा इस बार झारखंड में आदिवासियों पर फोकस करते दिख रही है. इसका उदाहरण चाईबासा में संपन्न आदिवासी सम्मेलन भी है. जिस सम्मेलन में झारखंड सहित बड़े राष्ट्रीय नेताओं का जमावड़ा भी यही दर्शाता है. साथ ही रह-रहकर सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की राजनीतिक गतिविधि भी कम चर्चा में नहीं रहती है. अब तो कहा भी जाने लगा है कि अब सांसद गीता कोड़ा का रास्ता बिलकुल ही साफ हो गया है क्योंकि प्रदेश से सहमति प्राप्त करने के बाद केंद्रीय स्तर पर भी भाजपा ने सहमति प्रदान कर दी है.

### बोकारो

## सरकार अस्थिर होने से विकास कार्य होगा प्रभावित : सुकुमार



बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के भेंडरा निवासी खोरठा साहित्यकार एवं संस्कृतिकर्मी सुकुमार जिस प्रकार के राजनैतिक हालात दिख रहे हैं, ऐसी परिस्थिति में हेमंत सरकार का सत्ता से बेदखल होना झारखंड के हित में कदापि शुभ नहीं होगा. इससे विकास के जो भी काम धरातल पर चल रहे हैं या होने वाले हैं, वह अवरुद्ध हो जाएगा. किसी भी परिस्थिति में इस सरकार का अपना कार्यकाल पूरा करने की दिशा में कार्य करना सभी दृष्टिकोण से उत्तम होगा. अत: आने वाली परिस्थिति पर नजर रखते हुए वर्तमान सरकार को चाहिए कि प्रदेश हित में सूझबूझ से काम लें एवं राज्य को अस्थिरता के वातावरण से बचाते हुए राज्यहित को सर्वोपरि स्थान दे. ऐसे यह लगभग तय हो चुका है कि आनेवाले एक दो सप्ताह में झारखंड के सियासी घटनाक्रम में कुछ बड़ा बदलाव हो सकता है. अचानक गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से लगभग यह साफ हो चुका है कि अगर ईडी हेमंत सोरेन पर कोई कार्रवाई करे, तो राज्य में नेतृत्व का विकल्प हेमंत सरकार ने लगभग तय कर लिया है.

## जन अपेक्षाओं पर खरा उतर रही थी हेमंत सरकार : कमलेश



कसमार के आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश जायसवाल ने कहा कि ईडी द्वारा अभी तक स्पष्ट नहीं है कि वे हेमंत सोरेन से किस मामले में पूछताछ करना चाहती है. इधर, अचानक गांडेय विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे से शायद यह स्पष्ट है कि अगर ईडी हेमंत सोरेन पर कोई कार्रवाई करती है तो कल्पना सोरेन को सीएम बनाकर, उन्हें गांडेय से उपचुनाव लड़ाने की जुगत चल रही है. आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश जायसवाल ने कहा कि देखना है कि दो दिनों बाद जब गांडेय विधायक सरफराज अहमद अपने इस्तीफे पर खुलासा करेंगे, तो आखिर हेमंत सोरेन सरकार के अंदर घटक दलों की क्या प्रतिक्रिया होगी. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जन अपेक्षाओं पर खरा उतरकर काम कर रही थी, लेकिन अब ईडी की कार्रवाई के बाद राज्य के वर्तमान हालात क्या होंगे, यह देखना दिलचस्प होगा.

### लातेहार

## मुख्यमंत्री को ईडी का सामना करना चाहिए : नवीन कुमार



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री को ईडी का सामना करना चाहिए और उनका सहयोग करना चाहिए. बार-बार ईडी के बुलावे पर नहीं जाना उनके लिए घातक हो सकता है. नये साल में झारखंड सियासी पारा चढ़ गया है. प्रदेश वासियों में असमंजस की स्थिति हो गयी है. लोग जानना चाहते हैं की गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने क्यों इस्तीफा दिया. आखिर क्या ऐसी नौबत आ गयी थी. क्या सीएम ईडी के किसी संभावित कार्रवाई के लिए तैयार हैं. फिलहाल अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी.

## सरकार को काम करने नहीं दिया जा रहा है: लालमोहन सिंह



आरटीआई कार्यकर्ता लाल मोहन सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार को काम करने नहीं दिया जा रहा है. बार-बार सरकार को स्थिर करने का प्रयास किया जा रहा है और यह सब तब होता है, जब चुनाव आने वाला होता है. जब तक प्रदेश में एक स्थिर सरकार नहीं होगी, प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है. अगर सरकार सिर्फ उलझनों में उलझी रहेगी तो काम कब करेगी. एक बार फिर झारखंड की राजनीति उफान पर है. अगले दो तीन दिन में स्पष्ट हो जायेगा कि सरकार का स्वरूप कैस होगा.

## सरकार वैकल्पिक रास्ता तलाश रही है : वीरेंद्र प्रसाद



सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि गांडेय विधानसभा सीट से जेएमएम विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा अप्रत्याशित नहीं है. किसी विधायक को इस्तीफा देना ही था. सीएम ईडी के किसी संभावित कार्रवाई की आशंका से वैकल्पिक रास्ता तलाश रहे हैं. यह भी संभव है कि सीएम खुद इस्तीफा दें और कल्पना सोरेन को सीएम बनाया जाये. ऐसे में उन्हें विधायक के पद के लिए कोई सीट जरूरी होगी. वैसे भी झारखंड का इन चार सालों में अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है. अंचल व प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार व बिचौलियों का दबदबा है. आम आदमी परेशानियों में पिस रहा है.

# क्या सीख सकते हैं बीते साल से

नूतन वर्ष 2024 में 22 जनवरी को मंदिर गृह में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. इसके निमित्त देशभर में दिवाली मनाने की तैयारी चल रही है. इस वर्ष के अंत में भाजपा ने तीन राज्यों में रिकॉर्ड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है. राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभाओं में भाजपा की जीत ने मोदी की गारंटी पर फिर से मुहर लगा दी है. विपक्ष के लगातार हमलों और आरोपों के बावजूद नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं.



• देश-काल



विजय केसरी

2023 एक ऐसा वर्ष रहा है, जिसने अपने नाम कई राजनीतिक फैसलों को दर्ज कर लिया है. राजनीतिक उतार चढ़ाव के बीच देशवासी मोदी की गारंटी पर मुहर लगाते चले जा रहे हैं. वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी अपनी वजूद को बचाने के लिए एंड़ी-चोटी का जोर लगा रही है. भारत जोड़ो यात्रा और न्याय यात्रा से कांग्रेस पार्टी को ताकत जरूर मिल रही है, लेकिन पांच विधानसभा के चुनाव परिणामों ने कांग्रेस पार्टी को निराश ही किया है. शराब कांड में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी ने राजनीति के गिरते स्तर की पोल खोल कर रख दी है. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए 33 प्रतिशत महिलाओं के आरक्षण पर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' कानून बनाया जाना, एक बड़े राजनीतिक फैसला के रूप में देखा जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने धारा 370 और 35 ए के मोदी सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी है. वहीं वर्ष के अंत में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को अनैतिक और अशोभनीय आचरण के लिए सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है. देश की राजधानी दिल्ली में जी 20 की सफलतापूर्वक बैठक वैश्विक स्तर पर यह साबित करने में सफल रहा है कि अब भारत विकसित देशों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है.

यह वर्ष अब तक के बीते वर्षों से बिल्कुल अलग रहा है. इसकी छाप सदैव भारतीय जन मानस पटल पर अंकित रहेगी. यह वर्ष ऐतिहासिक राजनीतिक फैसलों के इर्द-गिर्द ही घूमता नजर आता है. करोड़ों हिंदू धर्मावलंबियों के आराध्य देव मर्यादा पुरुषोत्तम राम का अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण अंतिम चरण में है. नूतन वर्ष 2024 में 22 जनवरी को मंदिर गृह में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. इसके निमित्त देशभर में दिवाली मनाने की तैयारी चल रही है. इस वर्ष के अंत में भाजपा ने तीन राज्यों में रिकॉर्ड बहुमत के साथ जीत दर्ज की है. राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभाओं में भाजपा की जीत ने मोदी की गारंटी पर फिर से मुहर लगा दी है. विपक्ष के लगातार हमलों और आरोपों के बावजूद नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं. नरेंद्र मोदी की इस सफलता की सराहना वैश्विक स्तर पर हो रही है. विश्व की कई नामी एजेंसियों और पत्रिकाओं ने विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम को सबसे आगे रखा है.

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने अपनी वजूद को कायम रखने के लिए पूरी शक्ति लगा दी है, इसके बावजूद कुछ खास नहीं कर पा रही है. इन तमाम विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी कर्नाटक विधानसभा में जीत हासिल कर अपनी वजूद की रक्षा करने में सफल रही है. वहीं तेलंगाना विधानसभा में कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज कर अपनी गिरती साख को बचाने में भी सफल रही है. एक समय ऐसा था कि कांग्रेस पार्टी पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक छाई हुई थी. आज धीरे-धीरे कर एक-एक राज्य कांग्रेस पार्टी के हाथ से निकलते चले जा रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की गिरती साख को बचाने के लिए भारत जोड़ो के नाम पर लंबी यात्रा की, लेकिन अपनी इस यात्रा का कोई विशेष लाभ कांग्रेस पार्टी को नहीं दे पा रहे हैं. अब राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए न्याय यात्रा की घोषणा की है. अब देखना यह है कि यह न्याय यात्रा कांग्रेस पार्टी को कितना मजबूत कर पाती है?

लोकसभा सांसद राहुल गांधी को अदालत के एक फैसले के आलोक में संसद सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था. 'मोदी सर नेम' मानहानि केस में राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी. हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले पर स्टे लगा दिया, जिसके बाद राहुल गांधी एक बार फिर संसद सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं जारी रखने के योग्य हो पाए हैं. राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा के नाम पर यात्रा तो जरूर कर रहे हैं, लेकिन अपनी वाणी पर संयम नहीं रख पा रहे हैं. वे जिस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं, उससे देश के विभिन्न न्यायालयों में उनके विरुद्ध मानहानि के मुकदमे भी दर्ज होते चले जा रहे हैं. वे खुद को भी कष्ट में डाल रहे हैं और कांग्रेस पार्टी की परेशानी का कारण भी बन रहे हैं.

इस वर्ष देश की संसद ने लोकसभा एवं राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फ़ीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कानून पारित हुआ . यह भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक बड़ा अहम फैसला था. एनडीए सरकार ने इस बिल को बहुत ही मजबूती के साथ लोकसभा में प्रस्तुत किया. विपक्ष ने भी इस बिल को अपनी स्वीकृति प्रदान की. फलतः यह बिल लोकसभा से पारित हो गया. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण मिले, यह बिल कई बार लोकसभा के समक्ष प्रस्तुत हुआ, लेकिन पारित नहीं हो पाया था. मोदी सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति और महिलाओं की राजनीति में पूर्ण सहभागिता के संकल्प से यह बिल पास हो पाया. 20 मई 2023 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधिकारिक तौर पर भारत के नए संसद भवन का उद्घाटन किया. 18 जुलाई 2023 को विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन का एलान किया. इस गठबंधन का लक्ष्य 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से बाहर करना है. वर्ष के अंत में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में 8 दिसंबर को लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट के आधार पर अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण के लिए सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है.

## त्यागपत्र से उठा तूफान

क्या झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन की पटकथा तैयार कर ली गयी है या फिर कोई ऐसा सियासी चक्रब्यूह सत्ता पक्ष ने तैयार किया है, जो आने वाले लोकसभा और उसके बाद के विधान सभा चुनाव में अभेद्य साबित हो सकेगा ? झारखंड में पिछले कुछ सालों से लगातार सत्तपक्ष और विपक्ष के बीच शह और मात का खेल चल रहा है. अभी तक तो सत्ता पक्ष को मात देने में भाजपा के रणनीतिकार कारगर साबित नहीं हो सके हैं. जबसे हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार बनी है, तब से ही उसे गिराने की चर्चा चलती रही है. बावजूद हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने पांच में चार साल का कार्यकाल अबाधित तरीके से पूरा किया है. झामुमो के नेतृत्व वाले तीन दलों के गठबंधन को विधान सभा में पूर्ण बहुमत है. गठबंधन के बाहर के वाम पक्ष का भी उसे समर्थन हासिल है, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय की सक्रियता, हेमंत सोरेन को पहले तो पूछताछ के लिए बुलाना, फिर अन्य मामले में सात बार नोटिस दे कर बुलाने की प्रक्रिया, राजभवन में एक रहस्य भरे लिफाफे की परिघटना राज्य सरकार की स्थिरता को चुनौती देती रही है. इसके साथ ही इंडिया गठबंधन के बनने के बाद और पांच में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत के बाद झारखंड की राजनीति में भी एक बेचैनी दिखने लगी है. खास तौर पर छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भाजपा को मिले समर्थन के बाद झाखंड में जपा की सक्रियता बढ़ गयी है. डिलिस्टिंग रैली छत्तीसगढ़ के प्रयोग को ही दुहराने का प्रयास है. इस तथ्य को यहां ध्यान में रखा जाना चाहिए कि झारखंड में आदिवासियों के आंदोलन ने एक अलग तरह की राजनीतिक संस्कृति की संरचना की है. बावजूद इसके इस समय देश भर में लोकसभा चुनावों की आहट के साथ ही गैर-भाजपा शासित राज्यों में राजनीति को प्रभावित करने और वोटरों को आकर्षित करने के अलग-अलग प्रयोग किए जा रहे हैं.

> मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस तरह इडी के सात नोटिसों को नकारा है, उसके बाद इतना तो तय है कि राजनीतिक तौर पर उत्पन्न होने वाले हर हालात का सामना करने को वे तैयार हैं. झामुमो के पास एक ठोस रणनीति भी दिख भी रही है.

झारखंड विधान सभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा के गांडेय से सदस्य सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद झारखंड में सियासी तूफान पैदा हो गया है. खास कर भाजपा के नेताओं के बयानों ने गठबंधन सरकार के समक्ष चुनौतियां खड़ी कर दी हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस तरह इडी के सात नोटिसों को नकारा है, उसके बाद इतना तो तय है कि राजनीतिक तौर पर उत्पन्न होने वाले हर हालात का सामना करने को वे तैयार हैं. झामुमो के पास एक ठोस रणनीति भी दिख भी रही है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कहा है कि उनकी सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और 2024 में भी वे चुनाव जीत कर सरकार बनाएंगे. सरफराज अहमद के त्याग पत्र से खाली हुए गांडेय सीट पर उपचुनाव होगा या नहीं, इस पर कानूनविदों की परस्पर विरोधी राय सामने आयी है. झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के आगे के कदम की प्रतीक्षा उत्सुकता से की जा रही है.

## सुभाषित

**क्षणशः कणशश्चैव विद्यां अर्थं च साधयेत्।**
**क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्॥**

क्षण-क्षण का उपयोग सीखने के लिए और प्रत्येक छोटे से छोटे सिक्के का उपयोग उसे बचाकर रखने के लिए करना चाहिए. क्षण को नष्ट करके विद्याप्राप्ति नहीं की जा सकती और सिक्कों को नष्ट करके धन नहीं प्राप्त किया जा सकता.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सदुपयोग

पुराने समय की बात है, छोटे से गांव में एक किसान रहता था. वह रोज़ भोर में उठकर दूर झरने से स्वच्छ पानी लाया करता था. इस काम के लिए वह अपने साथ दो बड़े घड़े ले जाता था, जिन्हें एक लाठी से कावड़ की तरह कंधे के दोनों ओर लटका लेता था. उनमें से एक घड़ा तो सही था, किन्तु दूसरा कहीं से फूटा हुआ था. इसी वजह से रोज़ घर पहुंचते -पहुंचते आधा हो जाता था. किसान घर डेढ़ घड़ा पानी ही ले जा पाता था. ऐसा दो वर्षों तक चलता रहा. साबूत घड़े को बड़ा घमंड था कि वह अखंड है और पूरा पानी घर पहुंचता है, उसमें कोई कमी नहीं है. वहीं दूसरी तरफ फूटा घड़ा इस पर शर्मिंदा रहता कि वह आधा पानी ही घर पहुंचा पाता था. उसे ग्लानि होती कि उसके कारण किसान की मेहनत बेकार चली जाती है. फूटा घड़ा यह सोच कर परेशान रहने लगा. उससे रहा नहीं गया और एक दिन उसने किसान से कहा ,"मैं खुद पर शर्मिंदा हूं और आपसे क्षमा मांगना चाहता हूं." "क्यों ?₹, किसान ने पूछा , " तुम किस बात से शर्मिंदा हो ?" "शायद आप नहीं जानते पर मैं एक जगह से फूटा हुआ हूं और पिछले दो सालों से आधा ही पानी पहुंचा पाया हूं, मुझमें यह बहुत बड़ी कमी है और इस कारण आपकी मेहनत बर्बाद होती रही है", फूटे घड़े ने दुखी स्वर में कहा. किसान को घड़े की बात सुनकर दुःख हुआ और वह बोला, "कोई बात नहीं, मैं चाहता हूं कि आज तुम लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले सुन्दर फूलों को देखो." घड़े ने वैसा ही किया, वह रास्ते भर सुन्दर फूलों को देखता आया, खिले हुए फूलों को देखकर उसकी उदासी कुछ दूर हुई. किसान ने कहा, "शायद तुमने ध्यान नहीं दिया, रास्ते के एक किनारे ही हरियाली व फूल खिले थे. वे फूल केवल तुम्हारी तरफ के किनारे थे. साबूत घड़े की तरफ के किनारे एक भी फूल नहीं था. ऐसा इसलिए था, क्योंकि मैं हमेशा से तुम्हारे अन्दर की कमी को जानता था, मैंने उस कमी का सदुपयोग किया और तुम्हारी तरफ के किनारे भांति- भांति के फूलों के बीज बिखेर दिए. तुम रोज़ थोडा-थोडा कर उन्हें सींचते रहे और इस तरह तुम्हारे छिद्र से होते स्राव ने रास्ते को खूबसूरत बना दिया." फूटा घड़ा अपनी कमी का भी सदुपयोग होते देख आत्मविश्वास से भर उठा. मित्रों सभी सम्पूर्ण नहीं होते. कोई न कोई कमी हम सभी में होती है. ये कमियां ही हमें अनोखा बनाती हैं.

# भविष्य के लिए सहेजना होगा भूजल

• जलवायु

सुरेंद्र सूद

दिसंबर 23 में जारी भूजल स्रोत आकलन रिपोर्ट-2023 प्रथम दृष्टया इस महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन की स्थिति पर आश्वस्त करने वाली तस्वीर पेश करती है. हालांकि रिपोर्ट में भूजल के बेतहाशा दोहन से उभरती चिंताजनक स्थिति और कई कृषि प्रधान एवं शहरी इलाकों में इसकी गुणवत्ता जैसे पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया है. रिपोर्ट से पता चलता है कि भूजल संचयन और दोहन योग्य पानी की मात्रा बढ़ी है, जबकि इसके निकाले जाने की मात्रा घटी है. नतीजतन, धरातलीय जल क्षेत्र में सुधार हुआ है. यह अच्छा संकेत है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई और शहरों में पीने के लिए मुख्यतः भूजल का ही उपयोग होता है. गांवों में सिंचाई के लिए 60 प्रतिशत और पीने के लिए 80 प्रतिशत पानी जमीन से ही निकाला जाता है. इसी प्रकार शहरों में पीने की 50 प्रतिशत जरूरत भूजल से पूरी होती है. पुनर्भरण वाला संसाधन होने के बावजूद अत्यधिक दोहन के कारण कई क्षेत्रों में पानी का संकट होता जा रहा है. भूगर्भ में जल संचयन मुख्यतः वर्षा, नहरों, नदियों, तालाबों और अन्य जल स्रोतों से होता है. यही नहीं, भूजल स्तर बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की महत्त्वाकांक्षी अटल भूजल योजना समेत वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्यों के सहयोग से तैयार आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में कुल जल संचयन 449.53 अरब घन मीटर रहा. यह साल 2022 में 437.60 अरब घन मीटर से 11.48 अरब घन मीटर अथवा 2.6 प्रतिशत अधिक रहा. नतीजतन, इस साल दोहन किए जाने लायक जल की मात्रा बढ़ गई है.रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल जहां 398.08 अरब घन मीटर पानी दोहन योग्य था, इस साल यह बढ़कर 407.21 अरब घन मीटर पहुंच गया. इसी दौरान जमीन से निकाले जाने वाले पानी की दर 60.08 प्रतिशत से घटकर 59.26 प्रतिशत पर आ गई है. चिंताजनक बात यह है कि प्रति 100 ब्लॉक में से 11 में सीमा से अधिक जल का दोहन हो रहा है. जल स्रोतों पर संसदीय स्थायी समिति द्वारा इस साल मार्च में पेश एक और रिपोर्ट में भूजल संकट के लिए जिम्मेदार कई कारकों को चिह्नित किया गया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि देशभर में 14 प्रतिशत भूजल आकलन इकाइयों से अत्यधिक दोहन हुआ, जबकि इनमें 4 प्रतिशत अत्यधिक गंभीर श्रेणी में आंकी गईं. इस समिति द्वारा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान समेत 11 राज्यों में सिंचाई के लिए आवश्यक कुल पानी का 80 से 90 प्रतिशत जमीन से लिया जाता है. पंजाब में यह आंकड़ा सबसे अधिक 97 प्रतिशत है. अधिक पानी चाहने वाली धान और गन्ने जैसी फसलें इन्हीं इलाकों में अधिक उगाई जाती हैं. सिंचाई, घरेलू उपयोग, पेयजल आपूर्ति एवं सिंचाई के लिए बिजली जैसी आवश्यकताएं पूरी करने के लिए भूजल पर निर्भरता अत्यधिक दोहन के सबसे बड़े कारण हैं. संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार 23 राज्यों के 370 जिलों में फ्लोराइड के मिश्रण के कारण भूजल दूषित हो गया है, जबकि 27 राज्यों के 341 जिलों में लौह तत्त्व अधिक पाया गया है. इसके अतिरिक्त, 14 राज्यों के 90 से अधिक जिलों के भूजल में शीशे की मात्रा बहुत अधिक है और 25 राज्यों के 230 जिलों में भूजल में खतरनाक स्तर तक आर्सेनिक पाया गया है. यही नहीं, 18 राज्यों के 249 जिलों के भूजल में बहुत ज्यादा खारापन है. महत्त्वपूर्ण बात यह कि रिपोर्ट में प्रदूषित जल वाले बड़े शहरों में दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और हैदराबाद का नाम भी शामिल किया गया है. वास्तव में, भूजल के दीर्घकालिक इस्तेमाल और इसकी गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए नियम-कानूनों की कोई कमी नहीं है. केंद्र सरकार ने मॉडल भूजल (सतत प्रबंधन) विधेयक प्रसारित किया है, ताकि इसकी मदद से राज्यों को अपने जल संबंधी कानूनों में सुधार करने में मदद मिल सके. यह विधेयक भूजल संचयन जोन का सीमांकन करने और विषाक्तता एवं लवणता की समस्या से निपटने के लिए अधिक ध्यान देने की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद करता है. हालांकि लगभग 15 राज्यों ने पानी से संबंधित अपने कानूनों में सुधार नहीं किया है. इसलिए भूजल दोहन और वर्षा जल संचयन को ध्यान में रखकर इस विशाल प्राकृतिक संसाधन की सेहत सुधारने के लिए प्रभावी एवं खूब सोचे-विचारे नियम-कानून लागू करने की जरूरत है. यही नहीं, जिन क्षेत्रों में तेजी से भूजल घट रहा है, वहां अधिक पानी चाहने वाली फसलों को हतोत्साहित किया जाना चाहिए.

> केंद्रीय भूजल बोर्ड और राज्यों के सहयोग से तैयार आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में कुल जल संचयन 449.53 अरब घन मीटर रहा. यह साल 2022 में 437.60 अरब घन मीटर से 11.48 अरब घन मीटर अथवा 2.6 प्रतिशत अधिक रहा. नतीजतन, इस साल दोहन किए जाने लायक जल की मात्रा बढ़ गई है.

# कितना सकारात्मक साबित हुआ गुजरा साल

• सामयिकी

प्रमोद जोशी

गुजरे साल के आखिरी हफ्ते में हम पीछे मुड़कर देखना चाहें तो पाएंगे कि पिछले तीन वर्षों की तुलना में यह साल अपेक्षाकृत सकारात्मक उपलब्धियों का रहा है. पिछले साल का समापन कोविड-19 के नए अंदेशों के साथ हुआ था, पर उन पर विजय पा ली गई. हालांकि, देश के कुछ इलाकों से बीमारी की खबरें फिर से आ रही हैं, पर खतरा ज्यादा बड़ा नहीं है. ज्यादातर बड़ी खबरें आर्थिक पुनर्निर्माण और राजनीतिक उठा-पटक से जुड़ी हैं. साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, नए संसद भवन और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियों के महत्व को रेखांकित किया जाना चाहिए. इस साल हमारे पास निराशा से ज्यादा आशाभरी खबरें हैं. चलते-चलाते साल के अंत में आर्थिक मोर्चे से अच्छी खबरें मिली हैं, जो बता रही हैं कि भारतीय जीडीपी अब 7 से 7.5 प्रतिशत सालाना की दर से संवृद्धि की दिशा में बढ़ रही है. दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश की बाढ़, सिलक्यारा सुरंग, बालेश्वर (बालासोर) ट्रेन-दुर्घटना, मणिपुर की हिंसा और उसके दौरान वायरल हुए शर्मनाक वीडियो से जुड़ी निराशाओं को भी भुलाना नहीं चाहिए. गत 13 दिसंबर को संसद भवन हमले की सालगिरह पर एक और बड़ी घटना को अंजाम दिया गया. लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ लोग अंदर कूद गए और उन्होंने एक कैन से पीले रंग का धुआं छोड़ा. हमलावरों पर काबू पा लिया गया, पर इसके बाद सत्तापक्ष और इंडिया गठबंधन से जुड़े विरोधी दलों के बीच टकराव शुरू हो गया, जिसकी परिणति 146 सांसदों के निलंबन के रूप में हुई है. यह परिघटना न केवल शर्मनाक है, बल्कि खतरनाक भी. इसे ऐसे दिन अंजाम दिया गया, जो 2001 के संसद पर हुए हमले की तारीख है. इस दृष्टि से यह देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था के आंगन सुरक्षा में हुई चूक से ज्यादा राष्ट्रीय-प्रतिष्ठा का प्रश्न है. इसका सांकेतिक महत्व है. लगता है कि यह गतिरोध नए साल में बजट सत्र में भी चलेगा. सुप्रीम कोर्ट ने 11 दिसंबर को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी, जिसे हटाए जाने का फैसला पूरी तरह संवैधानिक है. इस निर्णय ने अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के 5 अगस्त, 2019 के फैसले पर कानूनी मुहर लगा दी. कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा जल्द दिया जाना चाहिए और अगले साल सितंबर के महीने तक राज्य में चुनाव कराए जाने चाहिए.

> लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कुछ लोग अंदर कूद गए और उन्होंने एक कैन से पीले रंग का धुआं छोड़ा. हमलावरों पर काबू पा लिया गया, पर इसके बाद सत्तापक्ष और इंडिया गठबंधन से जुड़े विरोधी दलों के बीच टकराव शुरू हो गया, जिसकी परिणति 146 सांसदों के निलंबन के रूप में हुई है. यह परिघटना न केवल शर्मनाक है, बल्कि खतरनाक भी.

अब 2024 के लोकसभा चुनाव के साथ जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनावों के संचालन की उम्मीद भी करनी चाहिए. उत्तर प्रदेश में गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की सरेआम गोली मारकर हत्या की खबर ने इस साल काफी सुर्खियां बटोरी. ये हत्याएं मीडिया के सामने लाइव हुई थीं. यह प्रकरण राजनीति और अपराध के गठजोड़ से जुड़े कुछ गंभीर सवालों को उठाता है. अप्रैल के महीने में खालिस्तानी समर्थक वारिस पंजाब के प्रमुख अमृतपाल को एक महीने तक लगातार पीछा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था. फिलहाल, अमृतपाल जेल में है. हालांकि, कनाडा और अमेरिका के साथ खालिस्तानी आंदोलन को लेकर बदमज़गी रही, पर वैश्विक राजनीति में भारत के हस्तक्षेप की दृष्टि से दिल्ली में हुए जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही. राष्ट्रीय राजनीति लोकसभा चुनाव की ओर बढ़ रही है. उसे देखते हुए सत्तापक्ष और विपक्ष की गतिविधियां क्रमशः बढ़ती जा रही हैं. पिछले साल का अंत राहुल गांधी की 'भारत-जोड़ो यात्रा' के दिल्ली पड़ाव के साथ हुआ था और इस साल उस यात्रा का फलितार्थ था. इस लिहाज से भारत के 26 प्रमुख विरोधी दलों ने 18 जुलाई को बेंगलुरु में 'नए गठबंधन इंडिया' की बुनियाद रखते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा दिया. कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की विजय को कांग्रेस की उपलब्धियों में गिना जाएगा. राहुल गांधी के लोकसभा से अयोग्य घोषित होने और उनकी बहाली और संसद के शीत सत्र में 146 सांसदों के निलंबन ने संसदीय राजनीति से जुड़े कुछ गंभीर सवालों की ओर इशारा किया है. साल के अंत में पांच विधानसभाओं के चुनावों ने इंडिया गठबंधन को लेकर कुछ बुनियादी सवाल भी खड़े किए हैं. दूसरी तरफ तीन हिंदीभाषी राज्यों में जीत के बाद बीजेपी ने बड़ी तेजी से लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर काम शुरू कर दिया है.

## मीडिया में अन्यत्र

# पश्चिम एशिया में जंग का बढ़ता दायरा

लाल सागर में एक कंटेनर जहाज पर हमला कर रहे यमन के ईरान-समर्थित हूती लड़ाकों पर अमेरिकी हमले इस बात की ताजा निशानी है कि गाजा के युद्ध का दायरा इजराइल-फिलिस्तीन से परे जा रहा है. यमन के अधिकतर हिस्से पर काबिज विद्रोहियों के साथ इस विरल करीबी लड़ाई में तीन हूती नौकाएं डूब गयीं और 10 लड़ाके मारे गये. हूतियों का कहना है कि फिलिस्तीनियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाने के लिए, वे बाब अल-मंदेब जलसंधि (लाल सागर इसी के जरिये अदन की खाड़ी में खुलता है) से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों पर हमला जारी रखेंगे. बीते नवंबर महीने से, हूती विद्रोही कम-से-कम 20 वाणिज्यिक टैंकरों पर हमला कर चुके हैं, जिनमें भारतीय तट के पास एक रासायनिक टैंकर भी शामिल है. इसने मेर्स्क, हैपाग-लॉयड और एमएससी जैसी दुनिया की कुछ सबसे बड़ी जहाजरानी कंपनियों को लाल सागर के रास्ते व्यापार रोकने पर मजबूर किया है. उन्हें अफ्रीका का चक्कर काटने वाला घुमावदार रास्ता इस्तेमाल करना पड़ रहा है. लाल सागर स्वेज नहर के जरिये भूमध्य सागर और अरब सागर को जोड़ता है. हाल के सप्ताहों में लाल सागर से होकर यातायात में लगभग 35 फीसदी की गिरावट आयी है. इससे जहाजरानी और बीमा का खर्च बढ़ा है. इस संकट ने दुनिया के व्यस्ततम जहाजरानी गलियारों में से एक में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को नये नौसैनिक कार्य बल का एलान करने पर मजबूर किया है. लेकिन हूती खतरे से एक अलग सुरक्षा संकट के रूप में निपटने की अमेरिकी कोशिश को अपनी सीमाओं का सामना करना पड़ सकता है. लाल सागर बेसिन का कोई देश अमेरिकी अगुवाई वाले कार्य बल में शामिल नहीं हुआ है. इनमें मिस्र भी शामिल है, जिसकी अर्थव्यवस्था स्वेज नहर के जरिये यातायात में गिरावट से प्रभावित हुई है. यह दिखाता है कि गाजा में इजराइली हमले को बाइडेन प्रशासन के बिना-शर्त समर्थन पर अरब जगत में गुस्सा बढ़ रहा है. इजराइली कार्रवाई में 11 हफ्तों में कम-से-कम 22,000 लोग मारे जा चुके हैं. यमन के लाल सागर तट पर हूतियों का नियंत्रण हैं, जिनमें हुदैदाह बंदरगाह भी शामिल है, जो बाब अल-मंदेब से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर में है. बाब अल-मंदेब जलसंधि अपने सबसे संकरे बिंदु पर महज 29 किलोमीटर चौड़ी है.



(द हिंदू)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### भद्र/भद्रा

**मेरे** घर एक भद्र पुरुष आये थे. उन्होंने मुझे भद्रा के बारे में पूरी जानकारी दी. इन दोनों वाक्यों में एक जैसा लगने वाले दो शब्द विराजमान हैं- भद्र और भद्रा. भौतिक रूप से इन दोनों में एक आकार भर का अंतर है. दोनों के बीच समानता कम, लेकिन अंतर अधिक. एक समानता यह है कि दोनों संस्कृत से हिंदी में आये तत्सम शब्द हैं. इसे अच्छी तरह से समझने के लिए शब्दकोश की शरण में जाना आवश्यक है. मान्य शब्दकोश हिंदी शब्द सागर के अनुसार भद्र शब्द संज्ञा भी है और विशेषण भी. दोंनों रूपों में भद्र के अर्थ में स्पष्ट अंतर मिलता है. विशेषण के रूप में भद्र शब्द का सामान्य अर्थ है सभ्य, सुशिक्षित, कल्याणकारी, श्रेष्ठ, साधु, सुंदर, प्रिय, अनुकूल. मेरे घर एक भद्र पुरुष आये थे. इसमें भद्र शब्द की भूमिका विशेषण के रूप में है. वाक्य में भद्र शब्द पुरुष की विशेषता बता रहा है. यानी 'भद्र' बता रहा है कि जो पुरुष आया था, वह सभ्य था, सुशिक्षित था, श्रेष्ठ था. संज्ञा के रूप में भद्र का अर्थ है कल्याण, क्षेम, कुशल, चंदन, हाथियों की एक जाति जो पहले विंध्याचल में होती थी. भद्र के और भी अनेक अर्थ हैं. जैसे बलदेव जी का एक सहोदर भाई, महादेव, एक प्राचीन देश का नाम, उत्तर दिशा के दिग्गज का नाम, खंजन पक्षी, बैल, विष्णु के एक पारिषद का नाम, भगवान रामचंद्र के एक सखा का नाम, संगीत शास्त्र के अनुसार स्वर साधन की एक प्रणाली, ब्रज के 84 वनों में से एक, सुमेरु पर्वत, कदंब, सोना, स्वर्ण, मोथा, रामचंद्र की सभा का वह सभासद जिसके मुंह से सीता की निंदा सुनकर उन्होंने सीता को वनवास दिया था. सिर दाढ़ी मूंछों का मुंडन भी भद्र कहलाता है. भद्र संज्ञा स्त्रीलिंग है और इसका अर्थ है आकाशगंगा, द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथियों की संज्ञा, केकयराज की एक कन्या जो श्रीकृष्ण से ब्याही थी, रास्ता, हल्दी, दुर्वा, चतुर, गाय, दुर्गा, छाया से उत्पन्न सूर्य की एक कन्या.

# प्रतियोगी, उपयोगी, सहयोगी तथा योगी

• तीर-तुक्का

कुबेर

उन्होंने अपने शोध प्रबंध की व्याख्या इस प्रकार प्रारंभ की-मेरे शोध-प्रबंध के पहले अध्याय का शीर्षक ही है - 'प्रतियोगी, उपयोगी, सहयोगी तथा योगी'. इस अध्याय में इन शब्दों की उत्पत्ति और इनके अन्तर्संबंधों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया है. मसलन-यह देश योगियों का देश रहा है. पहले यहां चार प्रकार के योगी पाये जाते थे - प्रतियोगी, सहयोगी, उपयोगी तथा योगी (शुद्धयोगी). मनोविकार श्रेणी के सभी तत्व और वे सभी लोग जो योग और उसकी माया के प्रतिगामी होते थे, विरोधी और बाधक होते थे, प्रतियोगी कहलाते थे. योगी का बिलकुल विलोम. इसी तरह मनोविकार श्रेणी के सभी तत्व और वे सभी लोग जो योग और उसकी माया के अनुगामी होते थे, साधक होते थे; सहयोगी कहलाते थे. वे साधक जो योगसिद्धि के मार्ग में बीच में ही अटक-भटक जाया करते थे और योगियों की पूँछ पकड़कर अपनी जीवन-नैया पार लगाया करते थे - उपयोगी कहलाया करते थे. योग और योगियों से संबंधित उनके शोधकार्य के प्रथम अध्याय के इस महत्वपूर्ण अंश का अमृतपान करते हुए मुझे योगनिद्रा आने लगी थी. वे तत्काल समझ गये थे. झकोरते हुए उन्होंने कहा था - 'अब जैसा कि आप जानते ही हैं, उत्तरआधुनिकता का दौर है. योगियों ने अपने आपको बदल लिया है. अपने अर्थ और सामर्थ्य को भी बदल लिया है. योगी लोग ही जब बदल गये हैं तो बेचारे ये शब्द क्या करते, मर तो नहीं जाते न? इन लोगों ने भी अपने-अपने अर्थ बदल लिये हैं. पुराने समय में योगीगण अपने योगों को साधने के फिराक में जंगल, पहाड़, बीहड़, गांव और शहर; चारों ओर मारा-मारा फिरा करते थे. इनके मार्ग बड़े दुर्गम और कठिन हुआ करते थे. कंटकों और कंकड़ों से भरे होते थे. छोटे-बड़े गड्ढे ही गड्ढे होते थे. जनलेवा खाइयाँ होती थी, दरारें होती थी. कहीं भयंकर धूल तो कहीं दलदल और कीचड़ ही कीचड़ होते थे. कहीं ये पगडंडियों में रूपान्तरित हो जात थे तो कहीं-कहीं निराकार ईश्वर की भाँति अदृश्य भी हो जाते थे. इसीलिए योगियों ने अपने योगमार्ग को कठिन मार्ग कहा है. परन्तु योगीगण कभी भी कठिन योगमार्ग से दुखी और विचलित नहीं होते थे. वे जानते थे - योगमार्ग जितना दुर्गम और कठिन होगा उतने ही ऊंचे भगवान के दर्शन होंगे, उतने ही ऊचे स्वर्ग की प्राप्ति होगी. योगी लोग इन मार्गों पर चलकर मोक्ष और स्वर्ग प्राप्त करते थे. यह परंपरा आज भी जारी है. उस जमाने के सारे योगमार्ग आज भी जीवित हैं. योगियों की कर्मनिष्ठ-तपोनिष्ठ संतानें - आज की जनता, इन मार्गों पर चलकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरती है. मरकर स्वर्ग और मोक्ष को प्राप्त करती है.



# Her Story

*बेशक दुनिया की हर मां अपने बच्चे को महफूज रखना चाहती है. कोई मां अपने बच्चे को तकलीफ में नहीं देख सकती. लेकिन बेहतर परवरिश और बच्चों की अति सुरक्षा के बीच एक महीन रेखा सी होती है जिसे समझना बहुत जरूरी है. दरकार इस बात की होती है कि जाने-अनजाने अपने अधूरे ख्वाबों को पूरा करने के लिए पैरेंट्स उन्हें एक माध्यम के तौर पर इस्तेमाल न करें. आइए, आज परवरिश से जुड़ी अपनी आम गलतियों-प्रवृतियों के साथ कुछ बेहतर कदम की करें चर्चा*

# पंख समर्थ है, उड़ान भरने दें नौनिहालों को

## सही नहीं स्पून फीडिंग

जब बात बच्चों की आती है तो हम उनके लिए हर संभव काम करने को तैयार रहते हैं. खास कर हम भारतीय माता पिता उनकी परवरिश में "परोस कर सब कुछ देने यानि स्पून फीडिंग" के समर्थक रहे हैं. हम उनके लिए खुद मंजिल तय कर देते हैं और चाहते हैं कि वे उसे पूरा करने में जुट जाएं. सच तो यह है कि अपने अधूरे ख्वाब को पूरा करने के लिए उनका इस्तेमाल चाहते हैं. उनकी उम्र में जो काम हम खुद नहीं कर सके, चाहते हैं कि हमारी संतान उसे पूरा कर हमें सुख दे. हमारी इस सोच का समर्थन नहीं किया जा सकता. इस संदर्भ में याद आता है बराक ओबामा की जीवनसाथी मिशेल ओबामा का एक इंटरव्यू जिसमें उन्होंने कहा था कि सबसे अहम है बच्चों को स्पेस देना. उन्हें अपनी दुनिया बनाने की आजादी देना चाहिए. उनके परिवेश में कौन लोग होंगे, यह भी उन्हें खुद तय करने दें.



## मत डालिए सपनों का बोझ

छोटी उम्र में बच्चों से पूछा जाने वाला एक आम सवाल है, बेटा आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं? बच्चे तुतलाते शब्दों में जवाब देते हैं. पर क्या वाकई इसमें हम उनकी राय जानना चाहते. बच्चों के लिए ड्रेस और खिलौने पसंद करते करते हम उनका करियर भी खुद पसंद कर लेते और लाद देते हैं उनपर अपने सपनों का बोझ कि तुम्हें डॉक्टर बनना है, तुम्हें इंजीनियर बनना है. फलाने का बच्चा जेईई निकल गया तो मेरा बच्चा क्यों नहीं. इसके लिए अब नन्हीं सी उम्र से ही उन्हें स्कूल के बाद कोचिंग की पढ़ाई के लिए झोंक रहे. छोटी कक्षाओं से ही ओवर शेड्यूल्ड लाइफ. उन्हें मैदान पार्क में खेलने के मौके नहीं मिलते. उनके सोने के घंटे तक चुरा लिए गए. चैन से खाना भूल रहे हमारे जिगर के टुकड़े. पिछले दिनों एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (क्वोरा) पर एक पिता ने पूछा था कि आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए पांचवी कक्षा में पढ़ने वाले मेरे बेटे के लिए कौन सा कोचिंग बेस्ट रहेगा. तब कई लोगों ने उसके पिता की आलोचना की थी . कहा था कि अपने बेटे को खुद अपना करियर चुनने दें. उसपर अभी से इंजीनियर बनने का दवाब न डालें. पिता ने भी ऑनलाइन ही सभी आलोचनाओं का जवाब दिया था. कहा था कि बच्चा अभी ना समझ है. उसे अपना भला बुरा नहीं पता. ऐसे में हमारी ही जिम्मेदारी है उसे बेहतर जिंदगी के लिए राह बताएं. पिता के तर्क अपनी जगह पर, इससे इंकार नहीं कि अपने देश में बचपन अभिवावकों के इन्हीं सपनों का दर्द झेल रहा. बचपन का अल्हड़पन अब नहीं दिखता. कंधे पर पहले ही बस्ते का इतना बोझ और अब नन्हीं सी उम्र में ही डॉक्टर इंजीनियर बनाने की मशक्कत.

## ढूंढने दें अपना आकाश

अपना अनुभव देखें या अपने आसपास का. जैसे ही बच्चा हमारी कोख से गोद का सफर तय करता है, हम उसके लिए सबकुछ बेस्ट चाहते हैं. सबसे बेहतर साबुन, शैम्पू, पाउडर खरीदते हैं. अपने संसाधन से बाहर जाकर उसकी शिक्षा-दीक्षा का प्रयास करते हैं. उसे बेस्ट जिंदगी देने की कोशिश करते. पर सच पूछिए तो जिंदगी ने भी उनके लिए कुछ और प्लान कर रखा होता है. फूलों भरी राह के साथ कांटे भी मिलते. वे गिरते हैं, गिर कर संभलते हैं. जी हां, बच्चों का दिल भी टूटता है. ऐसे में सही सलाह तो यही है कि बेशक इस दौर में बच्चे के साथ खड़े रहें, पर उन्हें अपनी समस्याओं से खुद ही उबरने दें. यही परवरिश का बेहतर तरीका है जो उसे भीतर से मजबूत बनाएगा. बेशक जब वे कमजोर पड़ें, आप उनके साथ खड़े हों. पर समस्या से उबरने की राह खुद ही ढूंढने दे. इसके लिए उन्हें पर्याप्त आजादी और स्पेस दें. अगर समाधान परोस कर दे देंगे तो फिर वे कभी सीखने की प्रक्रिया से नहीं गुजर पाएंगे. मनौवैज्ञानिक मीनाक्षी कुजूर कहती हैं कि ओवर प्रोटेक्टिव बच्चे के डरपोक निकलने की आशंका होती है. ऐसे बच्चों का ही शोषण अधिक होता है.



## दौड़ में टूटता आत्मविश्वास

बचपन से डॉक्टर इंजीनियर बनाने के जिस दौड़ में बच्चों को हम झोंक देते हैं, उसमें उनके हिस्से आता क्या है. जी तोड़ मेहनत के बाद भी मुट्ठी भर बच्चे ही सफलता का स्वाद चख पाते. जो सफल हुए हैं, उनमें कम ही ऊंची सैलरी पर जाते हैं, ज्यादातर आईआईटी स्नातकों का वेतन औसतन सात-आठ लाख रुपए प्रति वर्ष ही होता. बड़ी संख्या में बच्चे इस दौड़ में असफल हो जाते. जो असफल होते हैं वे अवसाद झेलते. कई अपनी जिंदगी तक खत्म करने को तुल जाते. जबकि इस असफलता में उनके टैलेंट पर सवाल ही नहीं उठना चाहिए. देश भर में महज 23 तो आईआईटी संचालित हैं. इसमें प्रवेश के लिए हर साल दस लाख से अधिक छात्र परीक्षा में शरीक होते हैं. इनमें से प्रवेश मिलता है महज 12 हजार बच्चों को. हम तो जेईई का रिजल्ट आने पर सफल बच्चों की मिठाई खिलाती तस्वीरों की चकाचौंध में रहते हैं. असफल बच्चों की जिंदगानी में हम कहां झांक पाते. जानते तो समझते उनका दर्द. तब बेशक अपने सपनों का बोझ लादने की गलती हम भी नहीं करते.

**बहरहाल, दरकार है नौनिहालों को अपना आसमां हम खुद चुनने दें. उसमें उड़ने का माद्दा भी उनके भीतर हो. स्पून फीडिंग हमारा लाड़ हो सकता है, पर यह उनकी विवशता न बन जाए, इसका ख्याल भी हमें आज ही रखना होगा.**



वीणा श्री

## आसां नहीं था तूफां से साहिल तक का सफर

**अपना ज़माना आप बनाते हैं अहल-ए-दिल/ हम वो नहीं कि जिन को ज़माना बना गया...**सागोरिका सरकार उर्फ वीणा श्री की जिंदगानी इन पंक्तियों का सच बयां करती है. उनकी जिंदगी संघर्ष की आंच में तपी है और आज इसकी स्वर्णिम आभा से जमाना भी लाभान्वित हो रहा. महज दो साल की उम्र में पिता का साया सिर से उठ गया. उसके बाद कर्मठ मां जो सरकारी नौकरी में थीं, के साथ उनके तबादले के अनुसार झारखंड के विभिन्न इलाकों में पढ़ाई करती इन्होंने डॉक्टर बनने का ख्वाब पलकों में पाला ताकि लोगों की सेवा की जा सके. लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि पढ़ाई में भरपूर बाधा हुई. बस एक बार मेडिकल प्रवेश के लिए परीक्षा में शामिल हो सकीं और उसमें सफल नहीं हो पाईं. इसीबीच शादी भी हुई और मां भी बनीं. लेकिन जीवनसाथी से अलगाव के बाद वे एकल मां के रूप में बिटिया की परवरिश की महान जिम्मेदारी सामने आई. बेशक जब तक जीवित रहीं, इस पूरे दौर में उनकी मां एक सशक्त सहारे के रूप में साथ खड़ी रहीं.

संगीत से बचपन से जुड़ाव था. बाद में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से क्लासिकल व लाइट म्यूजिक में दीक्षा लीं. जिंदगी का एक मोड़ ऐसा आया जब संगीत ने ही हाथ थामा. कई उपलब्धियां भी इस राह में मिलीं. टी सीरिज से अल्बम निकले. आस्था चैनल से लाइव शो हुआ. शारदा सिन्हा, कुमार शानू, अनुराधा पौडवाल, तृप्ति शाक्या, छैला बिहारी जैसी हस्तियों के साथ मंच साझा करने का मौका मिला.

एकल मां के रूप में अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का सुकून हासिल है. आज बिटिया गुरुग्राम में सम्मानित पद पर कार्यरत है. इधर कुछ वर्षों से आलम यह है कि एक कॉल पर जरुरतमंद के लिए तत्पर हो जाती हैं. जी हां, अब समाजसेवा से जुड़ी हैं. जरुरतमंद को समय पर रक्त मुहैया कराने की कोशिश करती हैं. भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ. इसकी वे महिला प्रदेश सचिव हैं. कॉस्मस यूथ क्लब से जुड़ कर भी समाज सेवा कर रही हैं.

बहरहाल, वीणा श्री महिलाओं को संदेश देना चाहती हैं कि जीवन में बेशक साथी की अहमियत है लेकिन कई बार एकला चलो रे का राग भी आपके हिस्से बहुत कुछ दिला जाता है जो शायद साथ चलते संभव नहीं है.



advt

**बस दो मिनट में**

## उड़न छू हो जाएगा ऑफिस टेंशन

दफ्तर में तनाव के कारण सहज हैं. कभी सहकर्मियों से मतभेद तो कभी बॉस की अपेक्षाएं, समय का दवाब तो टार्गेट पूरा करने का प्रेशरबहाने कई हैं, पर इनसे निजात के रास्ते भी कम नहीं. आइए आज महज दो मिनट में आजमाएं जाने वाले कुछ नुस्खों की करें बता

### 5-4-3-2-1

स्ट्रेस हो तो आसपास की पांच चीजें देखें, चार आवाज पर ध्यान केंद्रित करें, तीन चीजों के स्पर्श को महसूस करें, दो चीजों का सुगंध लें और किसी एक चीज का स्वाद लें. बस दो मिनट में संभव यह प्रक्रिया स्ट्रेस को दूर करने में कारगर है.

### गले-कंधे का मसाज

बस दो मिनट काम से विराम लें. आंखें मूंद कर सिर जीर पीछे टिका लें. अब कंधों व गरदन के आसपास अपनी हथेलियों से हल्की-हल्की मसाज करें. कान के पीछे हल्का मसाज करें. इससे मांसपेशियों का तनाव कम होगा और आप आराम महसूस करेंगे.

### अरोमा थेरेपी

किसी असेंशियल ऑयल की छोटी शीशी अपने पास रखें. टेंशन की स्थिति में इसकी एक बूंद कलाई, कान के पीछे या ललाट के बीचो बीच लगा कर कुछ देर के लिए आंखें बंद कर लें. थोड़ी देर के लिए ही सही, मन तनाव मुक्त लगेगा.

### फेस एक्सरसाइज

आंखों को बारी-बारी से खोले-बंद करें. मुंह को भी बारी-बारी से खोलें-बंद करें. जीभ बाहर निकालें औश्र फिर भीतर करें. दोनों हथेलियों को आपस में रगड़ें और फिर उन्हें बंद आंखों पर रखें. इससे तनाव ढीला होगा और आप रिलेक्स महसूस करेंगे.

### बदला माहौल

यदि दफ्तर से बाहर निकल सकते हैं तो बाहर के दृश्यों और आवाज का आनंद उठाएं. अपने चेहरे पर पड़ती धूप की रोशनी को महसूस करें और बस उन्हीं पलों को जिएं. गहरी सांस लें. परिदृश्य में तत्कालिक बदलाव आपको तरोताजा कर देता है.



# सुकून, सहूलियत और सुंदरता भरा आशियाना

**भागमभाग भरी दिनचर्या के बाद घर लौटते हैं तो घर की दीवारों में दिल इत्मिनान तलाशता है. बेशक न पहले की तरह आंगन-दलान वाला घर रहा और न चिड़ियों की चहचहाहट से गुलजार पेड़ पौधे, पर हमारी आंखें अब भी इन्हें बटोर लाना चाहती है अपने फ्लैट में भी. यही कवायद आज का इंटीरियर ट्रेंड बन रहा है.**

हमारी बाहर की दुनिया भागमभाग भरी हो गई है. दिनचर्या पहले से कहीं अधिक व्यस्त. उधर घर का दायरा सिमट रहा है. ऐसे में आशियाने को सजाने के अंदाज में बहुत बदलाव आया है. बात चाहे रोशनी की हो या रंग संयोजन की या फिर दूसरी सजावट की, सुकून की चाहत हर जगह नजर आती है. इतना ही नहीं, चूंकि शहरों में जगह की बढ़ती कीमत के कारण हमारे हिस्से रहने का घर छोटा हो रहा. ऐसे में इंडीरियर डेकोरेशन में छोटे से हिस्से का बड़े होने का अहसास करने की कवायद भी बढ़ी है. हमने एक्सपर्ट से जुटायी ऐसी ही कुछ जानकारियां जिससे घर में सुकून हो, सहूलियत हो और हो सौन्दर्य का एहसासात....

## प्रकृति से प्यार

क्रंक्रीट के जंगल में रहना हमारे समय की विवशता है. पर इस विवशता के कारण प्रकृति से हमारा प्यार कहीं से कम नहीं होता. सुकून के लिए हम प्रकृति को अपनी देहरी के भीतर भी समेट लाने की ख्वाहिश रखते हैं. वुडन या टेराकोटा टाइल्स, बांस के फर्नीचर, जूट के गद्दे, रैटन लैम्प, रंगीन बिरंगी दरियां और छोटे-बड़े गमलों में लगे खूब सारे पौधे लगा कर यह ख्वाहिश पूरी की जा रही. सुकून की यही ख्वाहिश लाइटिंग के मामले में भी दिख रही. ड्रीमी लाइट पसंद की जा रही. चकाचौंध भरी रोशनी की जगह अब बेडरूम में सूर्यादय की हल्की रोशनी सा अहसास चाहते हैं.



## अतीत की ओर एक कदम

इन दिनों घर के एक हिस्से को विंटेज लुक देना ट्रेंड में है. इसके लिए कई विकल्प अपनाए जा रहे हैं. कई बार वुडन फ्लोर लगाना पसंद करते हैं तो कई बार छत लकड़ी की बनवाई जाती. शो पीस में भी इसके लिए एक्सपेरिमेंट्स हो रहे. तांबा, कांसा, पीतल या लकड़ी की बनी बड़े आकार की घडियां भी इन दिनों विंटेज लुक के लिए दीवारों पर सजाई जा रहीं.. पुराने अंदाज का एक झूमर या टेबल पर रखा कैंडल स्टैंड भी लुक को बेहतर बना सकता. लकड़ी/मेटल की बेंच के साथ कुछ एक्सपेरिमेंट्स किए जा सकते. पुरानी लकड़ी की दराजों वाली टेबल या दीवारों पर लकड़ी के ताखे भी विंटेज लुक में बेहतर लगते हैं. देश-दुनिया के कोने कोने से घूम कर जुटाए गए विंटेज डेकोरेटिव पीस लगाने के लिए भी यही मुकम्मल जगह है.





## ट्रेंड मोनोक्रोमिक पैटर्न का

## घर का मल्टी स्पेस कोना

लिविंग रूम अब सोशल स्पेस या कहें मल्टी स्पेस बन गया है. पारंपरिक सोफे, दीवान, शोकेस जैसे फर्नीचर की जगह यहां हार्डवेयर पर खूब एक्सपेरिमेंट्स हो रहे. महानगरों में जगहों की बढ़ती कीमत इसका बड़ा कारण है. इस कारण यहां ऐसा बेड लोग लगा रहे जिसे ऊपर कर दें तो सोफा बन जाए. फिर यही जरूरत के अनुसार आपका स्टडी टेबल और डायनिंग टेबल भी बन सकता. लाइट और स्क्रीन भी इसमें ही फिट है. यानि आपका मल्टी स्पेस कभी आपकी बैठक बन जाएगा तो कभी डायनिंग एरिया, कभी स्टडी रूम तो कभी एंटरटेनमेंट की जगह.



इंटीरियर डेकोरेशन में मोनोक्रोमिक पैटर्न इन दिनों अधिक पसंद किया जा रहा. इससे कमरा अधिक बड़ा लगता है. इस ट्रेंड के तहत यदि सफेद रंग लेना है तो दीवारों से छत तक, दरवाजे से खिड़कियों तक, बेड शीट से पिलो कवर तक सफेद कलर के ही अलग अलग शेड, टेक्श्चर और पैटर्न. कहीं ऑफ व्हाइट तो कहीं लाइट व्हाइट. हां, दीवारों की पेंटिंग या वॉल हैंगिंग या कुशन या फिर फ्लॉवर पॉट में किसी ब्राइट कलर के साथ एक्सपेरिमेंट्स कर अपने अलग व्यक्तित्व, अपने जुदा वजूद को जाहिर कर सकते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### मोतिहारी हत्याकांड में आरोपी गिरफ्तार

**मोतिहारी।** मोतिहारी में हत्या का मामला सामने आया है. पिछले साल 2023 में सुगौली थाना क्षेत्र से तिहरे हत्याकांड का खुलासा 1 जनवरी को हुआ है. मामला दो युवकों के एक विवाहिता से प्रेम-प्रसंग का है. महिला के प्यार में पड़े दोनों युवक आपस में दोस्त भी थे. विवाहिता और उसके दो प्रेमियों की हत्या करने वाला आरोपी कोई और नहीं महिला का पति है, जिसने गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में ये राज खोला है. महिला और उसके एक प्रेमी का शव नेपाल से बीते नवंबर महीने में बरामद हुआ था. वहीं, दूसरे प्रेमी के शव का कुछ पता नहीं चल सका है.

### बदमाशों ने होमगार्ड जवान को रौंदा, मौत

**पटना।** बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. छपरा में बदमाशों ने बाइक से रौंद कर एक होमगार्ड जवान की जान ले ली. घटना सोनपुर-छपरा हाईवे पर नयागांव थाना क्षेत्र के सिताबगंज बाजार के अब्दुलही गांव की है. होमगार्ड जवान की पहचान शिवमंगल सिंह के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि रविवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाश नयागांव से सोनपुर की तरफ जा रहे थे. इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नयागांव थाने की पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी ने तीनों बदमाशों को रुकने का इशारा किया लेकिन बदमाशों ने बाइक की स्पीड और बढ़ा दी लेकिन बदमाशों ने जवान को रौंद डाला.

### एक बार में 10% शिक्षकों को ही मिलेगी छुट्टी

**पटना।** अब एक साथ अधिक से अधिक स्कूल के 10 फीसद शिक्षकों को ही छुट्टी मिल सकेगी. शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने इसको लेकर सभी जिलों को आदेश जारी किया है. पाठक ने जिलों को निर्देश दिया है कि शिक्षकों के छुट्टी लेने की मनोवृत्ति पर रोक लगाएं और एक साथ स्कूल में 10 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों की छुट्टी नहीं दी जाए, इसे सुनिश्चत करें. पाठक ने सभी डीएम और डीडीसी को आवश्यक पहल करने के लिए पत्र लिखा है. पत्र में पाठक ने कहा है कि 1 फरवरी से बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू होनी हैं.

### दिल्ली से लौटकर पटना में बोले मंत्री संजय झा -

# सीएम के नेतृत्व में जदयू लोस चुनाव लड़ेगा

**संवाददाता। पटना**



दिल्ली से पटना लौटे मंत्री संजय झा ने नीतीश कुमार के सत्ता पलटने के कयासों को लेकर चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने नीतीश कुमार के एनडीए में जाने की बात को नकार दिया है. उन्होंने कहा कि जो खबर चल रही है कि सीएम नीतीश एनडीए के साथ जा सकते हैं, उसमें कोई सच्चाई नहीं है. दिल्ली में नीतीश कुमार ने पार्टी की कमान संभाल ली है. नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू लोकसभा चुनाव लड़ेगी और बिहार में 2024 पार्टी के लोग बहुत अच्छा करेंगे. आगे उन्होंने इंडिया गठबंधन के सवाल पर कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी तरह एकजुट है. आगे जल्द ही सीट शेयरिंग जैसे मुद्दे पर निर्णय लिया जाएगा. सभी पार्टी आपस में मंथन कर रही है. इंडिया गठबंधन के अंदर नीतीश कुमार को मिलने वाली विशेष जिम्मेदारी को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन इतना जरूर है कि जदयू की जो बैठक हुई, वह अच्छी बैठक हुई.

दरअसल, ललन सिंह के पद से इस्तीफे के बाद से ही बिहार में महागठबंधन में टूट और सत्ता परिवर्तन को लेकर कयासों का बाजार गर्म है. इसकी चर्चा जोर-शोर से हो रही है कि सीएम नीतीश कुमार एक बार फिर एनडीए में शामिल हो सकते हैं. इसपर फिलहाल के लिए मंत्री संजय झा ने विराम लगा दिया है.

### ट्रक-डंफर चालकों ने गांधी सेतु को किया जाम

**पटना।** केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर हैं. कानून वापस लेने की मांग कर रहे हैं ट्रक-डंफर चालकों ने उत्तर बिहार को दक्षिण बिहार से जोड़ने वाले महात्मा गांधी सेतु को हाजीपुर में जाम कर दिया है. ट्रक और डंफर चालकों ने इस कानून के विरोध में हाजीपुर-पटना एनएच रोड को जढ़ुआ पुलिस चेक पोस्ट के पास जाम कर दिया है. सड़क पर भारी संख्या में बस और ट्रक के चालक और संगीतकार मौजूद हैं. पटना से हाजीपुर-हाजीपुर से पटना जाने वाली सभी लोगों ने लोगों को रोक दिया है. जाम कर रहे पोस्टर में बताया गया है कि सरकार ने जो कानून बनाया है, वह बिल्कुल गलत है.

### आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला | –पश्चिमी चंपारण |
| न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला | – स्योहर |
| सबसे अधिक वन प्रतिशत वाला जिला | – कैमूर |
| सबसे कम वन प्रतिशत वाला जिला | – शेखपुरा |
| सर्वाधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – गया |
| न्यूनतम अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – किशनगंज |
| बिहार की जनसंख्या | – 10 करोड़ 38 लाख 4 हजार 6 सौ 37 |
| महिलाओं की संख्या | – चार करोड़ 96 लाख 19 हजार 2 सौ 90 |
| बिहार में पुरुषों की संख्या | – 5 करोड़ 41 लाख 85 हजार 3 सौ 47 |
| जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा जिला | – पटना |
| जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक छोटा जिला | – शेखपुरा |
| सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला | – शिवहर |
| न्यूनतम जनघनत्व वाला जिला | – कैमूर |
| सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला | – पटना |

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग




# गर्भवती महिला समेत 4 लोग जिंदा जल गए

**संवाददाता। बेगूसराय**

बेगूसराय जिले में सोमवार देर रात शॉर्ट सर्किट से घर में आग लगने से पति-पत्नी एवं दो बच्चों की मौत हो गई. घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के अरवा गांव की है. घटना में आसपास की करीब आधा दर्जन झोपड़ी भी जल गई है. इस भीषण घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है. मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए हैं. स्थानीय पुलिस एवं अंचल प्रशासन भी मौके पर पहुंच गई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रामकुमार पासवान के पुत्र नीरज पासवान अपने पत्नी और बच्चों के साथ रात में अपने घर में सोए थे, इसी दौरान अचानक आग लग गई. बताया जा रहा है कि ठंड के कारण आग ने जब विकराल रूप ले लिया, तब तक पता चला. लेकिन जब तक लोग जुटते नीरज पासवान, उनकी पत्नी 26 वर्षीय कविता देवी तथा दो वर्षीय कुश कुमार एवं चार वर्षीय लव कुमार की मौत हो गई. इस दौरान आसपास की सभी झोपड़ी भी जल गई. लोगों ने काफी कोशिश के बाद आग पर काबू पाया है.

**सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड को सूचना दी गई'**

स्थानीय लोगों के माध्यम से थाना को घटना को सूचना दी गई. थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद में जुट गए. फायर बिग्रेड को सूचना दी गई, लेकिन तब तक पूरा परिवार आग के भेंट चढ़ चुका था. वहीं, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि देर रात मोबाइल पर सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही मेरे द्वारा फायर बिग्रेड को सूचित किया गया. मृतक में नीरज कुमार और उनकी पत्नी कविता देवी का शव पता चल गया है. वहीं, दोनों पुत्र लव जिसकी उम्र लगभग पांच साल थी और कुश की उम्र लगभग तीन साल थी, जिसका शरीर पूरी तरह खाक हो गया.

**घटना में** रामकुमार पासवान, शिव पासवान, गौरी पासवान, राम शंकर पासवान, विजय पासवान एवं अजय पासवान का घर जलकर राख हो गया. तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. सभी लोगों की बुरी तरह जलकर मौत हुई है. मामले की छानबीन एवं अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है.

## मंदिर घूमने आए युवक की पीट-पीटकर हत्या, हड़कंप

**बेगूसराय।** बेगूसराय में युवक की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जहां नए साल में नौलखा मंदिर घूमने आए एक युवक की हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप मृतक के साथियों पर लगा है. परिजनों के मुताबिक उसके साथियों ने अगवा कर शख्स की पीट-पीट कर हत्या कर दी. घटना नगर थाना क्षेत्र के बिशनपुर नौलखा मंदिर के पास की है. बताया जा रहा कि युवक को उसके साथी उठा कर ले गए और बेरहमी से हत्या कर दी. मृतक युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी एघु निवासी रामविलास प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप मे की गई. परिजनों ने बताया कि सूरज अपने दोस्तों साथ के साथ घूमने गया था. जिसकी नौलखा मंदिर के पीछे पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की.

## नीतीश से काबिल दूसरा कोई नहीं, बहुत देरी हो गई : संजय

**पटना।** 'इंडिया' गठबंधन में इन दिनों सीएम नीतीश कुमार को लेकर खूब राजनीति हो रही है. कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार गठबंधन से नाराज चल रहे हैं. वहीं, इन सब पर जदयू विधान पार्षद संजय सिंह ने 'इंडिया' गठबंधन से बड़ी मांग कर दी. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को निश्चित तौर पर 'इंडिया' गठबंधन में संयोजक बनना चाहिए. उनसे काबिल दूसरा कोई नहीं है. सीट शेयरिंग से लेकर के सभी चीजों में बहुत देर हो गई है, पूरा समय बर्बाद हो गया है. 'इंडिया' गठबंधन को फैसला पहले लेना चाहिए था तो कुछ खेल और हो जाता, अब क्या खेल होगा. एनडीए ने चुनाव की सभी तैयारी कर ली है और हम हाथ पर हाथ धर कर बैठे हैं. कहा जा रहा है कि विपक्षी गठबंधन की तरफ से पीएम उम्मीदवारी को लेकर नीतीश कुमार के नाम की चर्चा होनी थी, लेकिन ऐसा अभी तक नहीं हुआ.

### जमुई : पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी

# युवक को लगी गोली, हालत गंभीर



**संवाददाता। जमुई**

जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र स्थित भलुआना गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी हुई है. इस गोलीबारी में एक युवक को गोली लगी है. गोली युवक के दाहिने पैर के ठेहुना के ऊपर लगी है. आनन-फानन में परिजनों ने उसे अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये. जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया. घायल युवक की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है. घटना के बाद इलाके में तनाव और दहशत का माहौल है. बताया जाता है कि भलुआना गांव में नरेश यादव के घर पर कुछ अपराधी आये और गाली-गलौज करने लगे. इसके बाद उन्होंने युवक पर फायरिंग कर दी.

## बेतिया में जमीन विवाद में फायरिंग, एक शख्स को लगी गोली, मारपीट में 4 घायल

**बेतिया।** बेतिया में जमीन विवाद में गोलीबारी की गई है. मामला लौरिया प्रखंड के कटैया गांव का है. दो पक्षों में मारपीट में हुए विवाद में एक शख्स को गोली लगी है और मारपीट में 4 अन्य लोग घायल हैं. सभी घायलों का लौरिया सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए बेतिया गवर्मेंट अस्पताल रेफर कर दिया गया है. गोली लगे शख्स प्रकाश महतो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. पुलिस ने जिस बंदूक से गोली चली है उसे जब्त कर लिया है और मौके से दो खोखा भी बरामद किया है. बता दें कि देर शाम दो भाई अब्दुल्लाह मियां के पुत्र इम्तेयाज अहमद और नईम एवं अन्य पट्टीदार में जमीन विवाद को लेकर कहासुनी हुई. इसी के बाद मारपीट भी शुरू हो गई और फायरिंग भी की गई. इम्तेयाज अहमद और उसके तीन समर्थक योगापट्टी के अख्तरुल्लाह मियां, कटैया के मुन्ना सिंह और इसी गांव के प्रकाश महतो घायल हो गए, जिसमें प्रकाश महतो को गोली लगी हुई है. दूसरे पक्ष के नईम मियां का समर्थक सद्दाम हुसैन घायल है. सूत्रों की मानें तो अभी आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हैं. जिनका इलाज कहीं अन्य जगहों पर होने की बात बताई जा रही है.

## कारोबार

### 1,000 करोड़ रुपये जुटाने की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवाप्रदाता ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड तरजीही निर्गम के जरिये 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है. ईजी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने मंगलवार को हुई बैठक में धन जुटाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी. कंपनी के अनुसार, यह प्रक्रिया कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों और अन्य लागू कानूनों के तहत तय की जाएगी.

### किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक होंगे ग्वांगगु

**नयी दिल्ली।** किआ इंडिया ने ग्वांगगु ली को तत्काल प्रभाव से नया प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है. वाहन निर्माता कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ताए जिन पार्क के सेवानिवृत्त होने के बाद यह फैसला किया गया. पार्क किआ कॉर्पोरेशन के साथ 36 साल से जुड़े थे, जिसमें से चार साल उन्होंने किआ इंडिया के लिए सेवाएं दी.ली ने विकसित और विकासशील दोनों देशों में कई पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं. कहा कि किआ इंडिया निश्चित रूप से टिकाऊ व्यापार वृद्धि के लिए सही रास्ते पर है.

### स्टार्टअप ने निवेशकों से जुटाए 10 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** स्टार्टअप सेटल ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए गृहस और वी फाउंडर सर्कल सहित निवेशकों से 10 करोड़ रुपये जुटाए हैं. स्टार्टअप सेटल के बेंगलुरु, हैदराबाद, गुरुग्राम और चेन्नई में 60 से अधिक 'को-लिविंग' (सह-आवास) सेंटर हैं. इनमें कुल 4,000 बिस्तर (बेड) हैं. यह एक बेड को किराए पर देने के लिए प्रति माह 12,500 से 18,000 रुपये तक लेते हैं. सेटल की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस राशि सहित कंपनी अभी तक कुल 15 करोड़ रुपये जुटा चुकी है. कंपनी इस राशि का इस्तेमाल कारोबार का विस्तार करने के लिए करेगी.

### वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन से पहले अधिकारियों ने कहा

# गुजरात में आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी

**एजेंसी। अहमदाबाद (गुजरात)**




**खास बातें**

- गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी तक होगा आयोजित
- गुजरात का भौगोलिक क्षेत्र भारत का केवल 6% हिस्सा

स्थिर सरकार और अनुकूल नीतियों के दम पर पिछले दो दशक में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए गुजरात ने व्यापक आर्थिक संकेतकों में लगातार ऊंचे मानक स्थापित करके खुद को भारत के विकास के इंजन के रूप में स्थापित किया है. अधिकारियों ने यह बात कही है.

गांधीनगर में 10 से 12 जनवरी को आयोजित होने वाले वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन से पहले अधिकारियों ने कहा कि गुजरात का भौगोलिक क्षेत्र भारत का केवल छह प्रतिशत हिस्सा है और उसमें देश की कुल आबादी का केवल पांच प्रतिशत हिस्सा बसता है. तब भी गुजरात ने सबसे अधिक औद्योगिक रूप से विकसित राज्यों में से एक होने का गौरव हासिल किया है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान दरों के हिसाब से गुजरात ने वित्त वर्ष 2022-23 में 22.61 लाख करोड़ रुपये के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के साथ भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब आठ प्रतिशत का योगदान दिया. गुजरात के मुख्य सचिव राज कुमार ने हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि वर्तमान जीएसडीपी 22.61 लाख करोड़ रुपये है, जो 1997-98 के 91,000 करोड़ रुपये की तुलना में 11 गुना की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है. उन्होंने कहा, स्थिर सरकार और अनुकूल नीतियों ने गुजरात की वृद्धि को गति दी है.

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने आगामी वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन से पहले एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, सक्रिय नीति-आधारित दृष्टिकोण, निवेशक-अनुकूल रवैये और मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचे के दम पर गुजरात निवेशकों की पंसद बन गया है. उन्होंने कहा कि राज्य ने भारत के वृद्धि इंजन के रूप में पहचान हासिल की है. इसे 'बिजनेस नेटवर्किंग', ज्ञान साझा करने तथा सामाजिक-आर्थिक विकास के मंच वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन ने और मजबूत किया है.

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि गुजरात इस शिखर सम्मेलन के जरिये प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करेगा. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र ने गुजरात की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. वित्त वर्ष 2021-22 तक इसका जीएसडीपी में करीब 36.7 प्रतिशत का योगदान रहा है. आंकड़ों से पता चला कि वित्त वर्ष 2016-17 से राज्य लगातार भारत के औद्योगिक उत्पादन में पहले स्थान पर रहा. 2019-20 तक 11.6 प्रतिशत यानी 28,479 कारखानों के साथ सर्वाधिक कारखानों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गया. सरकार के मुताबिक, राज्य का 13 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) का पर्याप्त आधार भी इसे अलग बनाता है. गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (जीसीसीआई) की कार्यकारी समिति के सदस्य सचिन के.

### नववर्ष की पूर्व-संध्या पर जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकिट ने तोड़े ऑर्डर के सारे रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** खानपान एवं जरूरत के सामान की ऑनलाइन बिक्री करने वाले जोमैटो, ब्लिंकिट और स्विगी जैसे मंचों पर आने वाले ऑर्डर में नए साल की पूर्व-संध्या पर बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई. इन त्वरित आपूर्ति मंचों के शीर्ष अधिकारियों ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नए साल की पूर्व-संध्या पर मिले ऑर्डर के रुझानों के बारे में यह जानकारी दी. जोमैटो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दीपिंदर गोयल ने अपने पोस्ट में कहा कि नए साल की पूर्व-संध्या पर उनके मंच को 2015-2020 के दौरान नव-वर्ष की पूर्व-संध्या पर संयुक्त रूप से मिले ऑर्डर जितने ऑर्डर मिले.

गोयल ने इसे दिलचस्प आंकड़ा बताते हुए कहा कि जोमैटो भविष्य को लेकर उत्साहित है. जोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित वाणिज्य आपूर्ति मंच ब्लिंकिट के सह-संस्थापक एवं सीईओ अलबिंदर ढींढसा ने एक पोस्ट में कहा कि इसे एक दिन में अबतक के सबसे अधिक ऑर्डर और प्रति मिनट ऑर्डर मिले. ऑनलाइन आपूर्ति मंच स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, नववर्ष की पूर्व-संध्या ने स्विगी फूड एंड इंस्टामार्ट के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए. टीम के साथ इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती!

### बेंगलुरु में चार एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए बेंगलुरु में चार एकड़ जमीन खरीदी है. कंपनी को अपार्टमेंट की बिक्री से 1,000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करने की उम्मीद है. गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने एकमुश्त आधार पर चार एकड़ जमीन खरीदी है. यह जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग- 75 के पास यशवंतपुर में स्थित है. यशवंतपुर, बेंगलुरु के प्रमुख स्थानों में से एक है. गोदरेज प्रॉपर्टीज के अनुसार, परियोजना से 1,000 करोड़ रुपये का अनुमानित राजस्व अर्जित करने की उम्मीद है. अतिरिक्त एक एकड़ भूमि अधिग्रहण करने पर इसके 1,250 करोड़ रुपये तक बढ़ने की संभावना है. इसके साथ ही यह कुल पांच एकड़ का भूखंड हो जाएगा. गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गौरव पांडे ने कहा, यशवंतपुर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म बाजार है.

### 447.5 करोड़ के जीएसटी नोटिस मिला

**नयी दिल्ली।** रोजमर्रा के उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) को पांच राज्यों के अधिकारियों से कुल 447.5 करोड़ रुपये के जीएसटी मांग तथा जुर्माना नोटिस मिले हैं. एचयूएल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इन ओदशों के खिलाफ अपील की जा सकती है और कंपनी इसका आकलन करेगी. कंपनी को पिछले सप्ताह शुक्रवार और शनिवार को जीएसटी क्रेडिट की अस्वीकृति, प्रवासियों को दिए जाने वाले भत्ते सहित वेतन आदि जैसे मुद्दों पर विभिन्न राज्यों के जीएसटी अधिकारियों से पांच नोटिस मिले. एचयूएल के अनुसार, इन जीएसटी मांगों तथा जुर्माना आदेश का कंपनी की वित्तीय स्थिति, संचालन या कंपनी की अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.

### अशोक लीलैंड की बिक्री में 10% की गिरावट

**नयी दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री दिसंबर 2023 में 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,324 इकाई रही. दिसंबर 2022 में यह 18,138 इकाई थी. अशोक लेलैंड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि घरेलू बिक्री 10 प्रतिशत घटकर 15,323 इकाई रही. दिसंबर 2022 में यह 17,112 इकाई थी. घरेलू बाजार में मध्यम तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत घटकर 10,102 इकाई रही, जो 2022 में इसी महीने में 11,399 इकाई थी. कंपनी के अनुसार, पिछले महीने घरेलू बाजार में हल्के वाणिज्यिक वाहन की बिक्री नौ प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,221 इकाई रही, जो दिसंबर 2022 में 5,713 इकाई थी.

**निगरानी** भारतीय निर्यात पर पहले अमेरिका में अतिरिक्त शुल्क लग रहा था

# रियायती दरों पर इस्पात निर्यात करने के लिए बनेगा तंत्र

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



खान, इस्पात मंत्रालय और उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) अमेरिका को रियायती दरों पर इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों के निर्यात की निगरानी के लिए एक आंतरिक तंत्र स्थापित करेंगे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. इन उत्पादों के भारतीय निर्यात पर पहले अमेरिका में अतिरिक्त शुल्क लग रहा था. अमेरिका ने 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए इस्पात उत्पादों पर 25 प्रतिशत और एल्यूमीनियम के कुछ उत्पादों पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था. भारत ने जवाबी कार्रवाई में जून 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त सीमा शुल्क लगाया था.

सेब तथा अखरोट जैसे आठ अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क हटाने के भारत के फैसले के बाद अमेरिका अब अतिरिक्त 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किए बिना भारत से इन आयातों की अनुमति दे रहा है. अधिकारी ने बताया कि दोनों देश अतिरिक्त शुल्क चुकाए बिना एक वर्ष में कम से कम 3.36 लाख टन इस्पात तथा एल्यूमीनियम के कुछ उत्पादों के अमेरिका को घरेलू निर्यात को सक्षम बनाने के लिए एक संयुक्त निगरानी तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए हैं. वाणिज्य विभाग ने अतिरिक्त शुल्क का भुगतान किए बिना अमेरिका को कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों के घरेलू निर्यात को संभव बनाने के लिए संयुक्त निगरानी तंत्र (जेएमएम) के संबंध में शर्तों को अंतिम रूप दे दिया है और अमेरिका ने प्रस्तावित पाठ पर सहमति व्यक्त की है. अधिकारी ने कहा, खान, इस्पात मंत्रालयों और डीपीआईआईटी से खासकर अमेरिकी 232 उपाय के तहत, अमेरिका में इस्पात तथा एल्यूमीनियम उत्पादों के निर्यात पर नजर रखने के लिए एक आंतरिक निगरानी तंत्र स्थापित करने का अनुरोध किया गया. इसके तहत अधिकारी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए वर्ष में दो बार बैठक करेंगे. यदि भारतीय निर्यातकों को किसी भी बाधा या समस्या का सामना करना पड़ा, तो वाणिज्य मंत्रालय को सूचित किया जाएगा और संयुक्त निगरानी तंत्र (जेएमएम) की बैठकों के दौरान अमेरिका के समक्ष उठाया जाएगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछले साल जून में यात्रा के दौरान दोनों देशों ने व्यापार संबंधी अड़चनों को दूर करने का फैसला किया था. इसके तहत ही दोनों पक्ष विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह व्यापार विवादों का निपटारा करने पर सहमत हुए थे.

## कोयला ब्लॉक आवंटन मामला बंद करने की सीबीआई रिपोर्ट दाखिल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लगभग चार साल की जांच के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में किल्होनी कोयला ब्लॉक के आवंटन में हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले को बंद करने की रिपोर्ट दायर की है.जांच अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि सीबीआई को इस मामले की चार साल तक चली जांच में आरोपपत्र दायर करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं मिले हैं.

ऐसी स्थिति में सीबीआई ने 23 दिसंबर, 2023 को एक विशेष अदालत के समक्ष एक 'क्लोजर' रिपोर्ट दायर की है. यह मामला 1998 में महाराष्ट्र में स्थित किल्होनी कोयला ब्लॉक का आवंटन निप्पॉन डेनरो इस्पात लिमिटेड (एनडीआईएल) को किए जाने में हुई कथित अनियमितता से संबंधित है. जांच में यह तथ्य सामने आया था कि स्क्रीनिंग समिति की 24 अगस्त, 1998 को हुई 13वीं बैठक में किल्होनी ब्लॉक का आवंटन एनडीआईएल को करने और निजी उपभोग वाले खनन की सूची में उसे शामिल करने का फैसला किया गया था. सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग से मिले निर्देशों के बाद 2012 में इस मामले की प्रारंभिक जांच शुरू की थी.

अपनी जांच के निष्कर्षों के आधार पर एजेंसी ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी. लेकिन चार साल की जांच के बाद उसे साक्ष्य नहीं मिल पाए हैं.

### उम्मीद फाउंडेशन की ओर से जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार के मोमेंटो का हुआ अनावरण

# आज झारखंड के 107 खिलाड़ी-कोच को किया जाएगा सम्मानित

**संवाददाता। रांची**

उम्मीद फाउंडेशन की ओर से बुधवार को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का आयोजन सीएमपीडीआई के मयूरी सभागार में दो बजे से होगा. इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा. मंगलवार को प्रेसवार्ता कर उम्मीद फाउंडेशन के अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, खेल प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने जानकारी दी. बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रांची सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद रहेंगी. इस दौरान 107 खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा. इसके मोमेंटो का अनावरण किया गया.



**छह कैटेगरी में किया जाएगा पुरस्कृत :** प्रेसवार्ता में जानकारी दी गई कि इस वर्ष छह कैटेगरी में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा. इनमें - जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न, जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार, गुरू सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार, भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल है. प्रेसवार्ता में कहा गया कि जो पुरस्कार विजेता खिलाड़ी समारोह में उपस्थित रहेंगे, उन्हें ही पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया जायेगा. खिलाड़ियों के किसी भी प्रतिनिधि को पुरस्कृत नहीं किया जायेगा.

### इन खिलाड़ियों को मिलेगा सम्मान

- **जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023 :** महेंद्र सिंह धौनी, सलिमा टेटे, संगीता कुमारी, निक्की प्रधान, गोल्डी मिश्रा, दीप्ति कुमारी, विजय हांसदा, अंकित टोप्पो, सपना कुमारी, फ्लोरेंस बारला, आशा किरण बारला, श्रीकांत साहू, छोटी कुमारी, सुनील बहादुर, कृष्णा खलको, दिनेश कुमार, मोहम्मद वसीम, कोमलिका बारी, विकास बारा, शिवानी टोप्पो, अश्वनी कुमारी, अमिशा केरकेट्टा, नारायण महतो, चंचला कुमारी, अमिशा उरांव को जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा.
- **जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार 2023 :** रूपा रानी तिर्की, गुरुचरण बेसरा, निशांत तिर्की, शशांक महतो, आकाश उरांव, गीता कुमारी, विशाल बहादुर, विशाज कुमार, लवली चौबे, अनु सेठ, निशिमा कुमारी, आदित्य कुमार, अंकिता भगत, दिव्यम मंडल, नोवल टोप्पनो, जोसफ टोप्पनो, रानी मुन्नी, लवली कुमारी, दीप्ति कुल्लु, अलबेला रानी, ममता कुमारी, सिमरन कुमारी, सुशांत उरांव, विकास उरांव, ललिता बोपयी, अंजु टुडु
- **गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार 2023 :** हरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रवेश्वर साहू, दीपक गोप, आंनद गोप, मनोज प्रसाद, एडम होरो, ज्योति साहू, अनवर खान, आशु भाटिया और संजीव कुमार
- **गुरु द्रोणाचार्य पुरस्कार 2023 :** मधुकांत पाठक, शेखर बोस, जयदीप सरकार, बीएस राव, पुर्णिमा महतो, रिजवान अली, गणेश भारती, चंचल भट्टाचार्य, बीना केरकेट्टा और प्रतिमा बरवा . इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा साहसिक पुरस्कार में प्रतीक सिंह आदि को दिया जायेगा.

## आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- भारत का सिलिकान वैली किसे कहा जाता है. - **बेंगलुरु**
- अष्टप्रधान किस प्रशासन का अंग था. - **मराठा**
- नाटो का मुख्यालय कहां है - **ब्रुसेल्स**
- किसे विद्रोही कवि कहा जाता है. - **काजी नजरुल इस्लाम**
- नादिर शाह के आक्रमण के समय मुगल शासक कौन थे - **मुहम्मद शाह**
- कांग्रेस का बंटवारा कब हुआ था. - 1907
- भारत में चोल्हामु झील कहां है. - **सिक्किम**
- संयुक्त राष्ट्र के बजट को कौन पेश करता है. - **महासचिव**
- देश में कहां नयी गेको प्रजाति की खोज की गयी - **मिजोरम**
- झारखंड का प्रमुख पर्व कौन है . - **सरहुल**

## ब्रीफ खबरें

### पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी ने लगाई फटकार

**धनबाद ।** हिट एंड रन कानून में बदलाव लाने के बाद ट्रांसपोर्टेशन के हड़ताल के दूसरे दिन भारी पैमाने पर आटो - टोटो ने भी शहर में हड़ताल कर दीया. हटिया मोड़ पर मंगलवार की सुबह आटो यूनियन वाले कुछ आटो और टोटो से यात्री उतरते दिखे. इस दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी. धनबाद थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी सूचना पर पहुंची और यूनियन वाले को डांट लगाई. हालांकि इसके बावजूद यूनियन वालों ने किसी भी आटो से यात्रियों को जाने नहीं दिया.

### वेंटिलेटर तोड़ विद्यालय में हजारों की चोरी

**तेतुलमारी ।** तेतुलामारी सुभाष चौक स्थित राज कमल नर्सरी मध्य विद्यालय के कंप्यूटर कमरे का वेन्टिलेटर तोड़कर सोमवार देर रात चोरों ने करीब 65 हजार रुपये के सामानो की चोरी कर ली. मंगलवार की सुबह जब शिक्षक विधालय पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई .विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामू प्रसाद राय ने तेतुलामारी पुलिस को घटना लिखित शिकायत देकर कार्यवाई की मांग की है. प्रधानाध्यपक के चोरी गये सामानों मे एक बैटरी,एक मोनिटर,एक सेट सीपीओ आदि शामिल हैं.

### तीन विभाग में एचओडी ने लिया प्रभार

**धनबाद ।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में अलग-अलग तीन विभाग में मंगलवार को एचओडी ने पदभार संभाला. इनमें ईएनटी, पैथोलॉजी और एफएमटी डिपार्टमेंट शामिल है. ईएनटी के एचओडी के रूप में डॉ जयंत चक्रवर्ती, पैथोलॉजी विभाग का एचओडी डॉ राजकुमार और एफएमटी के एचओडी डॉ विनीत पी तिग्गा ने पदभार संभाला. ईएनटी व पैथोलॉजी विभाग के एचओडी क्रमशः डॉ एके ठाकुर व डॉ बीसी बनर्जी के रिटायर होने के बाद पद खाली हो गया था.

### जरूरतमंदों के बीच हुआ कंबल वितरण

**कतरास।** बांसजोड़ा प्रीमियर लीग सीजन 8 के तीसरे दिन आयोजन कर्ता डब्लू आलम और राम सिंह ने गरीब एवं जरूरतमंदों बीच कंबल बांटे. जिसमें मुख्य अतिथि बीसीसीएल सीजुआ एरिया 5 के निचितपुर कोलियरी के प्रबंधक गिरधारी लाल धुर्वे एवं मैनेजर बृजेश कुमार भारती, भाजपा लोयाबाद मंडल अध्यक्ष पप्पू सिंह टोनी गुप्ता मौजूद थे. कंबल वितरण के दौरान गिरधारी लाल धुर्वे ने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल वितरण समाज को अच्छा संदेश देता है.

### कांग्रेस के सद्भावना सम्मान समारोह में पहुंचे गुलाम अहमद मीर

# बदलाव के लिए हर शख्स को भूमिका अदा करनी होगी: मीर

**संवाददाता। रांची**

मोरहाबादी के संगम गार्डन में मंगलवार को कांग्रेस के सद्भावना सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासिचव सह झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित सद्भावना सम्मान समारोह में कहा कि हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मुझे झारखंड के नेतृत्व के लिए चुना. मैं भी हैरत में था कि उन्होंने झारखंड के लिए मुझे ही क्यों चुना. इसलिये कि उन्हें झारखंड से बहुत लगाव है, झारखंडवासियों से काफी उम्मीदें हैं. यह कोई साधारण व आसान काम नहीं है. हम सभी को इस चैलेंज को स्वीकार करना होगा, खड़गे, सोनिया व राहुल के नेतृत्व में झारखंड को लोकसभा चुनाव के लिए मजबूती बना कर 2026 में बदलाव चाहते हैं, तो हर एक शख्स को अपनी भूमिका अदा करनी होगी.

तभी हम बदलाव को स्थापित करने में झारखंड में सफल होंगे. इससे पूर्व उन्होंने कांग्रेस के सारे मंत्री, विधायक, अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने झारखंड प्रवक्ता का फूल माला व शॉल ओढ़ाकर से स्वागत किया. गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सरकार में 4 मंत्री, 12 विधायक हैं. इस चैलेंज को हम आसानी से लेकर जीत सकते हैं. वहीं हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली के लिए अधिक कठिन चैलेंज है, लेकिन वहां चैलेंज स्वीकार किया गया है. फिर झारखंड का चैलेंज क्या है, जहां सरकार ही अपनी है. मौके पर विधायक प्रदीप यादव, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर, पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू आदि ने अपने विचार रखा. मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक अंबा प्रसाद, केशव महतो कमलेश, कालीचरण मुंडा, पूर्व मेयर रमा खलखो, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद समेत पूरे झारखंड से बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे.

### झारखंड के लोग मजबूत, ईडी का डर नहीं : गुलाम अहमद मीर



**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर 23 साल बाद झारखंड में दो दिवसीय दौरे पर आए. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग बहुत मजबूत हैं. यहां ईडी के डर से कुछ नहीं होगा. मोदी सरकार एजेंसी का लाभ झारखंड में जरा भी नहीं ले पाएगी. देश में जगजाहिर है कि जहां चुनाव नजदीक आते हैं, वहां ईडी, सीबीआई जैसे ना जाने कौन-कौन सी एजेंसियों को लगाकर स्थित सरकार को डराने का काम किया जाता है. झारखंड के मजबूत लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है. इससे पूर्व एयरपोर्ट में ही कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े की थाप के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. पार्टी के लोग इस दौरान कांग्रेस के दिग्गज नेताओं समेत अपने प्रभारी गुलाम अहमद मीर की जय जयकार लगा रहे थे.

#### अपनी ताकत को प्रदर्शित करने का बड़ा मौका है : प्रणव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के लिए महज 100 दिन बचे हैं. लोगों से मेरा आग्रह है, सभी एकजुट होकर चुनाव के लिए अपने झारखंड प्रभारी को मजबूत करें. लोकतंत्र को बचाने, संविधान को बचाने की लड़ाई होगी. यह बड़ा मौका होगा अपनी ताकत को प्रदर्शित करने का, एकता और एकजुटता के बल पर बड़ी चुनौतियों को हम आसानी से पार लगा लेंगे.

#### हेमंत सरकार को तीन साल से गिराने की कोशिश में है भाजपा : सुबोधकांत

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि प्रभारी गुलाम अहमद मीर के झारखंड प्रभारी बनने से लोगों में खुशी है. गठबंधन में चुनौतियां हैं, राजनीति चल रही है. राज्य बनाने में सोनिया की बड़ी भूमिका रही, हेमंत सरकार को भाजपा 3 साल से गिराने की कोशिश में है. राजनीतिक चुनौती का तूफान आने वाला है. हो सकता है लोकसभा विधानसभा दोनों चुनाव साथ में हो, इसके लिये हमे तैयार रहना होगा. संवाद के लिए गांव-गांव घर-घर जाकर लोगों से मिलना होगा. जंगल, पहाड़ व धरती के बेटों को 15 दिनों में तैयार होना होगा.

#### हेमंत सरकार ने अच्छे कार्य किये : डॉ रामेश्वर

वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार ने अन्य सरकारों से बेहतर कार्य किये हैं. कांग्रेस की मजबूती के लिए शहीदों के गांव में जाकर उनकी समस्याओं की जानकारी लेनी होगी, उसे हल करने का भरोसा दिलाना होगा. लोगों का भरोसा जीतने पर लोगों का मिलना मुश्किल नहीं होगा.

#### 14 के 14 सीट जीतने का लेते हैं संकल्प : राजेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा में हम 14 के 14 सीट जीतने का संकल्प लेते हैं. उसके लिये हम तैयार हैं, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी का जो नेतृत्व मार्ग हम लोगों को मिलेगा, हम उसकी अपील करते हुए कांग्रेस की जीत के लिए उस पर चलेंगे.

#### प्रभारी मीर के नेतृत्व में हम आगे बढ़ेंगे : बादल

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार है, 4 साल के कार्यकाल में हमने इतनी मांग की है कि जनता के बीच जा सकते हैं. प्रभारी गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में हम लोग आगे बढ़ेंगे.

**अपनी मजबूती घर-घर में स्थापित करनी होगी**

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि दूसरे को नहीं देखना है, अपनी ताकत मजबूत करनी है, गांव-गांव, कस्बे-कस्बे, घर-घर लोगों से मिलना है, कांग्रेस के विचारों को उन तक पहुंचाना है. जब लोगों तक 1-1 बात पहुंचेगी, तो मजबूती अपने आप बनने लगेगी और इस तरह विपक्ष खुद पीछे हो जायेगा.

## छेड़खानी से परेशान महिला ने युवक का प्राइवेट पार्ट काटा

**संवाददाता । साहिबगंज**

जिले के उधवा प्रखंड में छेड़खानी से परेशान महिला द्वारा एक युवक का प्राइवेट पार्ट काट लेने का मामला प्रकाश में आया है. घटना राधानगर थाना क्षेत्र के केलाबाड़ी गांव की है. पीड़िता ने मामले को लेकर थाना में मंगलवार को आरोपी युवक शुभम कुमार साह के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है. थाने में दिए आवेदन में महिला ने कहा है कि सोमवार की रात युवक ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी का प्रयास किया. जब उसने अपनी आबरू बचाने की कोशिश की, तो युवक ने उसके साथ मारपीट की. इधर, चर्चा है कि उक्त महिला ने अपनी रक्षा के लिए युवक शुभम कुमार साह का प्राइवेट पार्ट काट दिया है. युवक का इलाज किसी निजी अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने पीड़िता के बयान पर कांड संख्या 01/24 दर्ज किया है. इसमें शिवशंकर साह, गौतम कुमार साह और चंपा देवी को आरोपी बनाया है.

## प्रवक्ता के रूप में अब सिटी एसपी देंगे जवाब

**संवाददाता । धनबाद**



**खास बातें**
- इससे पहले डीएसपी अमर पांडेय थे पुलिस प्रवक्ता
- यह फैसला एसएसपी एचपी जनार्दन ने लिया है

पुलिस प्रवक्ता के रुप में अब सिटी एसपी अजीत कुमार लोगों को जवाब देंगे. यह फैसला एसएसपी एचपी जनार्दन ने लिया है. इससे पहले गोविंदपुर डीएसपी अमर पांडेय पुलिस प्रवक्ता के रुप में काम कर रहे थे. एसएसपी के अनुसार जिस वक्त उन्हें पुलिस प्रवक्ता बनाया गया था उस वक्त शहर में न तो कोई सिटी एसपी थे और न ही ग्रामीण एसपी लकिन अब दोनों मौजूद है. सिटी एसपी को यह भी निर्देश दिया है कि वह शहर की सुरक्षा पर पूरा ध्यान देंगे. शहरी क्षेत्र में कोई भी अपराध होगा तो वह सीधे इसकी कमान अपने हाथ में लेंगे. सिटी एसपी को एसएसपी एचपी जनार्दन से प्रिंस के गुर्गो को घेरने के लिए आदेश भी मिले है. इस पर सिटी एसपी अजीत कुमार ने अभी तक के हुए केस की जानकारी उन्हें दी है. बताया कि उसके कुछ ही गुर्गे जेल से बाहर है बाकी सभी को अंदर कर दिया. उन पर भी नजर रखी जा रही है. जेल के अंदर प्रिंस व अमन के गुर्गो से मिलने कौन आता है इस पर भी पुलिस की नजर है.

## न्यूज अपडेट

### साहिबगंज में कम चले वाहन, लोग हुए परेशान

**साहिबगंज ।** साहिबगंज में हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों का चक्का जाम आंदोलन मंगलवार को भी जारी रहा. चालकों ने जगह-जगह सड़क जाम कर प्रदर्शन किया. बोरियो प्रखंड चालक संघ के अध्यक्ष हुसैन अंसारी के नेतृत्व में चालकों ने रैली निकाल कर छोटे-बड़े वाहनों का स्टेयरिंग छोड़ो अभियान चलाया. सड़कों पर वाहन नहीं चलने से गांव-देहात से साप्ताहिक हटिया आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. बसें बंद रहने से साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जीसीडीह, तीनपहाड़, राजमहल, आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हुई. प्रदर्शन व रैली में सुकुमार रूज, अनवर आलम, आरिफ अंसारी, ताला किस्कू, निमाय दास, मुस्लिम अंसारी, अर्जुन साह, प्रमोद ठाकुर, बबलू मड़ैया, प्रभात रूज सहित सैकड़ों चालक शामिल थे.

### कानून के खिलाफ गोड्डा में सड़क पर उतरे वाहन चालक

**गोड्डा ।** केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के खिलाफ गोड्डा के वाहन चालकों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा. बसों व ऑटो का परिचालन पूरी तरह ठप रहा. सवारी गाड़ियां नहीं चलने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा. चालकों ने बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया. बस स्टैंड से किसी भी यात्री बस को नहीं जाने दिया. दोपहर बाद इक्का-दुक्का बसों का परिचालन शुरू होने से स्थिति में थोड़ा सुधार देखा गया. वहीं, महगामा अनुमंडल मुख्यालय के केचुआ चौक पर हाइवा चालकों ने अपने वाहन को मुख्य सड़क पर खड़ाकर आवागमन बाधित कर दिया. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरुण कुमार दल-बल के साथ पहुंचे और ड्राइवरों को समझा बुझाकर जाम हटवाया.

### कानून के विरोध में चालकों ने किया चक्का जाम

**पाकुड़ ।** केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के विरोध में संथाल के वाहन चालकों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. बस, ट्रक, टैक्सी, ऑटोर और डंपर ड्राइवरों ने पाकुड़ में जगह-जगह आवागमन बाधित कर प्रदर्शन किया. ड्राइवर सुबह में पाकुड़-दुमका मुख्य पथ को जगह-जगह बाधित कर नारेबाजी की. केंद्र सरकार से नया कानून वापस लेने की मांग की. अवागामन बाधित रहने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. यात्रियों को मजबूरन पैदल चलकर गंतब्य तक जाना पड़ा. पाकुड़ के पाडेरकोला, हिरणपुर, मोहनपुर मोड़, सोनाजोड़ी, आसान डीपा चौक पर आवागमन बाधित करने से सुबह से दोपहर तक लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

## पेज का शेष

### जदयू में एकजुटता...

**क्या एनडीए के साथ जाएंगे नीतीश ! :** ललन सिंह को जदयू के अध्यक्ष पद से हटाये जाने के बाद इसकी भी चर्चा तेज है कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर एनडीए की तरफ मूव करेंगे ? बिहार में अभी जो सियासी परिदृश्य है, उसे देख कर ऐसा तो नहीं लगता. लेकिन, राजनीति संभावनाओं का खेल है किसी भी वक्त कुछ भी हो जाए तो बड़ी बात नहीं मानी जाएगी. जदयू का वोट बैंक लगातार खिसक रहा है, सो नीतीश कुमार भाजपा को बड़ा नुक़सान पहुंचाने की स्थिति में भी नहीं हैं. फिर भाजपा भी बिहार की राजनीति में अब छोटे भाई की भूमिका में नहीं रहेगी. भाजपा अब बिहार में छोटी पार्टियों को साथ लेकर अपनी पार्टी का मुख्यमंत्री बनना चाहती है. इसलिए फिलहाल भाजपा नीतीश कुमार को मनुहार नहीं करना चाहेगी.

**भंग हो सकती है विधान सभा भी :** स्थितियां अनुकूल नहीं दिखीं, तो नीतीश के समक्ष एक और विकल्प है विधान सभा को भंग करने का निर्णय. इसकी भी गोटी सेट होने लगी है. दो दिन पूर्व बिहार विधान सभा के अध्यक्ष ने सीएम नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद से उनके आवास पर मुलाकात की थी. मुलाकात का विषय गोपनीय ही रहा. इससे विधान सभा के भंग होने की चर्चा को हवा मिली है. वैसी स्थिति में भाजपा राष्ट्रपति शासन लागू करने का अभियान छेड़ सकती है.

### राज्य भर में चक्का जाम...



**वसूला जा रहा चौगुना किराया :** यात्री वाहनों का परिचालन नहीं होने के कारण सुबह से ही बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ रही. सड़कों पर पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा. जिन रुटों पर यात्री वहनों का परिचालन नहीं हुआ. उन रुटों पर 100 रु की जगह 500 रुपया चुका कर लोग ऑटो, छोटे वाहनों से गंतव्य तक गये.

**खाद्यान्न की ढुलाई ठप, दूध की भी सप्लाई नहीं :** हड़ताल के दूसरे दिन रोजमर्रा की जरूरत के सामानों, खाद्यान्न की ढुलाई भी बाधित हुई है. राजधानी रांची के पंडरा कृषि बाजार समिति सहित राज्य भर की बाजार समितियों में खाद्यान्न लेकर मालवाहक वाहन नहीं पहुंचे. दूध की सप्लाई बाधित रही. गैस सिलेंडर की भी ढुलाई ठप रही, जिससे गैस एजेंसी संचालकों को ग्राहकों को सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की जा सकी. और एक-दो दिनों तक गैस सिलेंडर की ढुलाई नहीं हुई, तो राज्य भर में गैल की किल्लत उत्पन्न हो जाएगी.

**ढुलाई ठप, बर्बाद हो रही सब्जियां :** ट्रक चालकों की हड़ताल के कारण सब्जियों की ढुलाई भी ठप हैं. राजधानी रांची के इटकी, बेड़ो, कांके, ओरमांझी सहित रामगढ़ जिला के गोला में किसान खेतों से सब्जियां लेकर मंडी में तो पहुंचे, लेकिन वहां थोक खरीदार नहीं मिले. सब्जियों के थोक खरीदार ट्रक सहित अन्य छोटे-बड़े मालवाहक वाहन चालकों की हड़ताल के कारण बाहर की मंडियों में सब्जियों की भी सप्लाई नहीं कर सके. नतीजन किसानों की सब्जियां मंडियों में रखी-रखी बर्बाद हो गयीं. राज्य भर के शहरी क्षेत्र के बाजारों में सब्जियों की आवक कम हो गयी, जिससे कीमतें भी महंगी हो गई हैं.

**अफरा-तफरी**

### ट्रक और निजी बस चालकों की हड़ताल के बीच आचानक फैली अफवाह

# पेट्रोल पंप बंद होने की अफवाह पर पंपों में उमड़ी लोगों की भीड़

**संवाददाता । जमशेदपुर**



चालकों की चल रही हड़ताल के बीच अचानक ही पेट्रोल पंप बंद होने की अफवाह शहर में फैल गई. इसकी जानकारी मिलने के बाद शहर के पेट्रोल पंपों में तेल लेने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी. मंगलवार की शाम ज्यादातर पेट्रोल पंपों में सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़ पड़े. भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि पेट्रोल पंप कर्मी भी परेशान हो गए. लोग तेल लेने के लिए आपस में ही उलझते दिखाई दिए. पेट्रोल पंप में तेल का स्टॉक सीमित होने की अफवाह पर जो जहां था वहां के नजदीकी पेट्रोल पंप में पहुंच गया और तेल लेने की आपाधामी में लगा रहा. इससे कई इलाकों में सड़क जाम की स्थिति बनी रही. साकची बंगाल क्लब स्थित पेट्रोल पंप के शिवजी सिंह ने बताया कि जिन पेट्रोल पंपों के पास अपना टैंकर है, वहां हड़ताल का कोई असर नहीं रहेगा. जो ट्रांसपोर्टरों के जरिए तेल मंगवाते हैं, वहां कुछ परेशानी जरूर हो सकती है. उन्होंने बताया कि उनके यहां पर्याप्त मात्रा में तेल का स्टॉक मौजूद है. पेट्रोल पंप में हड़ताल होने की सूचना को उन्होंने गलत करार दिया. बताया कि यह अफवाह कैसे फैली उन्हें इसकी जानकारी नहीं है. सप्लाई की थोड़ी बहुत समस्या है उसे भी तेल कंपनी दूर करने का प्रयास कर रही है.

**हड़ताल के कारण फैली अफवाह :** बता दें कि चालक भारतीय न्याय संहिता के हिट एंड रन कानून के प्रावधान में किए बदलाव के खिलाफ हड़ताल पर है. जगह-जगह विरोध प्रदर्शन जारी है. खास कर भारी वाहनों के चालकों की हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल रहा है. कई जगह पर ट्रक और बसों के पहिए थम गए हैं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह से ठप हो गया है. जानकारी के मुताबिक, यह हड़ताल बुधवार तक चलने वाली है. अगर हड़ताल नहीं रोकी गई तो आम जनता की जेब पर इसका भारी असर भी पड़ सकता है.

### डीजल-पेट्रोल की किल्लत, पंप पर लगी कतार



**घाटशिला ।** घाटशिला प्रखंड क्षेत्र में झारखंड ड्राइवर यूनियन की ओर से तीन दिवसीय हड़ताल की घोषणा के बाद मंगलवार को घाटशिला प्रखंड क्षेत्र में पेट्रोल डीजल की कीमत बढ़ गई है. पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल लेने के लिए गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है. आशंका व्यक्त की जा रही है कि चालकों द्वारा इस हड़ताल को और अधिक बढ़ाया जा सकता है. इसके कारण पेट्रोल डीजल के साथ-साथ साग सब्जियों की भी कीमतों में भारी बढ़ोतरी होगी. ज्ञात होगी केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन किए जाने के बाद मोटर चालकों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है. इसे लेकर 1 जनवरी से तीन दिवसीय हड़ताल शुरू किया गया है.

**टेस्ट शृंखला :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

# शृंखला गंवाने से बचना चाहेगा भारत



1. टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर भारतीय टीम के लिए अहम होगा मुकाबला
2. टेस्ट चैंपियनशिप के अंक तालिका में छठे स्थान पर है भारत
3. केपटाइन में भारत ने छह में से चार टेस्ट हारे

## टीमें

- **भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट).
- **दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम.

**भाषा । केपटाउन**

पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिये भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चैंपियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके. इस समय विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है जबकि भारत छठे स्थान पर है. हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे. भारत के लिये तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी. प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिये तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं. बल्लेबाजों में शीर्ष तीन यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढा दी है. उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे. पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल राहुल और दूसरी पारी में विराट कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका. नये विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिये बेताब होगा.

इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है. पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिये अच्छे नहीं रहे हैं जो वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं. इसके बाद सेंचुरियन में ढाई दिन के भीतर टेस्ट में पारी और 32 रन के अंतर से हार ने उनकी समस्यायें बढा दी है. अब ऐसे में नये साल की शुरूआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिये वह बेताब होंगे.



अपने आखिरी टेस्ट मैच को यादगार बनान चाहेंगे डीन एलगर

**दूसरा रुख**

### केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी

इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है. रोहित चाहेंगे कि वह महेंद्र सिंह धौनी के बाद यहां टेस्ट शृंखला ड्रॉ कराने वाले भारत के दूसरे कप्तान बनें. यहां टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि तापमान 33 .34 के बीच है और पिच पर हरी घास है. यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी. ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है. रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे. मुकेश ने नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया और वह शार्दुल से अधिक प्रभावी है. वहीं आवेश लाल गेंद से अतिरिक्त उछाल का फायदा उठा सकते हैं. बल्लेबाजों की मददगार पिच पर एल्गर, एडेन मार्कराम, टोनी डि जोर्जी, कीगन पीटरसन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा. ऐसे में नयी गेंद की भूमिका अहम होगी. जसप्रीत बुमराह दुआ करेंगे कि आसमान में बादल घिरे हों और पहले टेस्ट की तरह वह बदकिस्मत साबित नहीं हो जब भारत की फील्डिंग भी लचर साबित हुई थी.

---

### ब्रीफ खबरें

#### अफगानिस्तान के कोच बने रहेंगे ट्रॉट

**काबुल ।** पिछले कुछ अर्से में अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का करार एक साल के लिये बढा दिया गया है. इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था और 2023 के आखिर में उनका 18 महीने का कार्यकाल खत्म हो गया. उनके मार्गदर्शन में अफगानिस्तान ने टी-20 एशिया कप 2022 में अच्छा प्रदर्शन किया , पाकिस्तान के खिलाफ टी20 शृंखला जीती और बांग्लादेश को पहली बार वनडे शृंखला में हराया.

#### साल का पहला मैच जीते नडाल

**ब्रिसबेन ।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की. पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है. नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाये. उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता. कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं.

---

**यूनाइटेड कप :** कलाई में दर्द के बावजूद जोकोविच ने किया शानदार प्रदर्शन

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचा सर्बिया

- अब यूनान को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कनाडा को हराना होगा

**भाषा । पर्थ**

नोवाक जोकोविच ने कलाई के दर्द से उबरते हुए चेक गणराज्य के जिरि लेहेका को 6-1, 6-7, 6-1 से हराया जिसकी मदद से सर्बिया ने युनाइटेड कप मिश्रित टीम टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को कलाई के दर्द के कारण मेडिकल सहायता लेनी पड़ी. इससे पहले विम्बलडन चैंपियन मारकेटा वोंड्रोसोवा ने ओल्गा दानिलोविच को 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर चेक टीम को बढत दिलाई थी. सर्बिया ने दूसरे स्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में अगले दौर में जगह बनाई. अन्य मुकाबलों में चिली ने यूनान को 2-1 से हराया. अब यूनान को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिये कनाडा को हराना होगा.

**अमेरिका को हराकर ऑस्ट्रेलिया भी क्वाफा. में**

गत चैंपियन अमेरिका को 2-1 से हराकर मेजबान ऑस्ट्रेलिया युनाइटेड कप टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया. मैथ्यू एबडेन और स्टोर्म हंटर ने मिश्रित युगल में जेसिका पेगुला और राजीव राम को 6-3, 6-1 से हराया. ऑस्ट्रेलिया 18 देशों के मिश्रित टीम टूर्नामेंट में ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा. इससे पहले एलेक्स डि मिनौर ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से बढत दिला दी थी. लेकिन पेगुला ने एला टोमजानोविच को 7-6, 6-3 से मात देकर बराबरी कराई. एक अन्य मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने एकल और युगल दोनों मुकाबले जीते जिसके दम पर पोलैंड ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. वहीं फ्रांस ने जर्मनी को 2-1 से मात दी. स्वियातेक ने स्पेन की सारा सोरिबेस टोर्मो को मात दी. वहीं अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना ने हुबर्ट हुरकाज को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर स्पेन को बराबरी दिलाई. इसके बाद मिश्रित युगल में स्वियातेक और हुरकाज ने 6-0, 6-0 से जीत दर्ज की.



---

## स्कॉटिश ओपन में झारखंड की आद्या बुधिया बनी चैंपियन

- क्रॉस कोर्ट की मेंटर श्वेता बुधिया ने कहा कि ब्रिटिश जूनियर ओपन में भी आद्या बुढ़िया अच्छा प्रदर्शन करेगी

**संवाददाता । रांची**



स्कॉटलैंड में 28 से 30 दिसंबर तक स्कॉटिश ओपन स्क्वॉश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में झारखंड के रांची की आद्या बुधिया चैंपियन बनी. 0उन्होंने गर्ल्स अंडर-13 वर्ग में नील चू को 9/11, 11/8, 8/11, 11/8, 11/9 से हराकर खिताब अपने किया. आध्या के कोच पुनीत पारीक, नितेश पाल, विजय उरांव और उदय चंद्र राय की अहम भूमिका रही. क्रॉस कोर्ट की मेंटर श्वेता बुधिया ने कहा कि ब्रिटिश जूनियर ओपन में भी आद्या बुढ़िया अच्छा प्रदर्शन करेगी. जिसका आयोजन 3 से 7 जनवरी के बीच होने वाला है.

---

**आओ जानें**

### डब्ल्यूटीसी अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | ड्रॉ | पेनल्टी | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साउथ अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 12 | 100 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | -10 | 42 | 50 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 12 | 50 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 12 | 50 |
| पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | -2 | 22 | 45 .83 |
| भारत | 3 | 1 | 1 | 1 | -2 | 14 | 38 .88 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 | 16 .67 |
| इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | -19 | 9 | 15 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |

---

## बालकों ने रजत व बालिकाओं ने कांस्य जीता

**खेल संवाददाता । रांची**



मध्यप्रदेश के ग्वालियर में 28 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के हॉकी स्पर्धा में अंडर-14 बालिका व बालक वर्ग ने दोहरी खुशी दी. सदीपा तिर्की की कप्तानी में झारखंड बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को 6-0 से मात देकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया. झारखंड की बालिका टीम से कप्तान संदीपा ने दो गोल, पुष्पा मांझी ने एक, सुष्मिता गुड़िया ने एक, सुगन सांगा ने एक और सीमा तिर्की ने एक गोल किया. वहीं बालक वर्ग ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया. झारखंड और ओडिशा के बीच रोमांचक फाइनल मैच खेला गया. जिसमें निर्धारित समय सीमा तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पायी. अंत में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें ओडिशा ने पांच और झारखंड की टीम ने चार गोल किये. पदक विजेताओं को शिक्षा सचिव के रवि कुमार, किरण कुमारी पासी, समेत अन्य लोगों ने बधाई दी.

---

**टेस्ट मैच** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा मुकाबला आज

# विदाई टेस्ट को यादगार बनाना चाहेंगे डेविड वार्नर

**भाषा । सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाले तीसरे टेस्ट में सभी की नजरें डेविड वॉर्नर पर टिकी होंगी जो अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेलने जा रहे हैं. वार्नर की भी नजरें अपने आखिरी टेस्ट मुकाबले को यादगार बनाने की होगी. ऑस्ट्रेलिया पर्थ और मेलबर्न टेस्ट के साथ तीन टेस्ट मैचों की शृंखला पहले ही जीत चुका है. पाकिस्तान ने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया को किसी टेस्ट में 1985 में एससीजी पर ही हराया था. वॉर्नर ने नववर्ष पर प्रेस कांफ्रेंस में वनडे क्रिकेट से भी संन्यास लेने का ऐलान किया था . उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर वह 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में वापसी कर सकते हैं. वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे. 37 वर्ष के वॉर्नर ने कहा कि मैं वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले से संतुष्ट हूं. भारत में खिताब जीतना खास था. ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने कहा है कि मेलबर्न में 79 रन से जीतने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं होगा.

**तीसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे शाहीन व इमामुल :** पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और सलामी बल्लेबाज इमामुल हक को तीसरे टेस्ट से बाहर करने का फैसला किया है । स्पिनर अबरार अहमद दाहिने पैर में चोट के कारण बाहर हैं. कप्तान शान मसूद ने पहले कहा था कि पाकिस्तान दो स्पिनरों को उतार सकता है.



### आखिरी टेस्ट से पहले भावुक हुए वार्नर, लगाई गुहार

डेविड वॉर्नर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर भावनात्मक अपील करते हुए अपने आखिरी टेस्ट से पहले चोरी हुई बैगी ग्रीन लौटाने का अनुरोध किया है. वॉर्नर ने इंस्टाग्राम पर यह अपील की है ताकि वह यहां अपने आखिरी टेस्ट में बैगी ग्रीन पहन सकें. उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में कहा कि यह मेरी आखिरी कोशिश है. कुछ दिन पहले किसी ने मेरा बैकपैक चुरा लिया था. उसी में मेरी बैगी ग्रीन रखी थी. यह मेरे लिये जज्बाती मामला है. मैं अपनी बैगी ग्रीन वापिस चाहता हूं. उन्होंने कहा कि अगर किसी को बैकपैक चाहिये तो मेरे पास एक और है. आपको परेशान नहीं किया जायेगा.

---

#### आईपीएल सट्टेबाजी से जुड़े दो मामले खत्म

**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 2019 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कथित फिक्सिंग से जुड़े दो मामलों को सबूतों के अभाव में बंद कर दिया. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. सीबीआई ने यह जानकारी मिलने के बाद मई 2022 में सात लोगों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थी कि 'क्रिकेट सट्टेबाजी में शामिल व्यक्तियों का एक नेटवर्क पाकिस्तान से मिल रहे 'इनपुट' के आधार पर इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के नतीजों को प्रभावित कर रहा है. सीबीआई ने पहली एफआईआर दिल्ली के रोहिणी स्थित दिलीप कुमार तथा हैदराबाद के रहने वाले गुर्रम वासु और गुर्रम सतीश के खिलाफ दर्ज की थी. दूसरी एफआईआर में राजस्थान के सज्जन सिंह, प्रभु लाल मीणा, राम अवतार और अमित कुमार शर्मा को आरोपी के रूप में नामित किया गया था.

---

## चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा. हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा. पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी. दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडीशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा

**कोर ग्रुप के लिए चुने गए खिलाड़ी**

- **गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, श्रीजेश पीआर, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान.
- **डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत.
- **मिडफिल्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह.
- **फॉरवर्ड :** एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह




प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया. करीब 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित, दो-स्तरीय नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल भवन में सालाना 44 लाख से अधिक यात्रियों और व्यस्त समय के दौरान लगभग 3500 यात्रियों की सेवा करने की क्षमता है. नए टर्मिनल में यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं हैं. -फोटो : पीटीआई

## ब्रीफ खबरें

### समोसे खाने से शिक्षकों की तबीयत बिगड़ी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर कस्बे में एक महाविद्यालय में नव वर्ष के मौके पर आयोजित समारोह में कथित तौर पर समोसे खाने से 20 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. महाविद्यालय के प्राचार्य गिरीश कुमार वत्स के अनुसार, नव वर्ष के मौके पर सोमवार को आयोजित समारोह के लिए कस्बे की नामी मिष्ठान दुकान से समोसे, मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री मंगाई गई थीं. उन्होंने दावा किया कि समोसे खाने के कुछ देर बाद शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई.

### बोरवेल से निकाली गयी बच्ची की हुई मौत

**द्वारका।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में 30 फुट गहरे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय लड़की की एक अस्पताल में मौत हो गयी. अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि लड़की को बोरवेल से निकाले जाने के बाद बेहोशी की हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी. उन्होंने बताया कि बच्ची रण गांव में सोमवार दोपहर करीब एक बजे खुले बोरवेल में गिर गयी थी. उसे इलाज के लिए जामनगर के एक अस्पताल ले जाया गया. जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

### कश्मीर में ठंड का कहर जलाशय भी जम गए

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शीत लहर के प्रकोप के साथ न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है और जलाशयों में पानी जम गया है. मौसम कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे डल झील की सतह पर बर्फ की एक पतली परत बन गई है. 'हाउसबोट' में रहने वाले स्थानीय निवासियों को अपनी नौकाओं को किनारे पर लाने के लिए बर्फ की परत तोड़ने में काफी मशक्कत करनी पड़ी.

### 2023 में कुल 744 घुसपैठिए पकड़े गए

**अगरतला।** त्रिपुरा में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से घुसने की कोशिश करने के दौरान सीमा सुरक्षा बल ने 112 रोहिंग्या समेत कुल 744 लोगों को गिरफ्तार किया. एक अधिकारी ने बताया कि पिछले तीन साल में यह आंकड़ा सबसे अधिक है. वर्ष 2022 में बीएसएफ त्रिपुरा फ्रंटियर ने 369 घुसपैठियों को पकड़ा था और 2021 में यह संख्या 208 थी. अधिकारी ने बताया, 2023 में बीएसएफ ने कुल 744 घुसपैठियों को गिरफ्तार किया जिनमें 112 रोहिंग्या, 337 बांग्लादेशी और 295 भारतीय हैं.

### नए साल में महाकालेश्वर आए लाखों श्रद्धालु

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में नए साल के पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे. मंदिर के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है. मंदिर प्रबंधन समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि सोमवार को दिन भर मंदिर बंद होने तक 8.10 लाख भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए. उन्होंने कहा कि सोमवार को मंदिर में दर्शन के लिए सुबह छह बजे से लंबी कतारें थीं.

### गाजा से सैनिकों को वापस बुला रहा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने सोमवार को पुष्टि की कि वह गाजा पट्टी से हजारों सैनिकों को वापस बुला रही है. इजराइल के इस कदम से हमास आतंकवादियों के खिलाफ उसकी लड़ाई की तीव्रता को कम करने के नए दीर्घकालिक चरण का मार्ग प्रशस्त होने की संभावना है. नियोजित सैन्य वापसी की पुष्टि उसी दिन हुई जब इजराइल के उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की विवादास्पद न्यायिक सुधार योजना के एक प्रमुख घटक को रद्द कर दिया.

### ज्यादा वजन वाले पुलिस कर्मियों की जांच शुरू

**गुवाहाटी।** असम में पुलिस कर्मियों के लिए पेशेवर पोशाक सुनिश्चित करने की मुहिम के तहत 'जरूरत से ज्यादा वजन' वाले पुलिसकर्मियों की मंगलवार को फिर से बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) जांच शुरू की गई. पुलिस महानिदेशक जी. पी. सिंह ने बताया कि जोरहाट, सिलचर और गुवाहाटी में 1,884 पुलिसकर्मियों की बीएमआई की समीक्षा शुरू की गई. राज्य पुलिस ने पिछले साल अगस्त में सभी पुलिसकर्मियों की बीएमआई जांच शुरू की थी.

### मध्य प्रदेश में 5 लाख गाड़ियों के चक्के थमे, उपभोक्ताओं पर पड़ रहा बंद का असर

# नये कानून के खिलाफ हड़ताल जारी

**भाषा। इंदौर**

नये कानून में 'हिट एंड रन' के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों के खिलाफ पूरे देश में माहौल गर्म है. ट्रक, बस आदि के चालकों ने देश भर के कई शहरों में हड़ताल की है. चालकों की हड़ताल के चलते मध्यप्रदेश में करीब पांच लाख छोटी-बड़ी गाड़ियों के चक्के थम गए हैं, जिससे आम जरूरत की चीजों की आपूर्ति पर असर पड़ रहा है.

उद्योग जगत के लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) विजय कालरा ने बताया कि नये कानून के खिलाफ चालकों की हड़ताल से मध्यप्रदेश में लगभग पांच लाख छोटी-बड़ी गाड़ियां नहीं चल पा रही हैं. उन्होंने मांग की कि सरकार को 'हिट एंड रन' के मामलों में चालकों को सख्त सजा के प्रावधान वापस लेने चाहिए और सड़क हादसे रोकने के लिए खासकर राजमार्गों पर वाणिज्यिक वाहनों के लिए अलग लेन बनाई जानी चाहिए. बता दें कि नए दंड कानून के एक प्रावधान के विरोध में ट्रकों और टैंकरों सहित वाणिज्यिक वाहनों के चालकों ने सोमवार से मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में काम बंद कर दिया और कुछ स्थानों पर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया. ग्वालियर में आंदोलनरत ड्राइवरों ने झांसी रोड पर विरोध प्रदर्शन किया. अधिकारियों के अनुसार, चालकों की हड़ताल के कारण इंदौर शहर में सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ अंतर-शहर यात्री बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ है, जिससे हजारों यात्रियों को असुविधा हुई है.



नागपुर में नए कानून के विरोध में राजमार्ग पर चालकों ने ट्रक पार्क किया है.

### खास बातें

- 'हिट एंड रन' मामलों में चालकों को होगी सख्त सजा
- चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान

### क्या है नए कानून में क्यों हो रहा है विरोध

भारतीय दंड विधान की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में ऐसे चालकों के लिए 10 साल तक की सजा का प्रावधान है जो लापरवाही से गाड़ी चलाकर भीषण सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद पुलिस या प्रशासन के किसी अफसर को दुर्घटना की सूचना दिए बगैर मौके से फरार हो जाते हैं.

### हड़ताल जारी रही तो जरूरी चीजों की आपूर्ति बिगड़ेगी

कारोबारी संगठनों के महासंघ 'अहिल्या चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज' के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने कहा कि अगर चालकों की हड़ताल जारी रही, तो आम जरूरत की चीजों की आपूर्ति की स्थिति और बिगड़ेगी जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा. उन्होंने कहा कि सरकार को 'हिट एंड रन' के मामलों में सख्त सजा के प्रावधानों पर एक बार फिर विचार करना चाहिए. चालकों की हड़ताल के मद्देनजर राज्य के सबसे बड़े शहर इंदौर में सोमवार को पेट्रोल पंपों पर लोगों की लम्बी कतारें नजर आई थीं. इसके बाद हरकत में आया प्रशासन तेल विपणन कंपनियों के डिपो से पेट्रोल पंपों तक टैंकरों का नियमित परिचालन बहाल करके ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बरकरार रखने के प्रयासों में जुटा है.

### चर्चा के माध्यम से सुलझेगा मुद्दा : परिवहन मंत्री

सोमवार को राज्य के परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने आंदोलनकारी चालकों से सरकार के साथ अपने मुद्दे पर चर्चा करने की अपील की. उन्होंने कहा कि कानून बनाने का मतलब यह नहीं है कि यह उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बनाया गया है. उन्हें चर्चा के माध्यम से इस मुद्दे को सुलझाना चाहिए. हम उनसे बात करेंगे. उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर लोगों और वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करेगी.

### ईंधनों की सतत आपूर्ति की जा रही है : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि जिले में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और इन ईंधनों की सतत आपूर्ति की जा रही है. रीवा, अलीराजपुर, अनूपपुर, शहडोल और नर्मदापुरम सहित कई अन्य जिलों के कलेक्टरों ने भी लोगों से अपील की कि वे घबराएं नहीं क्योंकि ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखी जा रही है.

### नए कानूनी प्रावधानों के परिणाम घातक होंगे : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोटर चालकों से जुड़े 'हिट-एंड-रन' सड़क दुर्घटना मामलों के संबंध में नए दंड कानून के प्रावधानों को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और ट्रक चालकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ करार देते हुए कहा कि इसके परिणाम घातक हो सकते हैं. देश भर के ट्रक चालकों ने नए दंड कानून के प्रावधानों के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में विरोध-प्रदर्शन किया. राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सीमित कमाई वाले इस मेहनती वर्ग को कठोर कानूनी भट्टी में झोंकना उनकी रोजी-रोटी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है. और साथ ही, इस कानून का दुरुपयोग संगठित भ्रष्टाचार के साथ 'वसूली तंत्र' को बढ़ावा दे सकता है.

## आओ जानें

### ब्रिक्स सदस्य (जीडीपी)

| | | | |
|---|---|---|---|
| ब्राज़ील | $2.27 ट्रिलियन | मिस्र | $357 बिलियन |
| रूस | $1.9 ट्रिलियन | इथियोपिया | $192 बिलियन |
| भारत | $4.11 ट्रिलियन | ईरान | $386 बिलियन |
| चीन | $18.56 ट्रिलियन | सऊदी अरब | $1.11 ट्रिलियन |
| द. अफ्रीका | $401 बिलियन | यूएई : | $536 बिलियन |



### साल 2000 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हुए थे

# जालंधर में डीएसपी दलबीर सिंह की गोली मारकर हत्या

**भाषा। पंजाब**



पंजाब के जालंधर से बड़ी खबर सामने आई है. पंजाब आर्म्ड पुलिस (पीएपी) में तैनात डीएसपी दलबीर सिंह देओल का शव संगरूर के बस्ती बावा खेल नहर के पास सड़क किनारे पड़ा मिला. जानकारी के मुताबिक, मार्निंग वॉक करने वालों ने सड़क पर शव पड़ा देखा. जिसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो देखा कि शव संगरूर में तैनात डीएसपी दलबीर सिंह की है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुटी है. बता दें कि डीएसपी दलबीर सिंह देओल भारोत्तोलन में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता थे. उन्हें साल 2000 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था.

**पोस्टमार्टम में डीएसपी के गर्दन में फंसी गोली मिली :** डीएसपी दलबीर सिंह देओल के सिर पर चोट लगी थी. ऐसे में पंजाब पुलिस में शुरुआती जांच में इसको सड़क हादसा मान रही थी. लेकिन पोस्टमार्टम में डीएसपी की गर्दन में एक गोली फंसी मिली है. ऐसे में माना जा रहा है कि दलबीर सिंह देओल की गोली मारकर हत्या की गयी और फिर शव को सड़क पर फेंक दिया गया. डीएसपी की सर्विस पिस्टल भी गायब है. बताया जाता है कि कुछ दिन पहले डीएसपी की लड़ाई जालंधर के ही एक गांव के कुछ लोगों के साथ हुई थी. इस दौरान दलबीर ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली भी चला दी थी. लेकिन अगले दिन गांव वालों के साथ उनकी सुलह हो गयी थी. माना जा रहा है कि आपसी रंजिश को लेकर ही डीएसपी की गोली मारकर हत्या की गयी है.

### शव बरामद

- आपसी रंजिश से डीएसपी की गोली मारकर हत्या
- बावा खेल नहर के पास सड़क किनारे मिला शव

# कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**भाषा। कोच्चि**

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को काले झंडे दिखाने के आरोप में गिरफ्तार किए गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग को लेकर पार्टी के सदस्यों ने एक जनवरी की रात शहर के एक पुलिस थाना परिसर में डेरा डाल लिया, जिससे वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई. गिरफ्तार कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात दो बजे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया. एर्नाकुलम के सांसद हिबी ईडन, विधायक उमा थॉमस सहित कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब वे गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को थाने से जमानत देने से इनकार करने का कारण जानने के लिए पलारीवट्टोम पुलिस थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया. प्रदर्शनकारियों ने थाने के सामने मुख्यमंत्री का पुतला भी फूंका. पार्टी नेताओं ने दावा किया कि पुलिस शुरुआत में कार्यकर्ताओं को थाने से जमानत देकर रिहा करने के लिए राजी हो गई थी, लेकिन बाद में माकपा के स्थानीय नेताओं के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने ऐसा करने से मना कर दिया.

# संजय कुंडू की याचिका पर न्यायालय करेगी सुनवाई

**भाषा। नयी दिल्ली/शिमला**

उच्चतम न्यायालय भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुंडू की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया जिसमें उन्होंने उच्च न्यायालय के एक आदेश के बाद उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद से हटाए जाने को चुनौती दी है.

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मंगलवार को कुंडू की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों पर संज्ञान लिया. इसके बाद पीठ याचिका पर बुधवार को सुनवाई के लिए सहमत हो गयी. कुंडू का पक्ष रखते हुए रोहतगी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने पुलिस अधिकारी की दलील नहीं सुनी और 26 दिसंबर को राज्य सरकार को उन्हें अन्य पद पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया.

### खास बातें

- आयुष विभाग में प्रधान सचिव नियुक्त कर दिया गया है
- पीठ याचिका पर बुधवार को सुनवाई के लिए सहमत

### कोरोना के 573 नये मामले आए, दो की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 573 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,565 हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी थी. मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकडों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान कर्नाटक और हरियाणा में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हो गई. पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नये स्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है. वर्ष 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्ष में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए.

# मणिपुर के मोरेह में फिर गोलीबारी शुरू

**भाषा। इंफाल/चूराचांदपुर**



मणिपुर के तेंगनोउपल जिले में मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच फिर से गोलीबारी शुरू हो गई. एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य की राजधानी इंफाल से करीब 107 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चवांगफाई क्षेत्र में आज सुबह गोलीबारी शुरू हुई. एक दिन पहले पुलिसकर्मियों पर हमले में शामिल होने के आरोप में एक तलाश अभियान के दौरान दो लोगों को पकड़ा गया था.

अधिकारी ने बताया कि स्थानीय महिलाएं दोनों व्यक्तियों की रिहाई की कोशिश कर रही थीं. उन्होंने कहा कि संदिग्ध उग्रवादियों के सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाकर गोलीबारी शुरू करने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की. अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी अब भी जारी है. अन्य अधिकारी ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों एवं सुरक्षा कर्मियों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान घायल हुए चार पुलिसकर्मी और सीमा सुरक्षा बल के एक कांस्टेबल को बेहतर उपचार के लिए विमान से मोरेह शहर से राज्य की राजधानी लाया गया है.

### खास बातें

- तलाश अभियान के दौरान दो लोगों को पकड़ा गया था
- स्थानीय महिलाएं दोनों की रिहाई की कोशिश कर रही थीं

### कुख्यात बदमाश रवि काना के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** नोएडा की बीटो-दो पुलिस ने सरिया और कबाड़ का अवैध कारोबार करने वाले कुख्यात बदमाश रवि काना समेत 16 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है. दो दिन पहले ही सेक्टर-39 थाने में एक युवती ने गैंगस्टर रवि काना के खिलाफ बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था. इस मामले में पुलिस ने गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन, मुख्य आरोपी रवि अभी फरार है. पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के एक प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीटो-दो के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र सिंह ने एक गोपनीय सूचना के आधार पर दादूपुर गांव निवासी रवि नागर उर्फ रवि काना समेत 16 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है.

### हस्ताक्षरित लेख राष्ट्र को सद्भाव की ओर ले जाने वाली रेल की पटरियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं

# अब धर्मनिरपेक्षता की कोई कीमत नहीं रह गई है: सोनिया

**भाषा। तिरुवनंतपुरम**



धर्मनिरपेक्षता को भारत के लोकतंत्र का मूलभूत स्तंभ बताते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस बात पर अफसोस जाहिर किया अब जो लोग सत्ता में बैठे हैं उनके लिए धर्मनिरपेक्ष शब्द की कोई कीमत नहीं रह गयी है, जिसके परिणामस्वरूप समाज में ध्रुवीकरण बढ़ रहा है. सोनिया ने 'मनोरमा इयरबुक 2024' में हस्ताक्षरित लेख में लिखा कि वे कहते हैं कि वे 'लोकतंत्र' के लिए प्रतिबद्ध हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सुरक्षात्मक उपायों को भी कमजोर किया है. हमारे राष्ट्र को सद्भाव की ओर ले जाने वाली रेल की पटरियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं और इसका परिणाम समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण के रूप में देखा जा रहा है. लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं - एक ट्रैक पर दो रेल पटरियों की तरह, जो मौजूदा सरकार का एक आदर्श सामंजस्यपूर्ण समाज की ओर मार्गदर्शन करते हैं. कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी इन शब्दों से परिचित हैं, जिनसे हमारा सामना बहसों, भाषणों, नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों और संविधान की प्रस्तावना में होता है. यह जानने के बावजूद, इन अवधारणाओं के पीछे के गहरे अर्थ अक्सर अस्पष्ट होते हैं. इन शब्दावलियों की स्पष्ट समझ प्रत्येक नागरिक को भारत के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य के रास्ते को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी.

### गांधीजी सभी धर्मों की एकता महसूस करते थे

सोनिया ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता की व्याख्या कई तरीकों से की जा सकती है, लेकिन भारत के लिए सबसे प्रासंगिक अर्थ वह है जो महात्मा गांधी ने अपने प्रसिद्ध शब्द 'सर्व धर्म सम भाव' में निर्धारित किया था. यहां मलयाला मनोरमा द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा कि गांधीजी सभी धर्मों की आवश्यक एकता को महसूस करते थे. जवाहरलाल नेहरू इस बात के प्रति गहन रूप से सचेत थे कि भारत एक बहु-धार्मिक समाज है, इसलिए वे एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की स्थापना के लिए लगातार प्रयास करते रहे. उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. बी.आर. आंबेडकर के नेतृत्व में भारत के संविधान निर्माताओं ने एक अद्वितीय धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र का निर्माण करते हुए इस विचार को विकसित किया और सरकार पर लागू किया.

### खास बातें

- लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता आपस में जुड़े हुए हैं
- धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की स्थापना के लिए प्रयासरत थे नेहरू

# जापान में आए भूकंप में अबतक 48 की मौत, कई इमारतें ढहीं



**भाषा। वाजिमा**

पश्चिमी जापान में एक के बाद एक आए भूकंप के कई झटकों के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और कई इमारतें, वाहन तथा नौकाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं. अधिकारियों ने भूकंप के खतरे को देखते हुये मंगलवार को चेतावनी जारी कर कुछ क्षेत्र में लोगों को अपने घरों से दूर रहने को कहा है. अधिकारियों ने बताया कि इशिकावा में 48 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं. इशिकावा के कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और फोन सेवाएं अभी भी बंद हैं.

**हानेडा हवाईअड्डे पर विमान में लगी आग :** तोक्यो के हानेडा हवाईअड्डे की हवाईपट्टी पर मंगलवार को एक विमान में आग लग गई. इसके बाद विमान के पंखों के आसपास के क्षेत्र में आग फैल गई.




### आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा - प्राण प्रतिष्ठा और 2024 के आम चुनाव दोनों शुभ होंगे

# राम राज्य आ रहा है, 2024 होगा बहुत महत्वपूर्ण

भाषा। अयोध्या

राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि यह नया साल 2024 बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि राम लला अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होंगे तथा आम चुनाव होंगे और दोनों 'शुभ' होंगे. शहर के रामघाट इलाके में स्थित अपने आवास पर सोमवार को वयोवृद्ध पुजारी ने अयोध्या में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि न सिर्फ शांति बल्कि, राम राज्य आ रहा है. राम लला गर्भ गृह में विराजमान होंगे.

उन्होंने एक चौपाई को उद्धत करते हुए कहा कि राम राज बैठे त्रैलोका, हर्षित भय, गए सब सोका. दास ने कहा कि दुख, पीड़ा, तनाव सब समाप्त हो जाएगा और हर कोई खुश होगा.



## 'राम राज्य' का अर्थ है आदर्श शासन

'राम राज्य' शब्द का इस्तेमाल आदर्श शासन के लिए किया जाता है जहां हर कोई खुशहाल हो. आरती के लिए राम जन्मभूमि मंदिर स्थल रवाना होने से पहले आचार्य दास ने कहा कि नववर्ष पर सभी देशवासियों को मेरी बधाई एवं शुभकामनाएं. राम लला को छप्पन भोग लगाया जाएगा और प्रसाद चढ़ाया जाएगा. उन्होंने कहा कि परंपरा के अनुसार, दोपहर में 'भोग आरती' की जाती है. दास ने कहा कि होली, रामनवमी, बसंत पंचमी, नववर्ष और स्वतंत्रता व गणतंत्र दिवस जैसे विशेष अवसरों पर राम लला को 'छप्पन भोग' लगाया जाता है.

## अविस्मरणीय होगा रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोहः योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या का श्रीराम मंदिर 'राष्ट्र मंदिर' के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है और हर कोई अयोध्या आना चाहता है. मुख्यमंत्री ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में जारी विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है. हर कोई अयोध्या आना चाहता है. पूरा देश राममय है.

## आओ जानें

## तीन जनवरी का इतिहास

- 1831: देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्म हुआ
- 1836 : मुंशी नवल किशोर का जन्म हुआ
- 1880 : 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' का पहला अंक बंबई (अब मुंबई) में प्रकाशित हुआ
- 1938 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने पोलियो की बीमारी का इलाज ढूंढ़ने के लिए एक फाउंडेशन की स्थापना की
- 1959 : अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया
- 1980 : अफगानिस्तान के राष्ट्रपति बाबरक कर्माल ने सोवियत हमले को सही ठहराया.
- 1993: अमेरिका और रूस इस बात पर राजी हुए कि वे अपने-अपने परमाणु हथियारों के भंडार को आधा कर देंगे.

### पंजाब में हुआ था अखिल भारतीय अंतर विवि राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन

# कोल्हान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ने जमाया कांस्य पदक पर कब्जा

संवाददाता। चाईबासा

पटियाला के पंजाबी यूनिवर्सिटी में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चाईबासा के कोल्हान यूनिवर्सिटी में शानदार प्रदर्शन किया. कोल्हान यूनिवर्सिटी की महिला टीम ने इंडियन राउंड में टीम स्पर्धा में मेजबान यूनिवर्सिटी को पराजित करते हुए कांस्य पदक हासिल किया. महिला टीम में नम्रता चौहान, हीरामुनी सिंकू, संध्या रानी गोप व मोनित पुरती शामिल थीं. पुरुष वर्ग इंडियन राउंड टीम में युवराज सिंकू,जगन्नाथ गागराई,राजू बानरा, बीरसिंह सुंडी व महिला वर्ग रिकर्व राउंड टीम सदस्य स्वाती कुमारी, पार्वती चाकीया, हारीयाली कोड़ाह, नसीमा पूरती शामिल थे. साथ ही महिला कंपाउंड वर्ग टीम में मेघा बेसरा, मनिषा नायक , ननिका पूरती आदि शामिल थीं. कोल्हान यूनिवर्सिटी की तीनों टीमें ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में टॉप -16 के अंदर जगह बनाने में कामयाब रही. पुरुष कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत इवेंट में रोहन कुमार मुखी और संजीत कुमार पोद्दार शीर्ष- 64 में जगह बनाया. पुरूष वर्ग रिकर्व राउंड में एक मात्र तीरंदाज कृष्णा पिंगुवा शीर्ष-64 में जगह बना कामयाब रहे, हालांकि वह अगले राउंड में जाने से चूक गए.

- महिला वर्ग के इंडियन राउंड के टीम स्पर्धा केयू ने जीता कांस्य
- कोल्हान यूनिवर्सिटी की तीन टीमों ने लिया था प्रतियोगिता में हिस्सा



## नॉर्थ ईस्ट जोनल विश्वविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में नम्रता ने जीता रजत

नॉर्थ ईस्ट जोनल आर्चरी प्रतियोगिता में कोल्हान यूनिवर्सिटी (केयू) के तीरंदाज नम्रता चौहान ने इंडियन राउंड के व्यक्तिगत स्पर्धा के 50 मीटर दूरी में रजत पदक जीता. केयू के खेल पदाधिकारी डॉ मन्मथ नारायण सिंह के निर्देशन में तीरंदाजी टीम का अगुवाई डॉ राजीव लोचन नामता कर रहे थे. इस प्रतियोगिता में केयू के कुल 27 सदस्यों की टीम ने इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड व कंपाउंड राउंड में भाग लिया. बता दें कि नॉर्थ ईस्ट जोनल आर्चरी प्रतियोगिता में केयू की टीम को बेहतरीन प्रदर्शन के बौदालत ही ऑल इंडिया इंटर राष्ट्रीय आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला. केयू के प्रभारी कुलपति सह कोल्हान आयुक्त आदरणीय मनोज कुमार ,रजिस्ट्रार डॉ राजेन्द्र भारती, केयू वित्त पदाधिकारी डॉ बीके सिंह , केयू डीएसडब्ल्यू डॉ एससी दास, खेल पदाधिकारी डॉ मन्मथ नारायण सिंह, पीटीआई अमरीश दास आदि ने विजेता तीरंदाजों एवं टीम के तीरंदाजी प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.

### बॉलीवुड

# सिने प्रेमियों को 2024 में कई फिल्मों की सौगात

भाषा। नयी दिल्ली

हिंदी सिने प्रेमियों के पास नए साल में देखने के लिए काफी कुछ है, जिसमें बड़े बजट वाले शानदार सिनेमा के साथ ही कई फिल्में शामिल हैं. साल 2024 में रिलीज होने वाली कुछ बहु प्रतीक्षित फिल्में हैं, जिनका इंतजार दर्शकों को काफी दिनों से है.



- **मैरी क्रिसमस :** कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति अभिनीत इस रहस्य थ्रिलर फिल्म से कहानीकार श्रीराम राघवन 2016 में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'अंधाधुन'' के बाद वापसी करेंगे. इस फिल्म का ट्रेलर पहले ही थ्रिलर प्रेमियों के बीच काफी चर्चा बटोर चुका है. यह फिल्म 12 जनवरी को रिलीज होगी.
- **फाइटर :** निर्देशक सिद्धार्थ आनंद अपनी नयी फिल्म 'फाइटर' के जरिए देशभक्ति और वीरता जैसी थीम के साथ ही 'पठान' की सफलता को दोहराना चाहते है. इस फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर हैं. यह 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.
- **योद्धा :** सिद्धार्थ मल्होत्रा की मुख्य भूमिका वाली इस एक्शन-थ्रिलर फिल्म का निर्देशन सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है. धर्मा प्रोडक्शन वाली यह फिल्म कई दिन की देरी के बाद अब आखिरकार 15 मार्च को रिलीज होगी.
- **बड़े मियां छोटे मियां :** यह 1998 में आयी गोविंदा और अमिताभ बच्चन अभिनीत फिल्म का रीमेक है और इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दिखेंगे. इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है. फिल्म 11 अप्रैल को रिलीज होगी.
- **सिंघम अगेन :** पुलिस पर आधारित फिल्में बनाने के लिए पहचाने जाने वाले रोहित शेट्टी की नयी फिल्म से बाजीराव सिंघम की भूमिका में अजय देवगन की वापसी होगी और इस बार उनके साथ अन्य पुलिस अधिकारी अक्षय कुमार तथा रणवीर सिंह भी दिखायी देंगे. इसमें दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ भी दिखायी देंगे. यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होगी.
- **स्त्री 2 :** 2018 में आयी हॉरर-कॉमेडी फिल्म ''स्त्री'' के इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में फिल्म के पहले वाले कलाकार राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना ही दिखेंगे. यह 30 अगस्त को रिलीज होगी.
- **जिगरा :** आलिया भट पॉप संस्कृति वाली कहानियों के लिए पहचाने जाने वाले फिल्म निर्माता वासन बाला के साथ पहली बार किसी फिल्म में काम करेंगी. यह फिल्म 27 सितंबर को रिलीज होगी.
- **वेलकम टू द जंगल :** वेलकमशृंखला की इस तीसरी फिल्म में एक बार फिर अक्षय कुमार दिखायी देंगे. सितारों से सजी इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं और यह 20 दिसंबर को रिलीज होगी.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग कर छात्र बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद। एजुकेशन रिपोर्टर

बिजली और इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के अध्ययन और अनुप्रयोग से संबंधित है इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग. इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन इंस्टॉलेशन स्टैंडर्ड्स को विकसित करने के लिए विस्तृत गणना करते हैं. वे उत्पादों को विकसित करने या सुधारने के लिए विद्युत शक्ति का उपयोग करने के लिए नए तरीके तैयार करते हैं. वे ग्राहकों के जरूरतों को स्पेशलाइजेशन करते हैं और विद्युत प्रणाली योजना विकसित करने के लिए आवश्यकताओं क्षमता और लागत का निर्धारण करते हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर के रूप में आपको डिजिटल व एनालॉग ब्रॉडकास्ट और डेटा, उपग्रह संचार, माइक्रोप्रोसेसर, माइक्रोवेव इंजीनियरिंग, एंटीना, संचार उपकरण, सर्किट से संबंधित आदि काम करने को मिलता है.

## क्यों करें इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग

- इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स का उपयोग हर रोज बढ़ता ही जा रहा है, इसलिए इसमें अच्छे करियर की संभावना अधिक है.
- एक इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर का वेतन अनुभव और शैक्षणिक योग्यता के आधार पर भिन्न हो सकता है. लेकिन पे स्केल के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर की भारत में अनुमानित सालाना सैलरी 1.73-10 लाख होती है.
- इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर के रूप में आप कॉरपोरेट बिजनेसेज, कंसल्टिंग फर्म्स, टीचिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंजीनियरिंग फर्म, ऑटोमोटिव इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में कार्य करके अपने अनुभव को बढ़ा सकते हैं.

## स्किल्स

- कॉम्प्लेक्स प्रॉब्लम- सॉल्विंग स्किल्स
- मेथोडिकल माइंड
- टेक्नोलॉजी में स्ट्रॉन्ग इंट्रेस्ट
- कम्युनिकेशन स्किल्स
- स्ट्रॉन्ग आईटी स्किल्स
- टाइम मैनेजमेंट
- टीम वर्क
- प्रभावी ढंग से काम को प्राथमिकता देने और योजना बनाने की क्षमता
- एक्टिव लर्निंग
- इनोवेटिव थिंकिंग
- टेक्निकल नॉलेज
- प्रॉब्लम- सॉल्विंग स्किल्स
- ऑपरेशन स्किल्स
- ऑर्गनाइजेशनल स्किल्स
- इंटरपर्सनल स्किल्स





## कोर्सेज

- एक उम्मीदवार भारत में एक स्ट्रीम के रूप में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के साथ डिप्लोमा, यूजी डिग्री, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री और डॉक्टरेट कोर्सेज में से कोई भी चुन सकता है. विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग कोर्सेज इस प्रकार है:
- **इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कोर्स :** यह 3 साल का कोर्स है जिसे उम्मीदवार 10वीं कक्षा पास करने के बाद कर सकते हैं. न्यूनतम 50% कुल अंकों के साथ डिप्लोमा पूरा करने के बाद, छात्र दूसरे वर्ष के यूजी में सीधे प्रवेश के लिए पात्र होंगे.
- **यूजी कोर्स (बैचलर्स ऑफ टेक्नोलॉजी) :** इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक छात्रों को औद्योगिक कार्यों के लिए आवश्यक व्यापक टेक्निकल ट्रेनिंग प्राप्त करने में मदद करेगा. कोर्स की अवधि चार साल की होती है.
- **पीजी कोर्स (मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी) :** ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद यह दो साल का कोर्स होता है. पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज से छात्र को इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में स्पेशलाइजेशन हासिल करने और इंडस्ट्री का ज्ञान हासिल करने में मदद मिलेगी.
- **डॉक्टरेट कोर्स (पीएचडी) :** पीएचडी कोर्स उन उम्मीदवारों के लिए है, जिन्होंने पूरी अवधि के दौरान न्यूनतम 50% अंकों के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स में पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा किया है.

## भारतीय यूनिवर्सिटीज

- यूपीईएस देहरादून
- एलपीयू जालंधर
- जैन यूनिवर्सिटी,बैंगलोर
- केएल यूनिवर्सिटी गुंटूर
- एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई
- एनआईआईटी यूनिवर्सिटी,नीमराना
- जीडी गोएंका यूनिवर्सिटी, गुड़गांव
- जीएनए यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी
- बीएमएल मुंजाल यूनिवर्सिटी, गुड़गांव

## जॉब अलर्ट

### 1. महाराष्ट्र जेल विभाग ने क्लर्क स्टेनोग्राफर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है

एजुकेशन क्वालिफिकेशन – महाराष्ट्र जेल विभाग क्लर्क स्टेनोग्राफर टीचर भर्ती 2023 के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त संस्था से 10वीं 12वीं/ आईटीआई डिप्लोमा / स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना चहिये. विभाग का नाम – महाराष्ट्र कारागृह विभाग

- **पद नाम** – क्लर्क स्टेनोग्राफर टीचर
- संख्या – 255
- योग्यता – 10वीं
- नौकरी का स्थान – महाराष्ट्र जेल विभाग
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 1 -21 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – http://www.mahaprisons.gov.in
- आयु सीमा- 18 से 38
- महाराष्ट्र जेल विभाग भर्ती 2023 रिक्त पदों का विवरण
- क्लर्क – 125
- सीनियर क्लर्क – 31
- स्टेनोग्राफर – 04
- मिश्रक – 27
- टीचर – 21
- डायरेक्टर ऑफ सेविंग – 10
- डायरेक्टर ऑफ़ कारपेंट्री – 10
- लेबोरेटरी टेक्नीशियन – 08
- बेकरी डायरेक्टर – 04
- डायरेक्टर ऑफ़ वीविंग – 02
- टेनरी डायरेक्टर – 02
- डायरेक्टर ऑफ मशीनरी – 02
- तानाकार – 06

### 2. ओडिशा लोक सेवा आयोग ( ओपीएससी) ने वेटरनरी सहायक सर्जन के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है

एजुकेशन क्वालिफिकेशन – मान्यता प्राप्त संस्था से पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में स्नातक की डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए

- संगठन का नाम – ओडिशा लोकसेवा आयोग
- पद नाम – वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन, अतिरिक्त वेटरनरी असिस्टेंट सर्जन
- पद – 539
- नौकरी का स्थान – ओडिशा
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 25 जनवरी– 26 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – http://www.opsc.gov.in

### 3. राजस्थान लोक सेवा आयोग ( आरपीएससी) ने विधि रचनाकार के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है

शैक्षणिक योग्यता – भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से कानून में बैचलर डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए तथा बीए स्नातक परीक्षा में हिंदी व अंग्रेजी विषय अनिवार्य है.

- संगठन – राजस्थान लोक सेवा आयोग
- पद नाम – विधि रचनाकार
- पद संख्या – 09
- अधिसूचना – जारी
- नौकरी का स्थान – राजस्थान
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 5 जनवरी– 4 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – rpsc.rajasthan.gov.in
- आयु सीमा- 21 से 40 वर्ष

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)